सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

31 मार्च 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

संघ सरकार (वाणिज्यिक)
2019 का प्रतिवेदन संख्या 18
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों
के सामान्य प्रयोजन वित्तीय प्रतिवेदन
(अनुपालन लेखापरीक्षा)

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

31 मार्च 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

संघ सरकार (वाणिज्यिक)

2019 का प्रतिवेदन संख्या 18

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों

के सामान्य प्रयोजन वित्तीय प्रतिवेदन

विषय सूची

प्राक्कथन			v
कार्यकारी सार			vii
अध्याय I	**केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का वित्तीय निष्पादन**		
	1.1	प्रस्तावना	1
	1.2	सरकारी कंपनियों एवं निगमों में निवेश	5
	1.3	सरकारी कम्पनियों और निगमों में निवेश पर प्रतिफल	16
	1.4	हानि उठाने वाले सीपीएसई	23
	1.5	सरकारी कम्पनियों की प्रचालन दक्षता	25
अध्याय II	**सीएजी की निरीक्षण भूमिका**		
	2.1	सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की लेखापरीक्षा	32
	2.2	सीएजी द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति	32
	2.3	सीपीएसई द्वारा लेखाओं का प्रस्तुतीकरण	32
	2.4	सीएजी का निरीक्षण-लेखाओं की लेखापरीक्षा और अनुपूरक लेखापरीक्षा	35
	2.5	सीएजी की निरीक्षण भूमिका के परिणाम	37
	2.6	लेखाकरण मानकों/इंडएएस के प्रावधानों का अननुपालन	60
	2.7	प्रबन्धन पत्र	65
अध्याय III	**निगमित अभिशासन**		
	3.1	निगमित अभिशासन	66
	3.2	निदेशक बोर्ड का गठन	68
	3.3	स्वतन्त्र निदेशको की नियुक्ति एवं कार्यचालन पद्धति	71
	3.4	निदेशकों के पदों की भर्ती-कार्यकारी, गैर-कार्यकारी, स्वतंत्र	77
	3.5	लेखापरीक्षा समिति	79
	3.6	अन्य समितियां	82
	3.7	चेतावनी तंत्र	84
	3.8	संबद्ध पक्षों से संबंधित नीति	84
	3.9	वेबसाइट पर सूचना का प्रकटन	85

	3.10	अनुपालन रिपोर्ट	85
	3.11	निष्कर्ष	85
	3.12	सिफारिश	86
अध्याय IV	**कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व**		
	4.1	प्रस्तावना	87
	4.2	लेखापरीक्षा उद्देश्य	88
	4.3	लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र और कवरेज	89
	4.4	लेखापरीक्षा मापदंड	89
	4.5	लेखापरीक्षा निष्कर्ष	90
	4.6	निष्कर्ष	113
अध्याय V	**प्रशासनिक मंत्रालयों और मिनीरत्न सीपीएसई के बीच समझौता ज्ञापन का विश्लेषण**		
	5.1	प्रस्तावना	114
	5.2	एमओयू नीति के कार्यान्वयन के लिए संस्थागत व्यवस्था	114
	5.3	निष्पादन आकलन और रेटिंग के लिए एमओयू लक्ष्य	116
	5.4	एमओयू स्कोर और रैंकिंग	117
	5.5	विश्लेषण का कवरेज	117
	5.6	विश्लेषण का उद्देश्य	118
	5.7	लेखापरीक्षा निष्कर्ष	118
	5.8	निष्कर्ष और सिफारिशें	131
अध्याय VI	**चयनित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों में भारतीय लेखांकन मानकों (चरण-II के अंतर्गत) के कार्यान्वयन का प्रभाव**		
	6.1	प्रस्तावना	133
	6.2	इंड एएस का कार्यान्वयन	134
	6.3	लेखापरीक्षा उद्देश्य	135
	6.4	लेखा परीक्षा कार्यक्षेत्र	136
	6.5	लेखापरीक्षा कार्यपद्धति	136
	6.6	इंड एएस के पहली बार अपनाये जाने की समीक्षा	136
	6.7	2017-18 में निगमित कंपनियों द्वारा इंड ए एस का अपनाया जाना	138
	6.8	चयनित प्रमुख क्षेत्रों पर इंड एएस के कार्यान्वयन का	138

		प्रभाव	
	6.9	निष्कर्ष	152
अध्याय VII	**सीपीएसई द्वारा अनुसंधान और विकास पर व्यय**		
	7.1	प्रस्तावना	154
	7.2	लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र	154
	7.3	लेखापरीक्षा उद्देश्य	155
	7.4	लेखापरीक्षा मापदंड	155
	7.5	लेखापरीक्षा निष्कर्ष	155
	7.6	निष्कर्ष	171
	7.7	सिफारिशें	171
अध्याय VIII	**सीपीएसई में विनिवेश**		
	8.1	भारत सरकार की विनिवेश नीति	173
	8.2	वर्ष 2017-18 की बजट घोषणाएं	174
	8.3	वर्ष 2017-18 के दौरान सीपीएसई के विनिवेश का लक्ष्य तथा उपलब्धि	175
	8.4	आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ)	178
	8.5	बिक्री की पेशकश (ओएफएस)	181
	8.6	शेयरों की वापसी खरीद	189
	8.7	नीतिगत विनिवेश	191
	8.8	नया एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (नया ईटीएफ)	195
	8.9	विशेष राष्ट्रीय निवेश निधि (एसएनआईएफ)	199
	8.10	न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानक	201
	8.11	गैर-सूचीबद्ध सीपीएसई के सूचीकरण की धीमी गति	204
परिशिष्ट			207

प्राक्कथन

सरकारी कम्पनियों के लेखाओं को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) से 143(7) के प्रावधानों के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (सीएजी) द्वारा लेखापरीक्षा की जाती है। सीएजी द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) ऐसी कम्पनियों के लेखाओं को प्रमाणित करते हैं जो सीएजी द्वारा पूरक लेखापरीक्षा के अधीन है। सीएजी सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर अपनी टिप्पणी प्रकट करते हैं अथवा पूरक व्यवस्था करते हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 सीएजी को सांविधिक लेखापरीक्षकों को उस विधि के विषय में निर्देश जारी करने का अधिकार देता है जिसमें कम्पनी के लेखाओं की लेखापरीक्षा की जाएगी।

2. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, इनलैंड वाटरवेज अर्थारिटी ऑफ इंडिया, भारतीय खाद्य निगम तथा दामोदार घाटी निगम नाम के पांच निगमों के संदर्भ में सीएजी एकमात्र लेखापरीक्षक है। सीएजी को केन्द्रीय वेयरहाऊसिंग निगम के संदर्भ में कानून के अन्तर्गत नियुक्त सनदी लेखाकारों द्वारा लेखापरीक्षा किए जाने के पश्चात अनुपूरक लेखापरीक्षक करने का अधिकार है।

3. नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक (कर्त्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 की धारा 19-ए के तहत सरकार को प्रस्तुत करने के लिए 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए एक सरकारी कम्पनी या निगम के लेखाओं पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट तैयार की गई है, जैसा 1984 में संशोधित किया गया था।

4. इस रिपोर्ट में समीक्षित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के लेखे वर्ष 2015-16, 2016-17 तथा 2017-18 (प्राप्ति की सीमा तक) के लेखाओं को शामिल किया गया है। ऐसे सीपीएसई जहां 30 सितंबर 2018 से पूर्व किसी विशिष्ट वर्ष के लेखे प्राप्त नहीं किए गए थे, के संबंध में, पिछले वर्ष लेखापरीक्षित लेखाओं के आंकड़े लिए गए हैं।

5. कुछ सीपीएसई के संदर्भ में, पिछले वर्ष के आंकड़े अनंतिम आंकड़ों के लेखापरीक्षित/संशोधित आंकड़ों में प्रतिस्थापन के कारण 2018 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट संख्या 18 में दर्शाए गए तदनुरूप आंकड़े से मेल नहीं खा सकते।

6. यदि इस संदर्भ में कोई अन्य परामर्श न दिया जाए तो इस रिपोर्ट में 'सरकारी कम्पनियों/निगमो या सीपीएसई' के सभी संदर्भों को 'केन्द्रीय सरकारी कम्पनियों/निगमों' से संबंधित समझा जाएं।

कार्यकारी सार

I. केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों का वित्तीय निष्पादन

31 मार्च 2018 को भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 644 केन्द्रीय सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) थे। इसमें 450 सरकारी कंपनियां, 188 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियां तथा 06 सांविधिक निगम शामिल थे। यह प्रतिवेदन 420 सरकारी कम्पनियों तथा निगमो (06 सांविधिक निगमों सहित) तथा 165 सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों की चर्चा करता है। इस प्रतिवेदन में 59 सीपीएसई (23 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों सहित) शामिल नहीं है, जिनके लेखे तीन वर्ष या अधिक से बकाया थे या समाप्त/परिसमापनाधीन थे या प्रथम लेखे प्राप्त नहीं हुऐ थे या देय नहीं थे।

[पैरा 1.1.3]

भारत सरकार द्वारा निवेश

420 सरकारी कम्पनियों तथा निगमों के लेखाओं ने दर्शाया कि भारत सरकार (जीओआई) ने शेयर पूंजी में ₹ 3,57,064 करोड़ का निवेश किया था। 31 मार्च 2018 तक भारत सरकार द्वारा दिए गए ऋण की ₹ 88,479 करोड़ की राशि बकाया थी। पिछले वर्ष की तुलना में, भारत सरकार द्वारा सीपीएसई की इक्विटी में निवेश में ₹ 35,038 करोड़ की निवल वृद्धि दर्ज की तथा 2017-18 के दौरान बकाया ऋण ₹ 5,978 करोड़ तक बढ़ा।

[पैरा 1.2 और 1.2.1]

बाजार पूंजीकरण

31 मार्च 2018 तक उन 47 सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियों (05 सहायक कम्पनियों सहित) के शेयरो का कुल बाजार मूल्य ₹ 14,42,216 करोड़ था जिसके शेयरों को 2017-18 के दौरान विक्रय किया गया था। 31 मार्च 2018 तक 42 सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियों

(05 सहायक कम्पनियों को छोड़कर) में भारत सरकार द्वारा धारित शेयरो का बाजार मूल्य ₹ 13,63,194 करोड़ था।

[पैरा 1.2.4]

इक्विटी पर प्रतिफल

231 सरकारी कम्पनियों तथा निगमो द्वारा 2017-18 के दौरान अर्जित लाभ ₹ 1,66,197 करोड़ था जिसका 71.83 *प्रतिशत* (₹ 1,19,379 करोड़) योगदान तीन क्षेत्रों अर्थात पेट्रोलियम, कोयला तथा लिग्नाइट तथा विद्युत में 52 सरकारी कम्पनियों तथा निगमों द्वारा किया गया था। 2016-17 में 215 सीपीएसई में 13.82 *प्रतिशत* की तुलना में इन 231 सीपीएसई में 2017-18 में इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) 13.16 *प्रतिशत* था।

[पैरा 1.3.1]

101 सरकारी कम्पनियों तथा निगमों ने वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 70,562 करोड़ के लाभांश की घोषणा की। इसमें से भारत सरकार द्वारा प्राप्त/प्राप्य लाभांश ₹ 42,229 करोड़ था जो सभी सरकारी कम्पनियों तथा निगमों में भारत सरकार द्वारा कुल निवेश (₹ 3,57,064 करोड़) पर 11.83 *प्रतिशत* प्रतिफल का द्योतक है।

पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत 14 सरकारी कम्पनियों ने ₹ 28,859 करोड़ का योगदान दिया जो सभी सरकारी कम्पनियों तथा निगमों द्वारा घोषित कुल लाभांश का 40.90 *प्रतिशत* का द्योतक है।

53 सीपीएसई द्वारा लाभांश की घोषणा पर भारत सरकार के निर्देश का अननुपालन करने के फलस्वरूप वर्ष 2017-18 के लिए भारत सरकार को भुगतान किए गए लाभांश में ₹ 9,417.75 करोड़ की कमी हुई।

[पैरा 1.3.2]

158 सीपीएसई ऐसे थे जिन्होंने वर्ष 2017-18 के दौरान हानि उठाई थी। इन कम्पनियों द्वारा 2016-17 में ₹ 33,574 करोड़ की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 41,420 करोड़ की हानि वहन की गई।

[पैरा 1.4]

निवल सम्पत्ति/संचित हानि

31 मार्च 2018 तक ₹ 1,42,309.28 करोड़ की संचित हानि वाली 184 सरकारी कम्पनियां तथा निगम थी। इनमें से 77 कम्पनियों की निवल सम्पत्ति उनकी संचित हानियों द्वारा पूर्ण रूप से क्षरित हो गई थी। इसके फलस्वरूप 31 मार्च 2018 तक इन कम्पनियों की कुल निवल सम्पत्ति ₹ 83,122.38 करोड़ तक नकारात्मक हो गई थी। वर्ष 2017-18 के दौरान इन 77 कम्पनियों में से केवल 12 ने ₹ 1344.45 करोड़ का लाभ अर्जित किया था।

[पैरा 1.4.1]

सूचीबद्ध सीपीएसई का निजी कंपनियों के साथ निष्पादन

पिछले पाँच वर्षों के दौरान 36 सीपीएसई के निष्पादन की तुलना पाँच मानदण्डों पर (आरओई, आरओसीई, ईपीएस, पी/ई रेशो और आईसीआर) समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियों के साथ की गई। यह देखा गया कि 36 कंपनियों में से आरओई, आरओसीई, ईपीएस, पी/ई रेशो और आईसीआर क्रमश: 16,15,26,29 और 17 सीपीएसई में निम्न स्तर पर थे।

[पैरा 1.5.3]

निवेश के वर्तमान मूल्य आधार पर रिटर्न

25 सीपीएसई के संदर्भ में भारत सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य (पीवी) का परिकलन किया गया जोकि भारत सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य पर रिटर्न/ हानि की दर के आंकलन में आठ या अधिक वर्षों से घाटे में है का निवेश के ऐतिहासिक मूल्यों से तुलना की गई। 31 मार्च 2018 को भारत सरकार के निवेश का वर्तमान मूल्य ₹ 1,12,958.30 करोड़ था जिसके प्रति रिटर्न ₹ (-)21,145.73 करोड़ था।

[पैरा 1.5.4]

II. सीएजी की निरीक्षण भूमिका

सीएजी के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अधीन 638 सीपीएसई में से (छ: वैधानिक निगमो को छोड़कर), 540 सीपीएसई से समय पर (अर्थात 30 सितम्बर 2018 तक) वर्ष 2017-18 के वित्तीय विवरण प्राप्त किए गए। जबकि 4 सीपीएसई से वित्तीय विवरण देय नही थे, 94 सीपीएसई के वित्तीय विवरण विभिन्न कारणों से बकाया थे।

[पैरा 2.3.2]

540 सीपीएसई जिनसे वित्तीय विवरण समय पर प्राप्त हुए थे, में से 386 सीपीएसई में अनुपूरक लेखापरीक्षा की गई थी।

[पैरा 2.5.1]

87 सीपीएसई में तीन चरणीय लेखापरीक्षा के परिणामस्वरुप, लाभप्रदत्ता और परिसंपत्तियों /देनदारियों के मूल्य में क्रमश: ₹ 5786.43 करोड और ₹ 9831.24 करोड़ का परिवर्तन हुआ।

तीन सीपीएसई ने अपने वित्तीय विवरणों और 35 सीपीएसई के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने वार्षिक सामान्य बैठक में वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत करने से पूर्व अपने लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में संशोधित किया था। इसके अतिरिक्त, वित्तीय विवरणों में त्रुटियां उजागर करने वाली विभिन्न टिप्पणियां भी जारी की गई थी।

चयनित सीपीएसई के वित्तीय विवरणों पर जारी की गई महत्वपूर्ण टिप्पणीयों का वित्तीय प्रभाव लाभ प्रदता तथा परिसंपत्तियों/ उत्तरदायित्व पर क्रमश: ₹ 2,374.62 करोड़ और ₹ 51,014.59 करोड़ रहा।

[पैरा 2.5.1]

सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा वित्तीय विवरणों की तैयारी में लेखाकरण मानकों/इंड एएस के प्रावधानों से 14 सीपीएसई में विचलनों को देखा गया था। सीएजी ने भी 17 सीपीएसई में ऐसे विचलनों को बताया था।

[पैरा 2.6]

अनुपूरक लेखापरीक्षा के दौरान वित्तीय रिपोर्टों में अथवा रिपोर्टिंग प्रक्रिया में अनियमितताओं और कमियों को देखा गया जो कि महत्वपूर्ण आपत्तियां नहीं थी, 'प्रबंधन पत्र' के माध्यम से सुधारात्मक कार्रवाई के लिए 98 सीपीएसई के प्रबंधन को सूचित की गई थीं।

[पैरा 2.7]

III. कॉरपोरेट अभिशासन

कॉर्पोरेट अभिशासन की समीक्षा में विभिन्न मंत्रालयों के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत 52 सूचीबद्ध सीपीएसई को शामिल किया गया। कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों:

डीपीई दिशानिर्देशों, कॉर्पोरेट अभिशासन से सम्बन्धित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के विनियम यद्यपि अनिवार्य थे परन्तु कुछ सीपीएसई द्वारा उनका अनुपालन नहीं किया जा रहा था। वर्ष के दौरान निर्धारित दिशानिर्देशों से निम्नलिखित महत्वपूर्ण विचलन देखे गए थे:

- दो सीपीएसई में गैर-कार्यकारी निदेशकों की संख्या निदेशक बोर्ड में कुल संख्या के 50 *प्रतिशत* से भी कम थी। एमएमटीसी लि. के बोर्ड में कोई महिला निदेशक नहीं थी।

  [पैरा 3.2.1 और 3.2.3]

- 24 सीपीएसई में स्वतंत्र निदेशकों के प्रतिनिधित्व की अपेक्षित संख्या कम थी तीन सीपीएसई के निदेशक बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

  [पैरा 3.2.2]

- 42 सीपीएसई में बोर्ड बैठक/ बोर्ड समिति बैठक में स्वतंत्र निदेशक उपस्थित नहीं हुए तथा 19 सीपीएसई में सामान्य बैठक में स्वतंत्र निदेशक उपस्थित नहीं हुए।

  [पैरा 3.3.4 और 3.3.5]

- दो सीपीएसई में स्वतंत्र निदेशकों की पृथक बैठके आयोजित नहीं की गई थी और 13 सीपीएसई में स्वतंत्र निदेशक पृथक बैठक में उपस्थित नहीं हुए थे।

  [पैरा 3.3.6.1 और 3.3.6.2]

- 13 सीपीएसई में स्वतंत्र निदेशकों की रिक्तियों को समय पर नहीं भरा गया था 15 सीपीएसई में कार्यकारी निदेशकों की रिक्तियों को समय पर नहीं भरा गया था।

  [पैरा 3.4.1 और 3.4.2]

- स्कूटरर्स इंडिया लिमिटेड को छोड़कर सभी समीक्षागत सीपीएसई ने लेखापरीक्षा समिति का गठन किया, वहीं लेखापरीक्षा समीति में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या चार सीपीएसई में निर्धारित संख्या से कम थी।

  [पैरा 3.5.1]

- दो सीपीएसई में व्हिसल ब्लोअर क्रियाविधि नहीं थी।

  [पैरा 3.7]

IV. कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

10 मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत समीक्षा में 82 सीपीएसई (7 महारत्न, 14 नवरत्न, 44 मिनीरत्न और 17 अन्य) को शामिल किया गया। समीक्षा के दौरान एक वर्ष की अवधि मार्च 2018 समाप्ति तक शामिल की गई थी। समीक्षा में निम्नलिखित महत्वपूर्ण अभ्युक्तियाँ की गयी थी:

[पैरा 4.3]

- 7 सीपीएसई यथा एंट्रिक्स, बीएलआई, जीजीएल, एचएससीसी, आईआईएफसीएल, जेसीआई और एनएचडीसी द्वारा समिति में कोई स्वतंत्र निदेशक नामित नहीं किया गया।

[पैरा 4.5.1.2]

- जेसीआई की कोई सीएसआर पालिसी नहीं थी।

[पैरा 4.5.1.3]

- ईसीजीसी और एनटीपीएल दो सीपीएसई ने वार्षिक सीएसआर बजट तैयार नहीं किया था।

[पैरा 4.5.1.4]

- छः सीपीएसई यथा सीसीआईएल, हुडकों, केपीएल, एनसीएल, पीएफसीएल, यूसीआईएल द्वारा सीएसआर के प्रति निधियों का कम आबंटन किया गया।

[पैरा 4.5.2.1]

- 48 सीपीएसई ने वर्ष के दौरान सीएसआर निधियों का पूरा उपयोग किया और 34 सीपीएसई ने सीएसआर निधियों का पूरा उपयोग नहीं किया।

[पैरा 4.5.2.3]

- 4 सीपीएसई यथा कॉनएयर, आईटीपीओ, केआरसीएल और एनटीपीवीएनएल ने वर्ष के दौरान सीएसआर की अग्रेनीत की गयी राशि खर्च नहीं की थी।

[पैरा 4.5.2.4]

- सीएसआर के लिए लेखांकन पर निर्देश टिप्पणी के उल्लंघन में बीडीएल, भेल और पीएचएल ने क्रमश: ₹ 9.58 करोड़, ₹ 31 करोड़ और ₹ 2.20 करोड़ की सीमा तक व्यय नहीं की गयी राशि के लिए प्रावधान किया गया। एएआई, ईसीजीसी, एचएससीसी और आईओसी ने क्रमश: ₹ 61.72 करोड़, ₹ 2.25 करोड़, ₹ 1.44 करोड़ और ₹ 1.32 करोड़ की राशि की सीएसआर के लिए आरक्षित निधि का सृजन किया है।

[पैरा 4.5.2.4.1]

- 2017-18 में 82 सीपीएसई द्वारा सीएसआर कार्यों पर कुल व्यय ₹ 3,338.60 करोड़ था। पेट्रोलियम क्षेत्र ने सीएसआर पर ₹ 1,416.12 करोड़ की अधिकतम राशि का व्यय किया।

[पैरा 4.5.2.6 एवं 4.5.2.9]

- बीडीएल ने अधिशेष सीएसआर निधि (₹ 9.59 करोड़) को सावधि जमा में निवेश कर इस पर अर्जित ब्याज को सीएसआर निधि में पुनर्निवेश के बजाय व्यवसाय से आय स्वरूप माना।

[पैरा 4.5.2.11]

- सीएसआर के तहत व्यय स्वास्थ्य पर केन्द्रित था (32.66 *प्रतिशत*) जिसके बाद शिक्षा पर केन्द्रित था (31.98 *प्रतिशत*)।

[पैरा 4.5.3.3]

- 73 सीपीएसई ने स्वच्छ भारत (एसबी) पर ₹ 1,019.16 करोड़ का व्यय किया जो कि कुल् सीएसआर व्यय का 30.52 *प्रतिशत* है। डीपीई निर्देशों के अनुसार सीपीएसई को अक्टूबर 2019 तक 33 *प्रतिशत* सीएसआर निधियों को स्वच्छ भारत मिशन के साथ एसबी पर व्यय करना था। एसबी पर 2.48 *प्रतिशत* तक की कमी थी। 26 सीपीएसई ने 33 *प्रतिशत* से अधिक व्यय किया था और 47 सीपीएसई ने 33 *प्रतिशत* से कम व्यय किया था।

[पैरा 4.5.3.5(1)]

- बीपीसीएल ने नेशनल आयल म्यूजियम को ₹ 14.83 करोड़ की राशि का योगदान दिया है।

[पैरा 4.5.3.5(4)]

V. प्रशासनिक मंत्रालयों और मिनीरत्न सीपीएसई के बीच समझौता ज्ञापन का विश्लेषण

लेखापरीक्षा ने 17 'मिनिरत्न' कम्पनियों और उनके संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों के बीच वर्ष 2016-17 और 2017-18 के एमओयू का विश्लेषण किया है।

[पैरा 5.5]

एमओयू दिशानिर्देशों में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय समकक्ष संस्थाओं के संदर्भ में के मानदण्ड निर्धारित करना अधिदेशित था जिसे 11 सीपीएसईज द्वारा लागू नहीं किया गया था।

[पैरा 5.7.3]

यद्यपि एमओयू दिशानिर्देशों में सीपीएसईज़ को उनके बोर्ड पर गैर अधिकारिक निदेशकों के पदों को भरने के लिए और स्वतंत्र और महिला निदेशकों के संबंध में सूचीबद्ध समझौता और कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन हेतु एमओयू में प्रशासनिक मंत्रालय से आवश्यक प्रतिबद्धता शामिल करने के लिए अधिदेशित किया गया था, तथापि पाँच सीपीएसईज में स्वतंत्र और महिला निदेशकों के कुछ पद खाली पडे थे।

[पैरा 5.7.4]

वर्ष 2016-17 के लिए एमओयू दिशानिर्देशों में आठ अतिरिक्त पात्रता मानदंडों का अनुपालन अनिवार्य था। किसी एक शर्त के अनुपालन में विफलता के परिणामस्वरूप सीपीएसई की रेटिंग को 'उत्कृष्ट' से घटाकर 'बहुत अच्छा' कर दिया जाएगा। लेखापरीक्षा ने पाया कि 10 सीपीएसईज़ के निदेशक बोर्ड ने वर्ष 2016-17 के लिए एमओयू का मूल्यांकन प्रस्तुत करते समय डीपीई दिशानिर्देशों के गलत अनुपालन को प्रमाणित किया था। डीपीई ने इन मामलों को दिशानिर्देशों के अनुपालन में मानते हुए पाँच सीपीएसईज़ के अंक नहीं काटे, जिसके परिणामस्वरूप दो सीपीएसईज़ को बहुत

अच्छा के बजाय उत्कृष्ट के रूप में अधि मूल्यांकन किया गया जिसके कारण पीआरपी के अधिक भुगतान का प्रभाव हुआ।

[पैरा 5.7.6, 5.7.7 और 5.7.8]

VI. चयनित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्धमों में भारतीय लेखांकन मानकों (चरण-।। के तहत) के कार्यान्वयन का प्रभाव

कारपोरेट मामला मंत्रालय ने भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) को अधिसूचित किया था जो वित्तीय वर्ष 2016-17 से चरणबद्ध तरीके में कम्पनियों के लिए लागू थे। चरण-। में, महारत्न, नवरत्न, मिनिरत्न कम्पनियों वाली 67 सीपीएसई जिन्होंने 01 अप्रैल 2016 से अपने वित्तीय विवरणों को तैयार करने में इंड एएस अपनाया था, के वित्तीय विवरणों को केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में भारतीय लेखांकन मानकों के कार्यान्वयन के प्रभाव की समीक्षा हेतु चुना गया और इन निष्कर्षों को 2018 की रिपोर्ट सं. 18 में शामिल किया गया था। मौजूदा अध्ययन में 25 सीपीएसई कवर किए गए है जिन्हें चरण-।। में इंड एएस अपनाने की आवश्यकता थी या जिन्होनें 2017-18 के दौरान इंड एएस को स्वेच्छा से अपनाया था। इन सीपीएसई में इंड एएस के कार्यानवयन का उनके राजस्व, कर पश्चात लाभ (पीएटी), निवल सम्पत्ति और सीपीएसई की कुल परिसम्पत्तियों पर प्रभाव की समीक्षा की गई थी। 31 मार्च 2017 तक इंड एएस के अनुसार मूल्यों की तुलना करके प्रभाव का आकलन किया गया था जिसकी तुलना उस तिथि को भारतीय सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत (आईजीएएपी) के अनुसार तदनुरूपी मूल्यों के साथ की गई थी।

[पैरा 6.1, 6.4 और 6.5]

कर पश्चात लाभ (पीएटी) पर प्रभाव

इंड एएस अपनाने के परिणामस्वरूप, 10 सीपीएसई में पीएटी में ₹ 17.79 करोड़ की वृद्धि देखी गई थी। इसके विपरीत, छ: सीपीएसई में ₹ 240.04 करोड़ की पीएटी में गिरावट पाई गई थी। पीएटी में ₹ 236.34 करोड़ की अधिकतम गिरावट महाराष्ट्र मैट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड में देखी गई थी जबकि पीएटी में ₹ 7.56 करोड़ की अधिकतम वृद्धि हंसन मैंगलोर रेल डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटैड में देखी गयी थी।

[पैरा 6.8.1]

राजस्व पर प्रभाव

समीक्षा की गई 25 सीपीएसई में से नौ सीपीएसई में इंड एएस अपनाने के परिणामस्वरूप राजस्व का समायोजन किया गया था। इसमें से, 6 सीपीएसई में राजस्व में ₹ 258.80 करोड़ की मूल्य वृद्धि और 3 सीपीएसई में ₹ 110.98 करोड़ कुल परिसंपत्तियों के मूल्य की कमी बताई गई थी। ₹ 218.86 करोड़ की अधिकतम वृद्धि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में देखी गई थी जबकि ₹ 110.71 करोड़ की अधिकतम कमी इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड में देखी गई थी।

[पैरा 6.8.3]

कुल परिसम्पत्तियों पर प्रभाव

इंड एएस अपनाने के परिणामस्वरूप् कुल परिसम्पत्तियों के मूल्य के समायोजन पर 25 सीपीएसई में से 15 सीपीएसई की समीक्षा की गई थी। उसमें से, नौ सीपीएसई ने कुल परिसम्पत्तियों के मूल्य में ₹ 1,209.73 करोड़ की वृद्धि और छः सीपीएसई ने ₹ 109.48 करोड़ की कमी दर्शायी। कुल परिसम्पत्तियों के मूल्य में ₹ 1,113.11 करोड़ की अधिकतम वृद्धि हिन्दुस्तान आरर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के मामले में देखी गई थी जबकि परिसम्पत्तियों के कुल मूल्य में ₹ 69.01 करोड़ की अधिकतम कमी ब्रेथवेट बर्न एंड जेस्सोप कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड के मामले में पाई गई थी।

[पैरा 6.8.5]

निवल सम्पत्ति पर प्रभाव

इंड एएस अपनाने के परिणामस्वरूप निवल सम्पत्ति के मूल्य के आधार पर समायोजन हेतु 25 सीपीएसई में से 16 सीपीएसई की समीक्षा की गई थी। इसमें से 11 सीपीएसई में निवल सम्पत्ति में ₹ 462.33 करोड़ की कमी देखी गई और पांच सीपीएसई में निवल सम्पत्ति में ₹ 69.70 करोड़ की वृद्धि देखी गई थी। निवल सम्पत्ति में ₹ 49.75 करोड़ की अधिकतम वृद्धि हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बनस लिमिटेड के सम्बन्ध में देखी गई थी जबकि निवल सम्पत्ति में ₹ 270 करोड़ की अधिकतम कमी हिन्दुस्तान आरगेनिक केमिकल्स लिमिटेड के संबंध में देखी गई थी।

[पैरा 6.8.7]

VII. सीपीएसई द्वारा अनुसंधान और विकास पर व्यय

लेखापरीक्षा ने 2013-14 से 2017-18 की अवधि के दौरान 21 सीपीएसई (6 महारत्न, 9 नवरत्न, 3 मिनिरत्न और 3 अन्य सीपीएसई) द्वारा अनुसंधान और विकास कार्यों पर व्यय का विश्लेषण शामिल किया। लेखापरीक्षा में सम्मिलित 2013-14 से 2017-18 की अवधि के दौरान निम्नलिखित देखा गया:-

- 2013-14 से 2017-18 के दौरान 79 कम्पनी वर्षों[1] में पीएटी की प्रतिशतता के रूप में आरएंडडी व्यय एक *प्रतिशत* के निर्धारित प्रतिशतता से अधिक था जबकि 94 कम्पनी वर्षों में से 15 कम्पनी वर्षों में यह एक *प्रतिशत* से कम था।

[*पैरा 7.5.2.1*]

- डीपीई दिशानिर्देशों के उल्लंघन में नौ चयनित सीपीएसई के मामले में अगले तीन वर्षों के लिए आरएंडडी बजट इंगित नहीं किया गया था।

[*पैरा 7.5.2.2*]

- लेखापरीक्षा में शामिल किए गए सभी पांच वर्षों के दौरान आरएंडडी बजट का 100 *प्रतिशत* केवल चार सीपीएसई में ही उपयोग किया गया था और लेखपरीक्षा में शामिल किए गए पांच वर्षों में से चार वर्षों में केवल दो सीपीएसई आरएंडडी बजट का 100 *प्रतिशत* उपयोग किया था।

[*पैरा 7.5.2.2*]

- 2013-14 से 2017-18 के दौरान 4046 इन हाऊस आरएंडडी परियोजनाओं को लिया गया था जिनमें से 3595 परियोजनाएं पूरी की गई थी। 363 परियोजनाएं निर्धारित पूर्णता अवधि से काफी अधिक विलम्बित थीं, जिनमें से 80 परियोजनाओं के मामले में विलम्ब एक वर्ष से अधिक का था।

[*पैरा 7.5.3.1*]

- 2013-14 से 2017-18 के दौरान विश्वविद्यालयों/संस्थानों के सहयोग से 439 आरएंडडी परियोजनाएं प्रारंभ की गई जिनमें से 178 परियोजनाएं पूर्ण की गई

---
[1] *कम्पनी वर्ष 1 कम्पनी के लिए 1 वर्ष*

थीं। 87 परियोजनाएं निर्धारित अवधि में पूर्ण की गई थी और 91 परियोजनाएं निर्धारित अवधि से बाद पूर्ण की गई थी।

[पैरा 7.5.3.2]

- 2013-14 से 2017-18 के दौरान भेल को 198 पेटेंट प्रदान किए गए थे। अन्य नौ सीपीएसई द्वारा पेटेंट पंजीकरण के लिए फाइल किए गए 600 परियोजनाओं में से वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान केवल 49 पेटेंट प्रदान किए गए थे, जबकि वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान 11 सीपीएसई को कोई पेटेंट प्रदान नहीं किया गया था।

[पैरा 7.5.5]

- केवल दो सीपीएसई ही विकसित तकनीक से अधिक राजस्व अर्जित कर सके और पाँच सीपीएसई अल्प राजस्व अर्जित कर सके थे।

[पैरा 7.5.6.2]

VIII. सीपीएसई में विनिवेश

भारत सरकार द्वारा मौजुदा विनिवेश नीति 05 नवम्बर 2009 को लाई गई थी। लेखापरीक्षा के दौरान निम्नलिखित मुद्दे पाये गये थे:-

- वर्ष 2017-18 के लिए बजट आंकलन, संशोधित आंकलन और वास्तविक अर्जन विनिवेश प्रक्रिया के माध्यम से क्रमश: ₹ 72,500 करोड़, ₹ 1,00,000 करोड़ और ₹ 1,00,057 करोड़ था। भारत सरकार ने 36 मामलों में विभिन्न तरीकों/मार्गों के माध्यम से अपना अंश विनिवेश किया जिसमें विनिवेश प्रक्रिया के भाग के रूप में एसयूयूटीआई निवेश से आय जिसका भाग नहीं होना चाहिए था और परिणामस्वरूप ₹ 1,400 करोड़ की राशि की विनिवेश प्राप्ति अधिक बताई गई थी।

[पैरा 8.3]

- सीसीईए ने ओएफएस के माध्यम से एमएमटीसी लिमिटेड और द स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसटीसी) प्रत्येक में सरकार के अंशधारिता का 15 *प्रतिशत* विनिवेश अनुमोदित किया (13 मई 2015)। प्रस्तावित विनिवेश

21 अगस्त 2017 तक क्रियान्वित किया जाना था। तथापि, डीआईपीएएम एमएमटीसी एवं एसटीसी में विनिवेश के सीसीईए के निर्णय को निर्धारित समय सीमा में कार्यान्वित नहीं कर सका। परिणामस्वप, 21 अगस्त 2017 को प्रचलित ट्रेडिंग कीमतों के आधार पर प्रत्याशित ₹ 974 करोड़ (एमएमटीसी ₹ 836.97 करोड और एसटीसी ₹ 137.03 करेड़) की प्राप्ति नहीं हो सकी। यह पाया गया कि डीआईपीएएस अच्छी कीमतों पर शेयरों की बिक्री करने के अवसर का उपयोग नहीं कर पाया।

[पैरा 8.5.2]

- भारत सरकार ने 2017-18 के दौरान 24 सीपीएसई का नीतिगत विनिवेश अनुमोदित किया था, जिसके लिए 2017-18 के दौरान केवल एक एचपीसीएल ओएनजीसी सौदे को ही अन्तिम रूप दिया गया था। 23 सीपीएसई में सीसीईए द्वारा अनुमोदित निर्धारित समय सीमा में नीतिगत विनिवेश नहीं किया जा सका। इसके अलावा, 2018-19 के दौरान चार सीपीएसई डाईवेस्ट की गई थी जैसा कि डीआईपीएएम द्वारा बताया गया था।

[पैरा 8.7.2]

अध्याय I

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उदयमों का वित्तीय निष्पादन

1.1 प्रस्तावना

यह प्रतिवेदन सरकारी कम्पनियों, सांविधिक निगमों और सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों के वित्तीय निष्पादन प्रस्तुत करता है। शब्द केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) में कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत गठित सरकारी स्वामित्व कम्पनियाँ और संसद की संविधियों के अन्तर्गत गठित सांविधिक निगम सम्मिलित हैं।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) में एक सरकारी कम्पनी की परिभाषा ऐसी कम्पनी के रूप में दी गयी है जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी का कम से कम 51 *प्रतिशत* केन्द्र सरकार, अथवा किसी राज्य सरकार या सरकारों या आंशिक रूप से केन्द्र सरकार द्वारा तथा आंशिक रूप से एक या अधिक राज्य सरकारों द्वारा धारित है और इसमें वह कम्पनी भी शामिल है जो सरकारी कम्पनी की सहायक है।

सरकारी कम्पनियां

एक कम्पनी जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी का कम से कम 51 *प्रतिशत* केन्द्र सरकार, अथवा किसी एक या अधिक राज्य सरकारों या आंशिक रूप से केन्द्र सरकार द्वारा तथा आंशिक रूप से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार(रों) द्वारा धारित है तथा इसमें सरकारी कम्पनी की सहायक कम्पनी सम्मिलित होती है।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या सरकारों, या केंद्रीय सरकार द्वारा आशिंक रूप से और एक या अधिक राज्य सरकारों द्वारा आशिंक रूप से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वामित्व या नियंत्रण वाली किसी अन्य कंपनी[1] को इस प्रतिवेदन में सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों के रूप में दर्शाया गया है।

---

[1] *गजट अधिसूचना दिनांक 4 सितंबर 2014 के माध्यम से कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किया गया कंपनियों का (कठिनाइयों का निवारण) सातवां आदेश 2014*

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने डीपीई द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षण में बताया (दिसंबर 2018) कि सांविधिक निगमों के अलावा सीपीएसई वह सरकारी कम्पनियाँ है; जिनमें 50 *प्रतिशत* से अधिक शेयर केन्द्र सरकार द्वारा धारित था। इन कम्पनियों की सहायक कम्पनियों, यदि भारत में पंजीकृत है, को भी सीपीएसई के तौर पर श्रेणीबद्ध किया जाता है। इसमें विभागीय तौर पर चालित सार्वजनिक उद्यम, बैंकिंग संस्थान एवं बीमा कम्पनियाँ शामिल नहीं है। भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) एंव डीपीई द्वारा अंगीकृत परिभाषा में अंतर को देखते हुए, सीएजी एवं डीपीई द्वारा सीपीएसई मानी गई कम्पनियों की संख्या में अंतर हो सकता है।

1.1.1 अधिदेश

सरकारी कम्पनियों और सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) से 143(7) के प्रावधानों तथा उनके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अन्तर्गत सीएजी द्वारा की जाती है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत, सीएजी कम्पनियों के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों के रूप में सनदी लेखाकारों की नियुक्ति करता है और उस तरीके पर निर्देश देता है जिससे लेखाओं की लेखापरीक्षा की जाती है। इसके अतिरिक्त, सीएजी को अनुपूरक लेखापरीक्षा करने का अधिकार है। कुछ सांविधिक निगमों को शासित करने वाली संविधियों में उनके लेखाओं की मात्र सीएजी द्वारा लेखापरीक्षा की अपेक्षा की गई है।

भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय निर्यात-आयात बैंक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक तथा राष्ट्रीय आवास बैंक को शासित करने वाले अधिनियमों में वे प्रावधान निहित हैं जिनके द्वारा केन्द्र सरकार इन संस्थानों के लेखाओं की जांच करने और उन पर रिपोर्ट करने के लिए किसी भी समय सीएजी को लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त कर सकती है। 2017-18 के दौरान ऐसी कोई नियुक्ति नहीं की गई थी।

1.1.2 इस प्रतिवेदन में क्या है

इस प्रतिवेदन में केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों तथा निगमों के लेखाओं से प्रकट उनके वित्तीय निष्पादन की समग्र स्थिति को दर्शाया गया है।

लेखाओं के संशोधन तथा वर्ष 2017-18 (अथवा पिछले वर्षों के, जिन्हें चालू वर्ष के दौरान अन्तिम रूप दिया गया है) के लिए सीएजी द्वारा की गई सीपीएसई के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप की गई महत्वपूर्ण टिप्पणियों, का प्रभाव इस प्रतिवेदन में दिया गया है। इस प्रतिवेदन में सांविधिक निगमों के वित्तीय विवरणों पर सीएजी द्वारा जारी टिप्पणियों का प्रभाव भी निहित हैं जहां सीएजी ही एकमात्र लेखापरीक्षक है।

यह प्रतिवेदन कार्पोरेट अभिशासन पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा डीपीई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के सीपीएसई द्वारा पालन, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के पालन तथा कार्पोरेट सामाजिक दायित्व पर डीपीई द्वारा जारी दिशानिर्देशों, केंद्रीय सरकार तथा सीपीएसई के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के विश्लेषण, तथा सीपीएसई में विनिवेश, सीपीएसई द्वारा अनुसंधान और विकास पर व्यय तथा सीपीएसई की वित्तीय स्थिति पर भारतीय लेखाकरण मानक (इंड-एएस) के कार्यान्वयन के प्रभाव की स्थिति का पूर्ण चित्रण प्रस्तुत करता है।

1.1.3 सीपीएसई तथा सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों की संख्या

सरकारी कंपनियां	450
सांविधिक निगम	6
सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियां	188
कुल सीपीएसई	644

31 मार्च 2018 को नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 644 सीपीएसई थे। इनमें 450 सरकारी कंपनियां, 06 सांविधिक निगम[2] तथा 188 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियां शामिल थी। इनमें से, 585 सीपीएसई का वित्तीय निष्पादन, इस प्रतिवेदन में शामिल किया गया है और इन सीपीएसई की प्रवृत्ति निम्नलिखित तालिका 1.1 में दर्शाई गई है:

---

[2] *भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), केन्द्रीय भण्डारण निगम (सीडब्ल्यूसी), दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)।*

तालिका 1.1: इस प्रतिवेदन में शामिल सीपीएसई का कार्यक्षेत्र तथा स्वरूप

सीपीएसई की प्रवृत्ति	कुल संख्या	प्रतिवेदन में शामिल सीपीएसई की संख्या				इस प्रतिवेदन में कवर नहीं किए गए सीपीएसई की संख्या
		2017-18 तक के लेखे	निम्न तक लेखे		कुल	
			2016-17	2015-16		
सरकारी कम्पनियां	450	385	24	5	414	36
सांविधिक निगम	6	6	0	0	6	0
कम्पनियों/निगमों की कुल संख्या	456	391	24	5	420	36
सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियां	188	155	9	1	165	23
जोड़	**644**	**546**	**33**	**6**	**585**	**59**

2017-18 के दौरान सीएजी के लेखापरीक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आयी/बाहर चली गई, सरकारी कम्पनियों/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के विवरण ***परिशिष्ट I*** में दिए गए हैं।

इस प्रतिवेदन में 59 सीपीएसई (23 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों सहित) शामिल नहीं है, जिनके लेखे तीन वर्ष या अधिक से बकाया थे या समाप्त/परिसमापनाधीन थे या प्रथम लेखे प्राप्त नहीं किए गए थे या बकाया नहीं थे। इन सीपीएसई को दो सितारों (**) के द्वारा **परिशिष्ट II ए** तथा **परिशिष्ट II बी** में दर्शाया गया है।

इस प्रतिवेदन में शामिल सीपीएसई के वित्तीय निष्पादन का सार (सरकारी कम्पनियां तथा सांविधिक निगम)	
सीपीएसई की संख्या	**456**
कवर किए गए सीपीएसई	**420**
प्रदत्त पूंजी (420 सीपीएसई)[3]	**₹ 4,92,572 करोड़**
दीर्घावधि ऋण (420 सीपीएसई)	**₹ 13,35,640 करोड़**
बाजार पूंजीकरण (47 सूचीबद्ध सरकारी कंपनियां)	**₹ 14,42,216 करोड़**
निवल लाभ (231 सीपीएसई)	**₹ 1,66, 197 करोड़**

[3] *आईडब्ल्यूएआई की कॉर्पस/पूंजी को जहाजरानी तथा नौ-परिवहन के उद्देश्य हेतु अंतर्देशीय जलमार्गों के विनियमन और विकास के लिए आईडब्ल्यूएआई अधिनियम, 1985 के अनुसार स्थापित किया गया है और इससे जुड़ें या इसके अतिरिक्त प्रासंगिक मामलों हेतु, आईडब्ल्यूएआई फंड शामिल है अन्य बातों के साथ-साथ जिसमें केंद्र सरकार द्वारा दिये गए अनुदानों तथा ऋणों और प्राधिकरण द्वारा प्राप्त सभी शुल्क तथा प्रभार शामिल है। यह फंड अधिकारियों के वेतन संबंधी व्यय सहित इसके कार्यों के निर्वहन में प्राधिकरण के व्ययों को पूरा करने के लिए लागू किया जाता है। 31 मार्च 2018 तक आईडब्ल्यूएआई फंड में ₹ 998.30 करोड़ की राशि थी। प्रदत्त पूंजी/इक्विटी के रूप में इस राशि को नहीं माना गया था।*

निवल हानि (158 सीपीएसई)	₹ 41,420 करोड़
शून्य लाभ/हानि (31 सीपीएसई)[4]	
घोषित लाभांश (101 सीपीएसई)	₹ 70,562 करोड़
कुल परिसंपत्तियां (420 सीपीएसई)	₹ 46,01,008 करोड़
उत्पादन का मूल्य (420 सीपीएसई)	₹ 19,25,676 करोड़
निवल सम्पत्ति (420 सीपीएसई)	₹ 15,98,160 करोड़

1.2 सरकारी कंपनियों एवं निगमों में निवेश

31 मार्च 2018 के अंत में 420[5] सरकारी कंपनियों तथा निगमों में इक्विटी निवेश और ऋण की राशि निम्नलिखित तालिका 1.2 में दी गई है:

तालिका 1.2: सरकारी कंपनियों और निगमों में इक्विटी निवेश तथा ऋण

(₹ करोड़ में)

निवेश के स्रोत	31 मार्च 2018 तक			31 मार्च 2017 तक		
	इक्विटी	दीर्घावधिऋण	जोड़	इक्विटी	दीर्घावधिऋण	जोड़
1. केन्द्र सरकार	357064	88479	445543	322026	82501	404527
2. केन्द्र सरकार के स्वामित्व वाली कम्पनियां/निगम	55354	28483	83837	49062	25294	74356
3. राज्य सरकारों/राज्य सरकार के स्वामित्व वाली कम्पनियां/निगम	29424	16327	45751	26547	11411	37958
4. वित्तीय संस्थाएँ और अन्य	50730	1202351	1253081	33802	1081951	1115753
जोड़	**492572**	**1335640**	**1828212**	**431437**	**1201157**	**1632594**
कुल निवेश मेंकेन्द्र सरकार के निवेश की प्रतिशतता	72.49	6.62	24.37	74.64	6.87	24.78

[4] *420 में से, 29 सीपीएसई थे, जिन्होंने 2017-18 के दौरान कोई लाभ नहीं कमाया या कोई हानि नहीं उठाई क्योंकि या तो परिचालन प्रारंभ नहीं किये गए थे या हानि/निवल व्यय फंड या परियोजना लागत में समायोजित किए गए थे। आईडब्ल्यूएआई के मामले में, आईडब्ल्यूएआई फंड के साथ ₹ 197.92 करोड़ की निवल हानि को समायोजित किये गया था जबकि एनएचएआई अधिनियम, 1988 के अनुसार स्थापित एनएचएआई के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन हेतु और इससे जुड़े या आकस्मिक मामलों हेतु, ₹ 392.26 करोड़ की निवल हानि को इसकी नियत परिसंपत्तियों के साथ समायोजित किया गया था1 इसलिए आईडब्ल्यूएआई और एनएचएआई को 29 सीपीएसई के अतिरिक्त कोई लाभ कोई हानि नहीं वाले सीपीएसई के रूप में माना गया है।*

[5] *456 सीपीएसई-36 सीपीएसई जिनके लेखे तीन वर्षों या उससे अधिक समय से बकाया थे या समाप्त/परिसमापन के तहत थे प्रथम लेखे प्राप्त नहीं हुए थे या देय नहीं थे।*

1.2.1 इक्विटी में निवेश

2017-18 के दौरान, इस प्रतिवेदन में शामिल 420 सीपीएसई की इक्विटी के अंकित मूल्य में कुल निवेश में ₹ 61,135 करोड़ की निवल वृद्धि दर्ज की गई है। सीपीएसई में अंकित मूल्य पर केन्द्र सरकार के स्वामित्व की इक्विटी में ₹ 35,038 करोड़[6] की वृद्धि हुई। 47 सीपीएसई में ₹ 37,472 करोड़ के अंकित मूल्य के शेयर जारी करने और 27 सीपीएसई में ₹ 2,434 करोड़ के अंकित मूल्य के शेयरों के विनिवेश का निवल परिणाम ₹ 35,038 करोड़ था। वर्ष 2017-18 के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा ₹ 37,472 करोड़ के इक्विटी निवेश में ₹ 8,139 करोड़ का नया निवेश बोनस शेयर जारी करने के रूप में और इक्विटी में ऋण के संपरिवर्तन के रूप में संबंधित था जिसमें सीपीएसई को नकद प्रवाह शामिल नहीं था और ₹ 273 करोड़ का नया निवेश, बोनस शेयर, शेयरों की पुन: खरीद का प्रस्ताव विक्रय का प्रस्ताव (ओएफएस) और प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) जारी करने का निवल परिणाम था। सीपीएसई में नगद प्रवाह सहित ₹ 29,060 करोड़ की इक्विटी के अतिरिक्त निवेश के उद्देश्य की समीक्षा लेखापरीक्षा में दर्शाया गया कि 32 सीपीएसई में व्यय पूंजीगत वस्तुओं को पूरा करने के लिए यह निवेश किया गया था।

31 मार्च 2018 को समाप्त तीन वर्षों के दौरान केंद्रीय सरकार तथा अन्य द्वारा सरकारी कंपनियों तथा निगमों की इक्विटी में निवेश चार्ट I में दर्शाया गया है।

---

[6] *एयर इंडिया लिमिटेड. सहित 29 सीपीएसई के अनंतिम आंकडे इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में अपने अंतिम लेखापरीक्षित खातों के आंकडों के आधार पर शामिल किए गए हैं क्योंकि 2017-18 के खातों के लिए 30 सितम्बर 2018 की अंतिम तारीख से पहले प्रतिवेदन तैयार करने के लिए प्राप्त नहीं हुए थे। इसलिए, वर्ष 2017-18 के दौरान एयर इंडिया लिमिटेड. में केन्द्र सरकार द्वारा ₹ 1,937 करोड़ इक्विटी संचार, ₹ 37,472 करोड़ के कुल इक्विटी संचार में शामिल किया गया था।*

चार्ट I: सरकारी कंपनियों तथा निगमों की इक्विटी में निवेश



*(*पिछले वर्षों के आंकड़े 2017-18 के दौरान अद्यतित किए गए क्योंकि उस वर्ष के लेखे प्राप्त हुए थे)*

सीपीएसई की प्रदत्त पूंजी में 2017-18 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण निवेश (₹ 2,000 करोड़ से अधिक के निवेश) के ब्यौरे निम्नलिखित तालिका 1.3 में दिए गए हैं:

तालिका 1.3: केंद्रीय सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण निवेश

(₹ करोड़ में)

सीपीएसई का नाम	मंत्रालय का नाम	राशि
सांविधिक निगम		
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण	सड़क परिवहन तथा राजमार्ग	24185
सरकारी कंपनियां		
हिन्दुस्तान केबलस लिमिटेड[7]	भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम	4447
इंडियनऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड[8]	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस	2749

1.2.2 सरकारी कंपनियों तथा निगमों को दिए गए ऋण

1.2.2.1 31 मार्च 2018 तक बकाया दीर्घावधि ऋणों कीसंगणना

31 मार्च 2018 को सभी स्रोतों से 420 सीपीएसई में बकाया कुल दीर्घावधि ऋण ₹ 13,35,640 करोड़ थी। 2017-18 के दौरान, सरकारी कंपनियों और निगमों के दीर्घकालिक ऋणों में ₹ 1,34,483 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। 31 मार्च 2018 को

---

7 *ऋण का संपरिवर्तन*

8 *बोनस शेयर जारी करना*

सीपीएसई के कुल ऋणों में से केंद्र सरकार के ऋण ₹ 88,479 करोड़ थे। 17 सीपीएसई ने केन्द्र सरकार से प्राप्त ₹ 3,477 करोड़ राशि के ऋण के भुगतान में चूक की। सरकारी कंपनियों तथा निगमों में दीर्घावधि ऋणों के वर्षवार ब्योंरो को चार्ट II में दर्शाया गया है।

चार्ट II: सरकारी कंपनियों तथा निगमों में बकाया दीर्घावधि ऋण



(*पिछले साल के आंकड़े 2017-18 के दौरान अद्यतित किए गए जब उस वर्ष के लेखे प्राप्त हुए थे)

31 मार्च 2018 तक 420 सीपीएसई में से 248 सीपीएसई (एक सावंधिक निगम सहित अर्थात् सेन्ट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन) थी जिसमें कोई दीर्घकालिक ऋण नहीं था।

1.2.2.2 ऋण देनदारियों को देने के लिए संपत्तियों की पर्याप्तता

कुल परिसंपत्तियों से कुल ऋण का अनुपात यह निर्धारित करने के लिए प्रयोग की जाने वाली विधियों में से एक है कि क्या कोई कंपनी ऋण चुका सकती है या नहीं। ऋण चुकाने में सक्षम उसे माना जाए जिस सत्व की परिसंपत्तियों का मूल्य उसके ऋणों/कर्जो के कुल योग से ज्यादा है। 172 सीपीएसई में कुल परिसंपत्तियों के मूल्य से दीर्घकालिक ऋण का कवरेज जिन पर 31 मार्च 2018 तक ऋण बकाया था, को तालिका 1.4 में दिया गया है।

तालिका 1.4: दीर्घावधि ऋणों के साथ कुल परिसंपत्तियों का कवरेज

	धनात्मक कवरेज				ऋणात्मक कवरेज			
	सीपीएसई की सं.	दीर्घावधि ऋण	परि-सम्पतियां	ऋणों से परिसंपत्तियों की प्रतिशतता	सीपीएसई की सं.	दीर्घावधि ऋण	परि-संपतियां	ऋणों से परिसंपत्तियों की प्रतिशतता
		(₹ करोड़ में)				(₹ करोड़ में)		
सांविधिक निगम	5	154404	635313	411.46				
सूचीबद्ध कंपनियां	38	765967	2101735	274.39	1	238	91	38.24
असूचीबद्ध कंपनियां	114	411155	989661	240.70	14	3877	1024	26.41
कुल	**157**	**1331526**	**3726709**		**15**	**4115**	**1115**	

172 सीपीएसई में से 15 सीपीएसई के संबंध में ***(परिशिष्ट-III)*** कुल परिसंपत्तियों के मूल्य बकाया ऋणों से कम था।

1.2.2.3 ब्याज कवरेज

ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर) का प्रयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि एक कंपनी कितनी आसानी से बकाया ऋण पर ब्याज का भुगतान कर सकती हैं तथा उसी अवधि के ब्याज के व्ययों को ब्याज तथा कर से पूर्व कंपनी की आय (ईबीआईटी) से भाग करके संगणना की जाती है। जितना कम अनुपात होगा उतनी ही कम कंपनी की ऋण पर ब्याज भुगतान की योग्यता होगी। एक से नीचे कवरेज अनुपात दर्शाता है कि कंपनी ब्याज पर अपने खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त राजस्व का सृजन नहीं कर रही थी। 2015-16 से 2017-18 की अवधि के दौरान सीपीएसई के धनात्मक तथा ऋणात्मक ब्याज कवरेज अनुपात का ब्यौरा तालिका 1.5 में दिया गया हैं:

तालिका 1.5: ब्याज कवरेज अनुपात

वर्ष	ब्याज (₹ करोड़ में)	ब्याज और कर से पूर्व आय (ईबीआईटी) (₹ करोड़ में)	सीपीएसई की सं.	1 से अधिक अथवा समान ब्याज कवरेज अनुपात वाले सीपीएसई की सं.	1से कम ब्याज कवरेज अनुपात वाले सीपीएसई की संख्या
सांविधिक निगम					
2015-16	11421.23	13746.39	4	2	2
2016-17	10162.66	13388.46	5	2	3
2017-18	11833.26	14812.69	5	2	3
सूचीबद्ध सरकारी कंपनियां					
2015-16	55864.28	131511.6	38	28	10
2016-17	60935.43	159564.8	38	28	10
2017-18	63844.46	179678.4	39	29	10
असूचीबद्ध सरकारी कंपनियां					
2015-16	14239.61	24475.41	129	58	71
2016-17	16362.45	30413.05	123	61	62
2017-18	21073.92	22636.98	128	59	69

यह देखा गया था कि 2017-18 केदौरान सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों के मामले में एक से अधिक अथवा समान ब्याज कवरेज अनुपात वाले सीपीएसई की संख्या में आंशिक रूप से अभिवृद्धि हुई थी। 9[9] सीपीएसई के संबंध में, 31 मार्च 2018 को ऋणों पर देय ब्याज उनकी कुल परिसपत्तियों के मूल्य से अधिक था जो इन कंपनियों के दिवालिया होने के उच्च ज़ोखिम को दर्शाता है।

1.2.2.4 केन्द्र सरकार के ऋणों पर बकाया ब्याज का काल-वार विश्लेषण

31 मार्च 2018 तक, केन्द्र सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए 18 सीपीएसई के दीर्घावधि ऋणों पर ₹ 3881.44 करोड़ की राशि का ब्याज बकाया था। सीपीएसई मे केन्द्र सरकार के ऋणों पर बकाया ब्याज का काल-वार विश्लेषण तालिका 1.6 में दर्शाया गया है।

---

[9] *अंडमान मत्स्य पालन लिमिटेड, अंडमान एण्ड निकोबार द्वीप, वन और वृक्षारोपण विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत गोल्ड माइनस लिमिटेड, हिन्दुस्तान फोटोफील्मस् (मैनुफैक्चरिंग) कम्पनी लिमिटेड, हिन्दुस्तान वेजिटेबल ऑयलस कार्पोरेशन लिमिटेड, नेशनल बाइसिकल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, एसटीसीएल लिमिटेड, टीसीआईएल बिना टोल रोड़ लिमिटेड,टीसीआईएल एलटीआर लिमिटेड।*

तालिका 1.6: केंद्र सरकार के ऋणों पर बकाया ब्याज

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम	केंद्र सरकार के ऋण पर बकाया ब्याज	1 वर्ष से कम समय के लिए बकाया केंद्र सरकार के ऋण पर ब्याज	1 से 3 वर्ष के लिए बकाया केंद्र सरकार के ऋण पर ब्याज	3 वर्ष से अधिक समय के लिए बकाया केंद्र सरकार के ऋण पर ब्याज
1	भारत गोल्डमाइंस लिमिटेड	901.52	38.50	115.51	747.51
2	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	548.08	54.58	109.16	384.34
3	द फर्टीलाईजर एंड कैमीकल त्रावणकोर लिमिटेड	451.08	239.01	212.07	-
4	नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	443.83	46.83	93.67	303.33
5	इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड	409.64	16.99	33.97	358.68
6	ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड	359.84	0.84	4.74	354.26
7	एचएमटी मशीनस टूल्स लिमिटेड	165.02	-	106.94	58.08
8	सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	135.98	135.98	-	-
9	सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	123.85	-	-	123.85
10	हुगली डॉक एंड पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड	42.12	-	4.95	37.17
11	बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड	82.71	9.22	17.40	56.09
12	एनईपीएलि	82.51	22.13	39	21.38

13	एनएचपीसी लिमिटेड	33.92	33.92	-	-
14	हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	27.62	9.21	15.33	3.08
15	हिंदुस्तान कीटनाशक लिमिटेड	23.57	4.70	12.37	6.50
16	भारत पंप एंड कम्प्रेसर लिमिटेड	18.99	15.06	3.93	-
17	हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड	15.62	3.50	9.75	2.37
18	सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	15.54	2.30	4.72	8.52
	कुल	**3881.44**	**632.77**	**783.51**	**2465.16**

1.2.3 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों में निवेश

वर्ष 2017-18 के दौरान केंद्र सरकार, राज्य सरकारों तथा उनके द्वारा नियंत्रित कंपनियों और निगमों द्वारा 165[10] सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों में निवेशित पूंजी चार्ट III में दर्शाई गई है:

चार्ट III: सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों में शेयर पूंजी की संरचना



(₹ करोड़ में)

31 मार्च 2018 को इन सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों में इक्विटी ₹ 34,083 करोड़ थी। सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों में इक्विटी 2017-18 में ₹ 125 करोड़ तक बढ़ गई थी।

---

[10] *188-23 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियां जिनके लेखे तीन वर्ष या उससे अधिक समय से बकाया थे या समाप्त/परिसमापन के तहत थे या पहले लेखे प्राप्त नहीं हुए थे या देय नहीं थे।*

1.2.4 सरकारी कंपनियों में इक्विटी निवेश का बाजार पूंजीकरण

बाजार पूंजीकरण उन कंपनियों के शेयरों के बाजार मूल्य को प्रस्तुत करता है जिनके शेयर सूचीबद्ध है। 31 मार्च 2018 तक 66 सरकारी कंपनियां, जिनमें 53 सरकारी कंपनियां सहित 07[11] नई सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों सहित, सरकारी कंपनियों की 06 सहायक सरकारी कंपनियां और 07[12] सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों के शेयर भारत के विभिन्न स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध थे।

46 सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियों के संबंध में, (53-7 नई सूचीबद्ध सरकारी कंपनियां) 2017-18 के दौरान 43 कम्पनियों के शेयरों का व्यापार हुआ था और 3[13] कंपनियों के शेयरों का व्यापार नहीं हुआ था। सरकारी कम्पनियों की 06[14] सहायक कम्पनियों के संबंध में 05 के शेयरों का व्यापार किया गया था और वर्ष के दौरान ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शेयरों का व्यापार नहीं किया गया था।

31 मार्च 2017 को ₹ 15,12,614 करोड़ की तुलना में 47[15] सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियों (05 सहायक कम्पनियों सहित) के शेयरों का कुल बाजार मूल्य 31 मार्च 2018 को ₹ 14,42,216 करोड़ (इक्विटी निवेश ₹ 79,999 करोड़) था। 31 मार्च 2017 की तुलना में 31 मार्च 2018 तक शेयरों का कुल बाजार मूल्य ₹ 70,398 करोड़ (4.65 *प्रतिशत)* तक घट गया था। अधिकतम बाजार पूंजीकरण वाले क्षेत्र प्रट्रोलियम (₹ 6,59,144 करोड़), पावर (₹ 2,82,813 करोड़), कोल एण्ड लिग्नाइट (₹ 1,88,797 करोड़) थे। शेयरों के बाजार मूल्य में उच्चतम वृद्धि परिवहन सेवा क्षेत्र परिवहन सेवा क्षेत्र (15.51 *प्रतिशत*), इस्पात क्षेत्र (14.71 *प्रतिशत*) और निर्माण सेवा क्षेत्र (10.60 *प्रतिशत*) में देखी गई तथा

---

11 *(1) भारत डायनैमिक लिमिटेड, (2) कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, (3) जनरल इंश्योरेंश कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, (4) हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, (5) हाऊसिंग एंड अर्बन डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (6) मिश्र धातु निगम लिमिटेड और (7) न्यू इंडिया एशयोरेंश कंपनी लिमिटेड।*

12 *(1) इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड, (2) इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड, (3) पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड, (4) बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड, (5) उड़ीसा खनिज विकास कंपनी लिमिटेड, (6) तमिलनाडु दूरसंचार लिमिटेड, (7) भारतीय पर्यटन वित्त निगम लिमिटेड।*

13 *2017-18 के दौरान (1) हिंदुस्तान केबल्स लिमिटेड (2) हिन्दुस्तान फोटो-फिल्म्स (मैनुफैक्चरिंग) कम्पनी लिमिटेड (3) इरकॉन इंटरनेशनल के शेयर विक्रय नहीं किए गए थे।*

14 *एचपीसीएल में केद्र सरकार की हिस्सेदारी 2017-18 के दौरान पूरी तरह से ओएनजीसी को हस्तांतरित हो गई। यह कंपनी अब एक सहायक कंपनी है।*

15 *बीएसई में 2017-18 के दौरान केआईओसीएल के शेयर विक्रय किए गए थे परंतु 2016-17 में नहीं किए गए थे। इसलिए, कंपनी के लिए बाजार पूंजीकरण आंकड़े चालू वर्ष और पिछले वर्ष के बीच तुलना हेतु शामिल नहीं किए गए थे।*

शेयरों के बाजार मूल्यों में उच्चतम गिरावट वित्तीय सेवा क्षेत्र (32.52 *प्रतिशत*), भारी उद्योग क्षेत्र (25.14 *प्रतिशत*) और दूरसंचार सेवाएं (21.46 *प्रतिशत*) में देखी गई। 31 मार्च 2018 तक 42 सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियों (05 सहायक कम्पनियों को छोड़कर) के शेयरों का बाजार मूल्य ₹ 13,63,194 करोड़ पर स्थिर था जिनमें से केंद्र सरकार द्वारा धारित शेयरों के बाजार मूल्य की राशि ₹ 8,84,978 करोड़ थी।

इस अवधि के दौरान, एस एंड पी बीएसई सेंसेक्स[16] 31 मार्च 2017 को 29,620.50 से 11.3 *प्रतिशत* बढ़कर 31 मार्च 2018 को 32,968.68 हो गया। एस एंड पी बीएसई-सीपीएसई इन्डैक्स[17] 31 मार्च 2017 को 1,657.00 से 31 मार्च 2018 को 1591.37 से 3.96 *प्रतिशत* घट गया था।

इन 47 सक्रिय सूचीबद्ध सीपीएसई की बाजार पूंजीगत की पिछले पाँच वर्षों के लिए प्रवृत्तियां एस एवं पी बीएसई सैसेक्स और एस एंव पी बीएसई - सीपीएसई इंडेक्स के प्रतिरूप चार्ट IV में चित्रित है।

चार्ट IV: बीएसई सैसेक्स और सीपीएसई इंडेक्स के प्रतिरूप बाजार पूंजीगत की प्रवृत्ति





यह देखा गया कि 47 सक्रिय सूचीबद्ध सीपीएसई के बाजार पूंजीकरण की प्रवृततियां 2013-14 से 2016-17 तक समरूप थी जब उनकी एसपी बीएसई सैसेंक्स और एसपी सीपीएसई इंडेक्स से ही गई। हालांकि 2017-18 में इन सीपीएसई के शेयरों का बाजार मूल्य 4.65 प्रतिशत (₹ 15,12,614 करोड़ से ₹ 14,42,216 करोड़ तक) घट गया जबकि

[16] *एस एंड पी बीएसई सेंसेक्स की गणना मुख्य भागों में बड़े सुव्यवस्थित और वित्तीय रूप से सुदृढ़ 30 घटक स्टॉक दर्शाते हुए बाजार पूंजीकरण भारित पद्धति पर की जाती है।*

[17] *एस एंड पी बीएसई सीपीएसई इन्डेक्स में बीएसई में सूचीबद्ध मुख्य सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम शामिल होते हैं।*

एसपी बीएसई सैसेंक्स 11.3 *प्रतिशत* बढ़ा (29,620.50 से 32,968.68 तक) यद्यपि उसी अवधि के दौरान एसपी बीएसई-सीपीएसई इंडेक्स 3.96 *प्रतिशत* घटा (1657.00 से 1591.37 तक)।

31 मार्च 2018 तक 05 सहायक सरकारी कम्पनियों के शेयरों का बाज़ार मूल्य जिन, शेयरों का व्यापार 2017-18 के दौरान हुआ था, ₹ 79,022 करोड़ पर स्थिर रहा था। 31 मार्च 2017 की तुलना में 31 मार्च 2018 तक पाँच सरकारी सहायक कम्पनियों में सरकारी कम्पनियों द्वारा धारित शेयरों का कुल बाजार मूल्य ₹ 1,169 करोड़ तक घट गया था। 31 मार्च 2018 को अधिकतम बाजार पूंजीकरण वाले शीर्ष 10 सीपीएसई तालिका 1.7 में दिए गए हैं:

तालिका 1.7: उच्चतम बाजार पूंजीकरण वाले सीपीएसई

(₹ करोड़ में)

क्रम सं.	सीपीएसई का नाम	बाजार पूंजीकरण
1	ऑयल एंड नैचूरल गैस निगम लिमिटेड	2,28,175
2	कोल इंडिया लिमिटेड	1,75,980
3	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1,71,219
4	एनटीपीसी लिमिटेड	1,39,925
5	पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1,01,414
6	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	92,833
7	गेल (इंडिया) लिमिटेड	74,101
8	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	52,442
9	एनएमडीसी लिमिटेड	37,539
10	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	34,611

31 मार्च 2018 को 47 सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों में से 15 सीपीएसई[18] के संबंध में बाजार पूंजीकरण में वृद्धि हुई थी। बाजार पूंजीकरण में ₹ 1,000 करोड़ से अधिक की वृद्धि वाले सीपीएसई तालिका 1.8 में दिए गए हैः

[18] *एण्ड्रयु एण्ड यूल कंपनी लिमिटेड, बाल्मर लॉरी इन्वेस्टमैंट कंपनी लिमिटेउ, कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड, इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, आई टी आई लिमिटेड, एमआईएल लिमिटेड, मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड, मैंगलोर रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड।*

तालिका 1.8: ₹ 1,000 करोड़ से अधिक के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि वाले सीपीएसई

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	31 मार्च 2017 को बाजार पूंजीकरण	31 मार्च 2018 को बाजार पूंजीकरण	पूंजीकरण में अंतर
1	गेल (इंडिया) लिमिटेड	63,669	74,101	10,432
2	कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	24,782	30,313	5,531
3	आईटीआई लिमिटेड	3,979	8,595	4,616
4	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	25,278	28,996	3,718
5	एनटीपीसी लिमिटेड	1,36,833	1,39,925	3,092
6	एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड	15,489	17,131	1,642

डीआईपीएएम द्वारा मई 2016 में जारी दिशानिर्देशों में परिकल्पित था कि प्रत्येक सीपीएसई जहां इसके शेयर की बाजार मूल्य या बुक मूल्य इसके अंकित मूल्य से 50 गुणा अधिक हों, को उचित रूप से अपने शेयरों को विभाजित करना चाहिए बशर्ते कि शेयर का इसका मौजूदा अंकित मूल्य ₹ 1 के बराबर या अधिक हो। तथापि, तालिका 1.9 में दिए गए सीपीएसई ने इन दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया (30 सितम्बर 2018)।

तालिका 1.9: शेयरों दिशानिर्देशों के विभाजनका पालन न करने वाले सीपीएसई

सीपीएसई का नाम	31 मार्च 2018 तक अंकित मूल्य (₹)	31 मार्च 2018 तक बाजार मूल्य (₹)	31 मार्च 2018 तक बुक मूल्य (₹)	50 गुणा अंकित मूल्य (₹)	अधिक बाजार मूल्य (₹)
बीईएमएल लिमिटेड	10	1044.15	514.22	500	544.15
ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	10	581.60	551.47	500	81.60

1.3 सरकारी कम्पनियों और निगमों में निवेश पर प्रतिफल

1.3.1 सीपीएसई द्वारा अर्जित लाभ

लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या 2016-17 में 215 (37 सीपीएसई जोड़ी गई और 21 सीपीएसई हटाई गई) की तुलना में 2017-18 में 231 थी। अर्जित लाभ 2016-17 में ₹ 1,59,006 करोड़ से 2017-18 में ₹1,66,197 करोड़ बढ़ गया था। हालांकि 2016-17 में 215 सीपीएसई में 13.82 *प्रतिशत* की तुलना में 2017-18 में 231 सीपीएसई का इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) 13.16 *प्रतिशत* था। सभी 420 सीपीएसई में इक्विटी पर

प्रतिफल अर्थात् 2017-18 में 158 हानि उठाने वाली और 31 शून्य लाभ वाली कंपनियों को सम्मिलित करते हुए 7.77 *प्रतिशत* था।

2015-16 से 2017-18 के दौरान लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या चार्ट-IV में दर्शाई गई हैं:

चार्ट V: लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई की संख्या



(*2017-18 के दौरान पिछले वर्षों के आंकड़ों को अद्यतित किया गया था जब उस वर्ष के लेखे प्राप्त हुए थे)

वर्ष 2017-18 के दौरान अधिकतम लाभ देने वाले शीर्ष 3 क्षेत्रों का ब्यौरा नीचे तालिका 1.10 में सारांशीकृत किया गया हैः

तालिका 1.10: वर्ष 2017-18 के दौरान अधिकतम लाभ देने वाले शीर्ष 3 क्षेत्र

क्षेत्र	लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या	अर्जित निवल लाभ (₹करोड़ में)	कुल सीपीएसई लाभ से लाभ की प्रतिशतता
पेट्रोलियम			
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	8	65993	39.71
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	7	3291	1.98
उप-जोड़ (ए)	15	69284	41.69
विद्युत			
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	4	22573	13.58
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	27	5774	3.47

उप-जोड़ (बी)	31	28347	17.06
कोयला एवं लिग्नाईट			
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	2	11142	6.70
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	4	10606	6.38
उप-जोड़ (सी)	6	21748	13.09
जोड़ (ए+बी+सी)	**52**	**119379**	**71.83**

2016-17 के दौरान 49 सीपीएसई द्वारा 74.38 *प्रतिशत* योगदान की तुलना में इन तीन क्षेत्रों में 52 सीपीएसई द्वारा 2017-18 के दौरान सीपीएसई के कुल लाभ के 71.83 *प्रतिशत* ₹ 1,19,379 करोड़ के निवल लाभ का योगदान दिया गया था।

23 सीपीएसई द्वारा ₹ 30,823 करोड़ के निवल लाभ का योगदान दिया गया था जो कि रक्षा, कोयला, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्यरत थे जो बाजार प्रतिस्पर्धा के लिए खोले नहीं गए थे। इससे 2017-18 के दौरान सभी 231 सीपीएसई में ₹ 166,197 करोड़ के कुल लाभ का 18.55 *प्रतिशत* हो गया था। 2017-18 में इन 23 सीपीएसई के आरओई प्रतिस्पर्धी परिस्थिति में कार्य कर रही 208 सीपीएसई में 11.71 *प्रतिशत* की तुलना में 29.05 *प्रतिशत* था।

31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के दौरान 165 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनिया में से, 117 कंपनियों ने ₹ 7,663 करोड़ का लाभ अर्जित किया था। इन 117 सीपीएसई का आरओई, 2017-18 में 4.52 *प्रतिशत* था। 165 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों में आरओई 3.88 *प्रतिशत* था।

वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 5,000 करोड़ से अधिक का लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई की सूची तालिका 1.11 में दी गई है:

तालिका 1.11: ₹ 5,000 करोड़ से अधिक लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई की सूची

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	निवल लाभ
1	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	21346
2	ऑयल एण्ड नैचुरल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	19945
3	एनटीपीसी लिमिटेड	10343
4	कोल इंडिया लिमिटेड	9293
5	पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	8253
6	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	7919
7	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	6357
8	पॉवर फाईनैंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5855
	कुल	**89311**

यह देखा जा सकता है कि इन 8 सीपीएसई ने 2017-18 के दौरान 231 सीपीएसई द्वारा कुल अर्जित लाभ के 53.73 *प्रतिशत* का योगदान किया।

1.3.2 सीपीएसई द्वारा लाभांश भुगतान

अर्जित लाभ और घोषित लाभांश का विवरण तालिका 1.12 में दिया गया है:

तालिका 1.12: अर्जित लाभ और घोषित लाभांश

श्रेणी	सीपीएसई द्वारा घोषित लाभांश			
	सीपीएसई की संख्या	प्रदत्त पूंजी (₹ करोड़ में)	निवल लाभ (₹ करोड़ में)	घोषित लाभांश (₹ करोड़ में)
सांविधिक निगम	2	725	2858	862
सूचीबद्ध कंपनियां	40	72987	130088	58627
असूचीबद्ध कंपनियां	59	62821	19956	11073
कुल	**101**	**136533**	**152902**	**70562**

2017-18 में लाभांश की घोषणा करने वाले 101 सीपीएसई थे। इन सीपीएसई द्वारा अर्जित निवल लाभ की प्रतिशतता के रूप में घोषित लाभांश 2016-17 में 51.87 *प्रतिशत* से घट कर 2017-18 में 42.46 *प्रतिशत* हो गया था, निरपेक्ष दृष्टि से, सीपीएसई द्वारा 2017-18 में घोषित लाभांश में पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 11,921 करोड़ की कमी हुई है। चार्ट-VI में अर्जित निवल लाभ की तुलना में घोषित लाभांश को दर्शाया गया है और

सीपीएसई को पूंजी का भुगतान किया गया जो पिछले तीन वर्षों के दौरान घोषित लाभांश था।

चार्ट VI: निवल लाभ और प्रदत्त पूँजी की तुलना में घोषित लाभांश (₹ करोड़ में)



वर्ष 2017-18 के लिए 101 सीपीएसई द्वारा घोषित ₹ 70,562 करोड़ के कुल लाभांश में से, केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश 86,365 करोड़ वाली 74 सीपीएसई से प्राप्त/प्राप्य लाभांश ₹ 42,229 करोड़ था (48.90 *प्रतिशत*)। 420 सीपीएसई की इक्विटी पूंजी में केंद्र सरकार द्वारा किए गए ₹ 3,57,064 करोड़ के कुल निवेश पर प्रतिफल 2016-17 के दौरान 14.67 *प्रतिशत* की तुलना में 11.83 *प्रतिशत* था। इसी प्रकार 35 सीपीएसई ने 2017-18 में अन्य सीपीएसई में इक्विटी धारिता पर ₹ 25,230 करोड़ की प्रदत्त पूंजी पर लाभांश के रूप में ₹ 11,580 करोड़ प्राप्त किए।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन 14 सीपीएसई ने ₹ 28,859 करोड़ का लाभांश घोषित किया जो 2017-18 में 101 सीपीएसई द्वारा घोषित ₹ 70,562 करोड़ के कुल लाभांश का 40.90 *प्रतिशत* था।

मई 2016 में डीआईपीएएम द्वारा जारी दिशानिर्देशों में यह परिकल्पित था कि प्रत्येक सीपीएसई, वर्तमान कानूनी प्रावधानों के तहत अधिकतम अनुमत लाभांश के अध्यधीन, कर के पश्चात् लाभ के 30 प्रतिशत या निवल सम्पत्ति के 5 प्रतिशत जो भी अधिक हो, के वार्षिक लाभांश भुगतान करेगा। तथापि, 53 सीपीएसई (17 सूचीबद्ध सीपीएसई और 01 सांविधिक निगम सहित) ने सरकार द्वारा निर्धारित लाभांश घोषित नहीं किया था,

जैसा कि ***परिशिष्ट-IV*** में दिया गया है। इसके कारण 2017-18 में इसके संबंध में कुल कमी ₹ 9,417.75 करोड़ थी।

165[19] सरकार नियंत्रित कंपनियों में से 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के दौरान 117 कंपनियों ने ₹7,663 करोड़ का लाभ अर्जित किया। इन 117 कंपनियों में से 47 ने ₹ 1,178 करोड़ की राशि का लाभांश घोषित किया जो ₹ 13,470 करोड़ की इसकी प्रदत्त पूंजी के 8.74 *प्रतिशत* का प्रतिनिधित्व करती थी। 47 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों जिन्होने 2017-18 के दौरान लाभांश घोषित किया था, का क्षेत्र वार वर्गीकरण तालिका 1.13 में दिया गया है:

तालिका 1.13: सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों द्वारा घोषित लाभांश

क्षेत्र	कम्पनियों की सं.	प्रदत्त पूंजी (₹ करोड़ में)	निवल लाभ (₹ करोड़ में)	घोषित लाभांश (₹ करोड़ में)
कोयला और लिग्नाइट	1	2188	146	22
अनुबंध और निर्माण सेवाएँ	2	250	230	23
वित्तीय सेवाएं	28	4495	2044	527
औद्योगिक विकास और तकनीकी परामर्श	4	14	18	3
बीमा	1	1000	1150	200
पेट्रोलियम	4	777	182	81
विद्युत	4	4506	1073	281
दूरसंचार सेवाएं	1	35	45	2
ट्रेडिंग और मार्केटिंग	1	41	23	6
परिवहन सेवाएं	1	164	49	33
कुल	**47**	**13470**	**4960**	**1178**

1.3.3 सीपीएसई की इक्विटी पर प्रतिफल

इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई)[20] शेयरधारकों की इक्विटी के द्वारा निवल आय को विभाजित करके संगणना की गई कंपनियों के वित्तीय निष्पादन की एक माप है।

[19] *188-23 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियां जिनके लेखे तीन वर्ष या इससे अधिक समय से बकाया थे या समाप्त/परिसमाप्त के तहत या प्रथम लेखे प्राप्त नहीं हुए थे या देय नहीं थे।*

[20] *इक्विटी पर प्रतिफल = (कर और वरीयता लाभांश/इक्विटी के बाद निवल लाभ)*100 जहां इक्विटी = प्रदत्त पूंजी + निर्बाध आरक्षित निधियां-संचित हानि-आस्थगित राजस्व व्यय)*

सीपीएसई क्षेत्र-वार आरओई जहां 2017-18 के दौरान क्षेत्र की कुल इक्विटी ₹ 10,000 करोड़ से अधिक है, को नीचे तालिका 1.14में दर्शाया गया है।

तालिका 1.14: ₹ 10000 करोड़ तथा अधिक की कुल इक्विटी के साथ क्षेत्रों की इक्विटी पर प्रतिफल

क्र. सं.	क्षेत्र	2015-16 के दौरान आरओई	2016-17 के दौरान आरओई	2017-18 के दौरान आरओई
1	पेट्रोलियम	12.06	13.72	13.40
2	विद्युत	9.41	9.31	9.81
3	परिवहन सेवाएं	-0.32	-1.08	-1.12
4	इश्योरेंस	3.20	0.52	3.66
5	वित्तीय सेवाएं	12.53	8.68	9.25
6	दूरसंचार सेवाएँ	-13.55	-7.93	-12.77
7	इस्पात	-6.91	-9.38	-3.88
8	खनिज औ रधातु	7.71	9.67	13.76
9	कोयला एवं लिग्नाइट	77.16	58.29	38.67
10	भारी उद्योग	-3.44	2.41	5.15
11	परिवहन उपकरण	14.71	18.67	15.24
12	संविदा एवं विनिर्माण सेवाएं	12.46	11.83	12.48

तालिका 1.15: एकाधिकार[21] वाली सीपीएसई और गैर-एकाधिकार वाली सीपीएसई के बीच आरओई की तुलना को दर्शाती है।

तालिका 1.15: सीपीएसई की इक्विटी पर प्रतिफल की एकाधिकार बनाम गैर-एकाधिक की तुलना

वर्ष	एकाधिकार सीपीएसई		गैर-एकाधिकार सीपीएसई	
	सीपीएसई की संख्या	आरओई	सीपीएसई की संख्या	आरओई
2015-16	50	1.52	326	10.37
2016-17	53	1.87	346	9.72
2017-18	54	1.43	366	9.14

[21] *एकाधिकार बाजार संरचना का अर्थ हे जो एक एकल विक्रेता की विशेषता को बताता है, जो बाजार में एक विशिष्ट उत्पाद विक्रय करते है। एकाधिकार बाजार में, विक्रेता कोई प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं करते, चूंकि वह वस्तुओं का एकमात्र विक्रता है जिसके पास कोई विकल्प नहीं है। एक सीपीएसई को एकाधिकार के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि भौगोलिक क्षेत्र में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, जिसमें यह संचालित होता है (अर्थात् कोकण रेलवे कॉर्पोरेशन)।*

यह देखा जा सकता है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान गैर-एकाधिकार वाले सीपीएसई की तुलना में एकाधिकार वाले सीपीएसई के आरओई महत्वपूर्ण रूप से कम था।

1.4 हानि उठाने वाले सीपीएसई

158 सीपीएसई को वर्ष 2017-18 के दौरान हानि हुई थी। इन सीपीएसई द्वारा 2016-17 के दौरान उठाई गई हानि ₹ 33,574 करोड़ से बढ़ कर 2017-18 में ₹ 41,420 करोड़ हो गई जिसका तालिका 1.16 में विवरण दिया गया है।

तालिका 1.16: 2017-18 के दौरान हानियां उठाने वाले सीपीएसई की संख्या

सूचीबद्ध/असूचीबद्ध वर्ष	हानि उठाने वाले सीपीएसई की संख्या	वर्ष के लिए निवल हानि (₹ करोड़ में)	संचित हानि (₹ करोड़ में)	निवल सम्पत्ति[22] (₹ करोड़ में)
सांविधिक निगम				
2015-16	1	1143	0	13268
2016-17	1	907	0	12891
2017-18	1	847	0	12144
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां				
2015-16	12	11830	30268	76207
2016-17	11	10168	28481	18253
2017-18	12	8292	40433	9146
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां/निगम				
2015-16	127	18696	72576	91953
2016-17	142	22499	79890	137640
2017-18	145	32281	90212	131401
जोड़				
2015-16	**140**	**31669**	**102844**	**181428**
2016-17	**154**	**33574**	**108371**	**168784**
2017-18	**158**	**41420**	**130645**	**152691**

158 सीपीएसई में कुल ₹ 41,420 करोड़ का घाटा हुआ जिसमे रक्षा, कोयला और परमाणु ऊर्जा क्षेत्रों में कार्यरत 12 सीपीएसई द्वारा ₹ 6,239 करोड़ का योगदान था जोकि बाजार प्रतिस्पर्धा हेतु मुक्त नहीं थी।

---

[22] *निवल मूल्य का अर्थ है प्रदत्त शेयर पूंजी तथा मुक्त आरक्षित निधि तथा अधिशेष ककम संचित हानि तथा आस्थगित राजस्व व्यय का कुल जोड। मुक्त आरक्षित निधि का अर्थ है लाभों तथा शेयर प्रीमियम लेखा में से सृजित सभी आरक्षितों परन्तु परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा मूल्यह्रास प्रावधान के प्रतिलेखन में से सृजित आरक्षितों को शामिल नहीं किया गया है।*

वर्ष 2017-18 के दौरान तालिका 1.17 में सूचीबद्ध सीपीएसई द्वारा ₹ 1,000 करोड़[23] से अधिक की हानि वहन की गई।

तालिका 1.17: 2017-18 के दौरान ₹ 1,000 करोड़ से अधिक की हानि उठाने वाले सीपीएसई

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	निवल हानि
1	भारत संचार निगम लिमिटेड	8002
2	वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड	3902
3	हिंदुस्तान फोटोफिल्मस (मैन्युफैक्चरिंग) कंपनी लिमिटेड	3402
4	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	2973
5	ओएनजीसी पेट्रो एडीशन लिमिटेड	2219
6	नेशनल इन्शोरेंस कंपनी लिमिटेड	2171
7	भारत कोकिंग कोल लिमिटेड	1391
8	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	1369
9	इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड	1155
10	आईएफसीआई लिमिटेड	1009

165 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों में से, 46 कंपनियों को वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 960.57 करोड़ की हानि हुई।

1.4.1 सरकारी कम्पनियों में पूंजी क्षरण

31 मार्च 2018 तक 184 सीपीएसई जिनकी संचित हानि ₹ 1,42,309.28 करोड़ थी। वर्ष 2017-18 के दौरान 184 सीपीएसई में से 130 सीपीएसई ने ₹ 21,755.26 करोड़ की हानि वहन की तथा वर्ष 2017-18 में 54 सीपीएसई ने हानि नहीं उठाई थी यद्यपि उन्हें ₹ 11,664.68 करोड़ की संचित हानि हुई थी। 184 सीपीएसई में से 66 ठप्प होने/ समापन/ परिशोधन/ नीतिगत विनिवेश के अधीन थी।

184 सीपीएसई में से 77 की निवल संपत्ति संचित हानि द्वारा पूरी तरह क्षरित हो गई थी और उनकी निवल संपत्ति या तो शून्य या नकारात्मक थी। इन 77 सीपीएसई की

---

[23] 2017-18 के लिए लेखाओं के रूप में इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए हुए अपने अंतिम लेखापरीक्षित लेखाओं से एयर इंडिया लिमिटेड (एआईएल) के आकडों का सम्मिलित करते हुए 29 सीपीएसई के अंनतिम आंकड़े में कट-ऑफ तिथि से पहले अर्थात 30 सितम्बर 2018 में रिपोर्ट तैयार करने से पहले प्राप्त नहीं हुए थे। तथापि, ₹ 5348 करोड़ कीनिवल हानि को इस प्रतिवेदन मे शामिल नहीं किया गया।

निवल संपत्ति 31 मार्च 2018 को ₹ 40,155.73 करोड़ इक्विटी निवेश के प्रति ₹ (-)83,122.38 करोड़ थी। इसमें छः सूचीबद्ध कम्पनियां शामिल हैं जिनकी निवल संपत्ति ₹ 6,685.50 करोड़ के इक्विटी निवेश के प्रति ₹ (-)32,606.92 करोड़ थी। 77 सीपीएसई जिनकी पूंजी क्षरित हुई थी (शून्य अथवा नकारात्मक निवल सम्पत्ति होने पर), में से केवल 12 सीपीएसई ने 2017-18 के दौरान ₹ 1344.45 करोड़ का लाभ प्राप्त किया था। ***(परिशिष्ट-V)***

77 सीपीएसई में से 20, जिनकी पूंजी क्षरित हुई थी की बकाया सरकारी ऋण की राशि 31 मार्च 2018 को ₹ 6,044.99 करोड़ थी। इसमें ₹ 1,877.34 करोड़ के बकाया सरकारी ऋण वाली दो सूचीबद्ध कम्पनियां शामिल है।

संभावित वित्तीय रूग्णता दर्शाते हुए 341 सीपीएसई, जिनकी निवल संपत्ति सकारात्मक थी, में से 25 सीपीएसई की निवल संपत्ति 31 मार्च 2018 के अंत में उनकी प्रदत्त पूंजी के आधे से कम थी।

1.5 सरकारी कम्पनियों की प्रचालन दक्षता

1.5.1 उत्पादन का मूल्य

तीन वर्ष की अवधि के दौरान 420 सीपीएसई में उत्पादन का मूल्य, कुल परिसम्पत्तियों तथा नियोजित पूंजी को दर्शाने वाला सार चार्ट VII में दिया गया है:

चार्ट VII: उत्पादन का मूल्य, परिसम्पत्तियां और नियोजित पूंजी (₹ करोड़ में)



पिछले वर्ष की तुलना में 2017-18 में उत्पादन के मूल्य, कुल परिसम्पत्ति तथा नियोजित पूंजी में वृद्धि हुई थी।

1.5.2 नियोजित पूंजी पर प्रतिफल

नियोजित पूंजी पर प्रतिफल (आरओसीई) एक ऐसा अनुपात है जो कंपनी को लाभ प्रदता और दक्षता को मापता है जिसके साथ इसकी पूंजी नियोजित होती है। आरओसीई की संगणना नियोजित पूंजी[24] के द्वारा करो से पहले कंपनी की आय (ईबीआईटी) को विभाजित करके किया जाता है। 2015-16 से 2017-18 की अवधि के दौरान 420 सीपीएसई के आरओसीई के ब्यौरे तालिका 1.18 में नीचे दिये गए है:

तालिका 1.18: नियोजित पूंजी पर प्रतिफल

वर्ष	ईबीआईटी (₹ करोड़ में)	नियोजित पूंजी (₹ करोड़ में)	आरओसीई (%)
2015-16	256353	2477192	10.35
2016-17	273720	2689642	10.18
2017-18	291093	2935631	9.92

यह देखा गया कि वर्ष 2017-18 के दौरान 420 सीपीएसई का आरओसीई सीमांत रूप से वर्ष 2016-17 की तुलना में कम था।

1.5.3 सूचीबद्ध सीपीएसई का निजी कंपनरियों के साथ निष्पादन

36[25] सूचीबद्ध सीपीएसई के निष्पादन की तुलना पाँच अनुपात मापदण्डों (इक्विटी पर रिटर्न, नियोजन पूंजी पर रिटर्न, प्रति शेयर अर्जन, मूल्य अर्जन अनुपात और ब्याज कवरेज अनुपात) पर समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियों के साथ पिछले पाँच वर्षों 2013-14 से 2017-18 तक के लिए की गई। तुलना से निम्नलिखित परिणाम प्रकट हुए:

इक्विटी पर रिटर्न (आरओई): यह देखा गया कि 36 सूचीबद्ध सीपीएसई में से 16 के संबंध में आरओई निम्न स्तर पर थी जैसा कि पिछले पाँच वर्षों के दौरान तीन या अधिक वर्षों के लिए समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियों से तुलना की गई ***(परिशिष्ट-VI)***।

---

[24] *नियोजित पूंजी = प्रदत्त शेयर पूंजी+निर्बाध आरक्षित निधि और अधिशेष + दीर्घ अवधि ऋण - संचित हानियां - आस्थगित राजस्व व्यय*

[25] *47 सीपीएसई में से जहाँ पिछले पांच वर्षों के दौरान शेयर सक्रिय थे, 11 सीपीएसई के मामले से समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियां सूचीबद्ध नहीं पाई गई। इसी वजह से तुलना हेतु 36 सीपीएसई पर विचार किया गया।*

नियोजित पूंजी पर रिटर्न (आरओसीई): यह देखा गया कि 36 सूचीबद्ध सीपीएसई में से 15 के संबंध में आरओसीई निम्न स्तर पर थी जैसा कि पिछले पाँच वर्षों के दौरान तीन या अधिक वर्षों के लिए समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियों से तुलना की गई। ***(परिशिष्ट-VII)***

प्रति शेयर अर्जन: यह देखा गया कि 36 सूचीबद्ध सीपीएसई में से 26 के संबंध में ईपीएस निम्न स्तर पर थी जैसा कि पिछले पाँच वर्षों के दौरान तीन या अधिक वर्षों के लिए समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियों से तुलना की गई। ***(परिशष्ट- VIII)***

मूल्य अर्जन पी/ई अनुपात[26]: यह देखा गया कि 36 सूचीबद्ध सीपीएसई में से 29 के संबंध में पी/ई अनुपात निम्न स्तर पर था। पिछले पाँच वर्षों के दौरान तीन या अधिक वर्षों के लिए समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियों से तुलना की गई। ***(परिशष्ट-IX)***

ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर): यह देखा गया कि 36 सूचीबद्ध सीपीएसई में से 17 के संबंध में आईसीआर निम्न स्तर पर थापिछले पाँच वर्षों के दौरान तीन या अधिक वर्षों के लिए समान प्रकृति के कामकाज वाली निजी कंपनियों से तुलना की गई। ***(परिशष्ट-X)***

छः सीपीएसई के संबंध में, उपरोक्त सभी मापदंड पिछले सभी पाँच वर्षों के दौरान समान क्षेत्र वाली निजी कंपनियों की तुलना में निम्न स्तर पर थे।

1.5.4 निवेश के वर्तमान मूल्य के आधार पर रिटर्न

25 सीपीएसई के संबंध में केन्द्र सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य (पीवी) को परिकलित किया गया है जो, इन सीपीएसई में केन्द्र सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य पर रिटर्न/ हानि की दर के आंकलन से आठ या आठ से अधिक वर्षों के लिए घाटे में है जैसा कि निवेश के ऐतिहासिक मूल्य से तुलना की गई है। निवेश की ऐतिहासिक लागत को 31 मार्च 2018 तक प्रति वर्ष के अंत में वर्तमान मूल्य के क्रम में लाने के लिए,

[26] मूल्य अर्जन अनुपात (पी/ई अनुपात) कंपनी के निर्धारण का अनुपात है जो इसके वर्तमान शेयर मूल्य का इसके प्रति शेयर अर्जन के संबंध में मापन करता है। पी/ई अनुपात का मापन बाजार मूल्य प्रति शेयर/ अर्जन प्रति शेयर रूप होता है।

इन सीपीएसई में केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व निवेश/ वर्ष वार लाई गई निधियां केन्द्र सरकार प्रतिभूतियों पर वर्षवार भारित औसत ब्याज दर पर संयोजित हो गई है जोकि संबंधित वर्ष के लिए सरकार की निधियों की न्यूनतम लागत मानी गई है। सीपीएसई में केन्द्र सरकार के निवेश के पीवी को निम्नलिखित पूर्वानुमानों के आधार पर परिकलित किया गया:

- सीपीएसई में केन्द्र सरकार द्वारा इक्विटी ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विस्तविक संचार के अतिरिक्त सीपीएसई में केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदान/ परिचालन और प्रशासनिक खच्र के लिए यहायिका को भी केन्द्र सरकार द्वारा पूंजी डालना माना गया है।
- उन मामलों में जहाँ सीपीएसई को प्रदान किए गए ब्याज मुक्त ऋण को बाद में इक्विट में परिवर्तित कर दिया गया, इक्वटी में परिवर्तित ऋण की राशि को ब्याज मुक्त ऋण की राशि से घटाकर उस वष्र की इक्विटी में जोड़ा गया।
- विनिवेश को वष्र के अंत में कुल निवेश की गणना करते समय घटाया गया है।
- केन्द्र सरकार प्रतिभूतियों पर संबंधित वित्त वर्ष[27] के लिए भारित औसत ब्याज दर को संयोजित दर के रूप में पूर्तमान मूल्य को प्राप्त करने हेतु अंगीकृत कया गया चूंकि वे सरकार द्वारा उस वर्ष के लिए निधियों के निवेश के लिए व्यय हुई लागत को प्रदर्शित करते हैं तथा इसलिए सरकार द्वारा किए निवेश पर रिटर्न की न्यूनतम अपेक्षित दर के रूप में माना गया।
- केन्द्र सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य की गणना के उद्देश्य हेतु 2000-01 से शुरू 2017-18 तक की अवधि को, 31 मार्च 2000 तक 25 सीपीएसई में केन्द्र सरकार के निवेश को 2000-01 की शुरूआत में केन्द्र सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य के रूप में मानते हुए लिया गया है।

ऐसी घाटा वहन कर रही सीपीएसई के निष्पादन के अधिक उचित उपाय हानि के कारण निवल संपत्ति का क्षरण है। कंपनियों की पूंजी के क्षरण पर टिप्पणियां पैरा 1.4.1 में दी

[27] सरकारी प्रतिभूतियों पर भारित औसत ब्याज दर को भारतीय रिजर्व बैंक की सरकारी प्रतिभूति बाजार पर रिपोर्ट/ सरकारी ऋण पर वित्त मंत्रालय के संघ स्थिति अध्ययन पत्र से लिया गया है।

गई है। चयनित सीपीएसई में केन्द्र सरकार के 2000-01 से 2017-18 तक इक्वटी, ब्याज मुक्त ऋण अनुदान/ सहायिकी रूप में निवेश तथा निविवेश का विवरण ***परिशिष्ट-XI*** में निर्दिष्ट है। सीपीएसई में ऐसे केन्द्र सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य की समेकित स्थिति तालिका 1.19 में निर्दिष्ट है।

तालिका 1.19: 2000-01 से 2017-18 तक केन्द्र सरकार के निवेश तथा सरकारी निधियों के वर्तमान मूल्य (पीवी) का वर्षवार विवरण

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	वर्ष की शुरुआत में कुल निवेश का वर्तमान मूल्य	वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा डाली गई इक्विटी	वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा अनुदित ब्याज मुक्त ऋण	केन्द्र सरकार द्वारा परिपालन और प्रशासनिक खर्च को पूरा करने हेतु सहायता/ अनुदान	वर्ष के दौरान ब्याज मुक्त ऋण का इक्विटी में परिवर्तन	वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा विनिवेश	वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा विनिवेश	वर्ष के दौरान कुल निवेश	सरकारी प्रति भूतियों पर भारित औसत ब्याज दर	वर्ष के अंत में कुल निवेश का वर्तमान मूल्य
1	2	3	4	5	6	7	8=(3+4+5-6-7)	9= (2+8)	10	11= 9{1+(10/100)}
2000-01	7592.65	469.75	107.99	240.07	0	0	817.81	8410.46	11.00	9335.611
2001-02	9335.611	166.75	28.8	55.56	0	0	251.11	9586.721	9.40	10487.87
2002-03	10487.87	181.43	77.47	15.2	0	0	274.1	10761.97	7.30	11547.59
2003-04	11547.59	328.07	299.62	14.38	249.62	0	392.45	11940.04	5.71	12621.82
2004-05	12621.82	440.91	15.33	572.45	0	0	1028.69	13650.51	6.11	14484.56
2005-06	14484.56	287.41	184.65	20.62	0	0	492.68	14977.24	7.34	16076.57
2006-07	16076.57	777.97	78.74	79.92	0	0	936.63	17013.2	7.89	18355.54
2007-08	18355.54	727.98	260.63	19.2	0	0	1007.81	19363.35	8.12	20935.65
2008-09	20935.65	1014.22	242.37	42.79	0	0	1299.38	22235.03	7.69	23944.9
2009-10	23944.9	2039.4	30.52	37.38	0	0	2107.3	26052.2	7.23	27935.77
2010-11	27935.77	2461.92	51.89	69.22	0	0	2583.03	30518.8	7.92	32935.89
2011-12	32935.89	1904.05	328.66	59.43	85.21	0	2206.93	35142.82	8.52	38136.99
2012-13	38136.99	6815.51	222.39	72.28	0	0.18	7110	45246.99	8.36	49029.64
2013-14	49029.64	6000.08	447.3	24.71	0	67.72	6404.37	55434.01	8.39	60084.92
2014-15	60084.92	3872.57	615.85	42.96	0	55.4	4475.98	64560.9	8.51	70055.03
2015-16	70055.03	7651.97	741.42	58.97	0	0	8452.36	78507.39	7.89	84701.62
2016-17	84701.62	5726.05	1353.83	317.48	101.78	0	7295.58	91997.2	7.16	98584.2
2017-18	98584.2	6796.23	190.4	17.42	0	0	7004.05	105588.3	6.98	**112958.3**
कुल		**47662.27**	**5277.86**	**1760.04**	**436.61**	**123.3**	**54140.26**			

इन कंपनियों में केन्द्र सरकार का शेष निवेश वर्ष 2000-01 में ₹ 7,592.65 करोड़ से बढ़कर 2017-18 के अंत में ₹ 54,140.26 करोड़ हो गया जैसा कि सरकार ने आगे ₹ 47,538.97 करोड़ की राशि इक्विटी (₹ 47,662.27 - ₹ 123.30), ₹ 4,841.25 करोड़ की राशि ब्याज मुक्त ऋण (₹ 5,277.86 - ₹ 436.61) और ₹ 1,760.04 करोड़ की राशि परिचालन और प्रशासनित खर्च को पूरा करने हेतु अनुदान/ आर्थिक सहायता स्वरूप निवेश की। 31 मार्च 2018 तक केन्द्र सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य को ₹ 1,12.958 करोड़ गिना गया। वर्ष 2017-18 के दौरान इन 25 कंपनियों द्वारा निवल अर्जन ₹ (-)21,145.73 करोड़ (₹ 526.32- ₹ 21,672.05 करोड़) था। इस प्रकार, कंपनियों में केन्द्र सरकार के निवेश के वर्तमान मूल्य की राशि ₹ 1,12,958.30 करोड़ के प्रति रिटर्न ऋणात्मक ₹ (-)21,145.73 करोड़ थी।

1.5.5 बिक्री एवं विपणन

2017-18 के दौरान, 420 सीपीएसई की कुल बिक्री ₹ 21,56,441 करोड़ थी। जैसा कि वर्ष 2016-17 के दौरान 402 सीपीएसई में ₹ 19,49,214 करोड़ से तुलना की गई। इनमें से 115 सीपीएसई ने सरकारी क्षेत्रों को उनकी ₹ 10,26,134 करोड़ की निवल बिक्री के प्रति ₹ 2,35,750 करोड़ मूल्य की बिक्री की/सेवाएं प्रदान की। उनकी कुल निवल बिक्रियों के संदर्भ में सरकारी क्षेत्रों को इन 115 सीपीएसई की बिक्री की समग्र प्रतिशतता, 22.97 *प्रतिशत* बनती थी।

52 सीपीएसई थे जिन्होंने ₹ 73,620 करोड़ मूल्य की माल सेवाओं का निर्यात किया था। (यह उनकी ₹ 12,12,266 करोड़ की कुल निवल बिक्री राशि का 6.07 *प्रतिशत* था।)। जिसके प्रति इन सीपीएसई द्वारा कुल आयात ₹ 2,72,037 करोड़ था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1,98,417 कर निवल आयात रहा (2016-17 में ₹ 2,30,895 करोड़)।

420 सीपीएसई द्वारा की गई ₹ 21,56,441 करोड़ की कुल बिक्री के प्रति 52 सीपीएसई द्वारा निर्यात बिक्री 3.41 *प्रतिशत* थी। ₹ 5,000 करोड़ से अधिक निर्यात बिक्री वाले सीपीएसई तालिका 1.20 में दिए गए है:

तालिका 1.20: 2017-18 के दौरान ₹ 5,000 करोड़ से अधिक के निर्यात बिक्री वाले सीपीएसई

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम	निर्यात बिक्री
1	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	24353
2	मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	16996
3	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड	7799
जोड़		**49148**

इन चार सीपीएसई की निर्यात बिक्री सभी सीपीएसई के कुल निर्यात का 66.76 *प्रतिशत* है।

अध्याय II

सीएजी की निरीक्षण भूमिका

2.1 सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की लेखापरीक्षा

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 139(5) एवं (7) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) सरकारी कम्पनी एवं सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति करते है। भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के पास अनुपूरक लेखापरीक्षा करने तथा सांविधिक लेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का अनुपूरक जारी करने या उस पर टिप्पणी जारी करने का अधिकार है। कुछ निगमों को शासित करने वाली संविधियों में अपेक्षा है कि उनके लेखाओं की लेखापरीक्षा सीएजी द्वारा की जाए तथा प्रतिवेदन संसद को प्रस्तुत किया जाए।

2.2 सीएजी द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के अन्तर्गत एक सरकारी कम्पनी या सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनी के मामले में सांविधिक लेखापरीक्षक वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने से 180 दिनों की अवधि के अन्तर्गत सीएजी द्वारा नियुक्त किये जाने हैं।

वर्ष 2017-18 के लिए कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति जुलाई 2017 के दौरान की गई थी।

वर्ष 2017-18 के लिए उपर्युक्त कम्पनियों के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति सीएजी द्वारा जुलाई 2017 के दौरान की गई थी।

2.3 सीपीएसई द्वारा लेखाओं का प्रस्तुतीकरण

2.3.1 समय पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 394 के अनुसार, सरकारी कम्पनी के कार्यचालन और कार्यों पर वार्षिक रिपोर्ट इसकी वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) के तीन महीने के अन्दर तैयार की जानी है और ऐसी तैयारी के बाद यथा शीघ्र लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की एक प्रति और सीएजी द्वारा

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन पर की गई कोई टिप्पणी अथवा अनुपूरक के साथ संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए। सांविधिक निगमों को विनियमित करने वाले संबंधित अधिनियमों में लगभग समान प्रावधान विद्यमान हैं। यह तंत्र भारत की समेकित निधि से कम्पनियों में निवेश की गई सार्वजनिक निधियों के उपयोग पर आवश्यक संसदीय नियंत्रण उपलब्ध कराता है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 96 प्रत्येक कम्पनी से प्रत्येक कलेंडर वर्ष में एकबार शेयर धारकों की एजीएम आयोजित करने की अपेक्षा करती है। यह भी कहा गया है कि एक एजीएम और अगले एजीएम की तारीख के बीच 15 महीने से अधिक का समय नहीं बीतना चाहिए। इसके अतिरिक्त, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 में अनुबद्ध है कि वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षा वित्तिय विवरण उक्त एजीएम को उनके विचार के लिए प्रस्तुत किया जाना है।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 129(7) में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के प्रावधानों के अनुबद्ध के लिए जिम्मेदार कम्पनी के निदेशकों सहित व्यक्तियों पर दंड और कारागार जैसी शास्ति लगाने का भी प्रावधान है।

इसके बावजूद, 30 सितंबर 2018 तक विभिन्न सीपीएसई के वार्षिक लेखे लम्बित थे जिसके ब्यौरे आगामी पैराग्राफ में दिये गये है।

2.3.2 सरकारी कम्पनियों तथा सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों द्वारा लेखाओं को तैयार करने में सामयिकता

638 कम्पनियों में से 94 कम्पनियों के लेखे बकाया थे।

31 मार्च 2018 को सीएजी के लेखापरीक्षा कार्य क्षेत्र में 450 सरकारी कम्पनियां तथा 188 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियां थीं। वर्ष 2017-18 के लिए इनमें से 447 सरकारी कंपनियों और 187 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों से लेखे देय थे। 3 सरकारी कंपनियों और 1 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनी, जो कि नई थी, के लेखे देय नहीं थे। 30 सितम्बर 2018 या इससे पहले कुल 385 सरकारी कम्पनियों तथा 155 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों ने सीएजी द्वारा लेखापरीक्षा के लिए अपने लेखे प्रस्तुत किए। 62 सरकारी

कम्पनियों तथा 32 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लेखे विभिन्न कारणों से बकाया थे। सरकारी कम्पनियों के बकाया लेखाओं को प्रस्तुत करने के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:

विवरण		सरकारी कम्पनियां/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनिया					
		सरकारी कम्पनियां		सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनिया		कुल	
31.03.2018 तक सीएजी के लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र के तहत कुल कंपनियों की संख्या		450		188		638	
		सूचीबद्ध	असूचीबद्ध	सूचीबद्ध	असूचीबद्ध	सूचीबद्ध	असूचीबद्ध
सूचीबद्ध/असुचीबद्ध		59	391	6	182	65	573
घटाएं: नई कंपनियां जिनके लेखे 2017-18 के लिए देय नहीं थे।		0	3	0	1	0	4
कंपनियों की संख्या जिनके लेखे 2017-18 के लिए देय थे।		59	388	6	181	65	569
30 सितम्बर 2018 तक सीएजी की लेखापरीक्षा हेतु लेखा प्रस्तुत करने वाली कंपनियों की संख्या		59	326	6	149	65	475
बकाया लेखाओं की संख्या		0	62	0	32	0	94
बकाया के संबंध विच्छेद	(i) परिसमापनाधीन	0	22	0	8	0	30
	(ii) समाप्त	0	2	0	6	0	8
	(iii) पहला लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया	0	0	0	2	0	2
	(iv) अन्य	0	38	0	16	0	54
'अन्य' श्रेणी के प्रति बकाया का अवधि वार विश्लेषण	एक वर्ष (2017-18)	0	24	0	9	0	33
	दो वर्ष (2016-17 और 2017-18)	0	5	0	1	0	6
	तीन वर्ष और अधिक	0	9	0	6	0	15

परिशिष्ट II क और ***परिशिष्ट II ख*** में इन कम्पनियों के नाम दर्शाए गए हैं।

2.3.3 सांविधिक निगमों द्वारा लेखाओं को तैयार करने में सामयिकता

छः सांविधिक निगमों की लेखापरीक्षा सीएजी द्वारा की जाती है। पाँच सांविधिक निगमों, जहां सीएजी एकमात्र लेखापरीक्षक है, में से दो[28] सांविधिक निगमों ने समय पर लेखापरीक्षा हेतु वर्ष 2017-18 के अपने लेखे प्रस्तुत किए थे। वर्ष 2017-18 के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, दामोदर घाटी निगम और भारतीय खाद्य निगम के लेखे 30 सितम्बर 2018 को प्रतीक्षित थे। सेन्ट्रल वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन के मामले में, सीएजी अनुपूरक लेखापरीक्षा करता है तथा लेखे समय पर प्राप्त हुए थे।

2.4 सीएजी का निरीक्षण- लेखाओं की लेखापरीक्षा और अनुपूरक लेखापरीक्षा

2.4.1 वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचा

कम्पनियों द्वारा कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची ।।। में निर्धारित प्रपत्र में और लेखाकरण मानकों की राष्ट्रीय परामर्श समिति के परामर्श से केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित अनिवार्य लेखाकरण मानकों के अनुपालन में वित्तीय विवरण तैयार करने की अपेक्षा की जाती है। सांविधिक निगमों से सीएजी के परामर्श से बनाए गए नियमों तथा ऐसे निगमों को शासित करने वाले अधिनियम में लेखाओं से संबंधित किसी अन्य विशेष प्रावधान के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में अपने लेखे तैयार करने की अपेक्षा की जाती है।

2.4.2 सांविधिक लेखापरीक्षकों के द्वारा सरकारी कम्पनियों के लेखाओं की लेखापरीक्षा

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अन्तर्गत सीएजी द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक सरकारी कम्पनियों के लेखाओं की लेखापरीक्षा करते हैं और कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 के अनुसार उन पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

सीएजी इस उद्देश्य के साथ, कि सांविधिक लेखापरीक्षक उनको आबंटित कार्यों का उचित प्रकार तथा प्रभावी रूप से निर्वहन करते हैं, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की लेखापरीक्षा में सांविधिक लेखापरीक्षकों के निष्पादन की निगरानी द्वारा निरीक्षण भूमिका निभाते हैं। इस कार्य का निर्वहन निम्न शक्ति का उपयोग करते हुए किया जाता है:

- कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(5) के अन्तर्गत सांविधिक लेखापरीक्षकों को निर्देश जारी करना।

---

[28] *भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण।*

- कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6) के अन्तर्गत सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट को अनुपूरक करना या टिप्पणी करना।

2.4.3 सरकारी कंपनियों के लेखाओं की अनुपूरक लेखापरीक्षा

कम्पनी अधिनियम 2013 अथवा अन्य सुसंगत अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय रिर्पोटिंग ढाँचे के अनुसार वित्तीय विवरणों के तैयार करने की मुख्य जिम्मेदारी एक इकाई के प्रबंधन की है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अन्तर्गत सीएजी द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के मानक लेखापरीक्षण पद्धतियों तथा सीएजी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के अन्तर्गत वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों से कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के अन्तर्गत सीएजी को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है।

सांविधिक लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन के साथ चुनीगई सरकारी कम्पनियों के प्रमाणित लेखे की समीक्षा अनुपूरक लेखापरीक्षा के माध्यम से सीएजी द्वारा की जाती है। ऐसी समीक्षा के आधार पर महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा आपत्तियाँ, यदि कोई है, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य बैठक के समक्ष प्रस्तुत की जानी है।

2.4.3.1 चयनित सरकारी कंपनियों में तीन चरणीय लेखापरीक्षा दृष्टिकोण को अपनाना



चूंकि, लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी वित्तीय प्रतिवेदन की गुणवत्ता में वृद्धि अर्थात्पठनीयता, विश्वसनीयता और विभिन्न शेयर धारकों के लिए उपयोगिता में प्रबंधन की सहायता करना है, इसलिए सीएजीने "तीन चरणीय लेखापरीक्षा की प्रणाली" के द्वारा वित्तीय लेखापरीक्षा के लिए अधिक तीव्र, नवीन, केंद्रित और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण आरम्भ किया। तीन चरणीय

लेखापरीक्षा प्रणाली को निम्नलिखित उद्देश्यों से प्रबंधन और संबंधित सांविधिक लेखापरीक्षक के साथ नए लेखापरीक्षा अभिगम के उद्देश्यों और कार्य प्रणाली पर चर्चा के बाद मतैक्य आधार पर 2008-09 के वित्तीय विवरणों के लिए 'सूचीबद्ध', 'नवरत्न', 'मिनीरत्न' और 'सांविधिक निगमों' की श्रेणियों के अन्तर्गत आने वाले चयनित गए सीपीएसई में लागू किया गया था:

- सीपीएसई द्वारा प्रस्तुत वित्तीय विवरणों से संबंधित असंगतियों और संदेहों को दूर करने के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों, प्रबंधन और सीएजी की लेखापरीक्षा के बीच प्रभावी संप्रेषण और समन्वित अभिगम स्थापित करना।
- सीपीएसई के प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों के अनुमोदन के पूर्व त्रुटियों, चूक, अननुपालन आदि की पहचान करना और उल्लेख करना और सीपीएसई के सांविधिक लेखापरीक्षकों तथा प्रबन्धन को समय से उपचारी कार्रवाई करने के लिए ऐसे मुद्दों की जांच करने के लिए अवसर प्रदान करना।
- सीपीएसई के प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों के अनुमोदन के बाद सीएजी की लेखापरीक्षा के समय को कम करना।

तीन चरण लेखापरीक्षा के चरण-I और चरण-II कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(5) के विस्तारित प्रावधान है। प्रथम दो चरणों के अन्तर्गत लेखापरीक्षा आपत्तियां प्रारंभिक आपत्तियां के रूप में मानी जाती हैं और कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अन्तर्गत उप-निर्देशों के भाग के रूप में सांविधिक लेखापरीक्षकों को सूचित की जाती हैं। लेखापरीक्षा का अंतिम चरण (चरण III) प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों के अनुमोदन और सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षा के बाद किया जाता है।

2.5 सीएजी की निरीक्षण भूमिका के परिणाम

2.5.1 कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 के अन्तर्गत सरकारी कम्पनियों/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लेखाओं की लेखापरीक्षा

सीएजी ने वर्ष 2017-18 के लिए 386 कम्पनियों और तीन सांविधिक निगमों के लेखाओं की समीक्षा की।

वर्ष 2017-18 के वित्तीय विवरण 385 सरकारी कम्पनियों (59 सूचीबद्ध कम्पनियों सहित), 155 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों (6 सूचीबद्ध

कम्पनियों सहित) तथा 03 सांविधिक निगमों से 30 सितम्बर 2018 तक प्राप्त हुए थे। इनमें से 289 सरकारी कम्पनियों और 97 सरकार द्वारा नियंत्रित कम्पनियों तथा 3 सांविधिक निगमों के लेखाओं की सीएजी द्वारा लेखापरीक्षा में समीक्षा की गई थी।

कुल मिलाकर सीएजी ने 30 सितम्बर 2018 तक प्राप्त लेखाओं में से 75 *प्रतिशत* सरकारी कम्पनियों और 63 *प्रतिशत* सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लेखाओं की समीक्षा की। समीक्षा के परिणाम के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

2.5.1.1 तीन चरणीय लेखापरीक्षा का परिणाम

87 सीपीएसई ***(परिशिष्ट XII)*** की तीन चरण लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, सीपीएसई ने अनेक मात्रात्मक और गुणात्मक परिवर्तन किए थे जिसके कारण इनके वित्तीय विवरणों की गुणवत्ता में सुधार हुआ।

वर्ष 2017-18 के लिए इन सीपीएसई के वित्तीय विवरणों में तीन चरण लेखापरीक्षा द्वारा किया गया मूल्यवर्द्धन नीचे दिए गए चार्ट में दर्शाया गया है:



सीपीएसई जहाँ महत्वपूर्ण मूल्य वर्धन किया गयाः

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम
1.	भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
2.	सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड

3.	जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
4.	गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
5.	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड
6.	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
7.	इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
8.	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
9.	महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड
10.	मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड
11.	मेज़ागनडॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड
12.	एमएसटीसी लिमिटेड
13.	नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
14.	नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड
15.	आयल और नेचुरल गैस निगम लिमिटेड
16.	ऑयल इंडिया लिमिटेड
17.	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड
18.	राष्ट्रीयर सायन और उर्वरक लिमिटेड
19.	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
20.	द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

2.5.1.2 वित्तीय विवरणों का संशोधन

31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए सीएजी द्वारा की गई अनुपूरक लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, 02 सरकारी कंपनियां और 01 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनी ने वार्षिक सामान्य बैठक में इन कंपनियों के वित्तीय विवरण को रखने से पहले अपनी रिपोर्ट संशोधित की थी।

2.5.1.3 लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का परिशोधन

31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए सीएजी द्वारा की गई अनुपूरक लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, 29 सरकारी कंपनियां और 6 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों जैसा कि ***परिशिष्ट XIII*** में वर्णित है के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने वार्षिक सामान्य बैठक में इन कंपनियों के वित्तीय विवरण को रखने से पहले अपनी रिपोर्ट संशोधित की थी।

2.5.1.4 सरकारी कंपनियों/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों पर सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अनुपूरक के रूप में जारी सीएजी की महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ

सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा वर्ष 2017-18 के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के पश्चात, सीएजी ने चयनित सरकारी कंपनियों और सरकार द्वारा नियत्रित अन्य कंपनियों के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा की। सीपीएसई की सूची, जिनके संबंध में टिप्पणीयों जारी की गई, ***परिशिष्ट XIV*** में दी गई है। सरकारी कंपनियों और सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों के लेखाओं पर जारी कुछ महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ, जिनका लाभ प्रदत्ता पर वित्तीय प्रभाव ₹ 2,374.62 करोड़ और परिसंपत्तियों/ देयताओं पर ₹ 51,014.59 करोड़ था, को नीचे तालिका बद्ध किया गया है:

- **सूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ**

लाभ प्रदत्ता पर टिप्पणी

क्र.सं.	कंपनी का नाम	टिप्पणी
1.	हिंदुस्तान फ्लोरोकार्बन लिमिटेड	व्ययों के तहत उसको अलग से प्रदर्शित करने के बजाय परिचालन से राजस्व उत्पाद शुल्क/वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के रूप में की कटौती के संबंध में राजस्व से परिचालनों के साथ-साथ व्यय ₹ 6.23 करोड़ कम बताया गया था जो कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के विपरीत था।
2.	आईएफसीआई लिमिटेड (एकल और समेकित वित्तीय विवरण)	यद्यपि, 2016-17 के दौरान, लेखांकन मानक-13 निवेश का लेखांकन का उल्लंघन के विषय मे बताया गया था, कंपनी ने विभिन्न नकारात्मक संकेतकों के बावजूद चार कंपनियों[29] के संबंध में गैर-चालू निवेश के मूल्य में कमी के प्रति ₹ 533.78 करोड़ का प्रावधान नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप गैर-चालू निवेश अधिक बताये गए, निवेश के मूल्य में कमी के प्रावधान कम बताये गए और ₹ 533.78 करोड़ से वर्ष के लिए हानि को कम बताया गया था। अशोध्य और संदिग्ध परिसंपत्तियों के साथ-साथ हानि के लिए प्रावधान को कम दर्शाया गया था और दीर्घ अवधि

[29] *जीटीएल इन्फ्रास्ट्रंचर लिमिटेड, आईएफसीआई फेक्ट्रस लिमिटेड, एथेना छत्तीसगढ़ पॉवर प्राइवेट लिमिटेड और विडियोकॉन इन्डस्ट्रीज लिमिटेड*

		ऋण और अग्रिम ₹ 151.93 करोड़ से अधिक दर्शाया गया था, निम्न के कारण: संदिग्ध श्रेणी के तहत समान को श्रेणीबद्ध करने के बजाय अवमानक के रूप में सितंबर 2013 में विडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को दिए गए ऋण का गलत वर्गीकरण जिसके परिणामस्वरूप ₹ 142.10 करोड़ का अल्प प्रावधान। नीसा लेशर लिमिटेड को जुलाई 2010 में दिए गए ₹ 30.02 करोड़ के बकाया ऋण हेतु ₹ 9.83 करोड़ का अल्प प्रावधान।

वित्तीय स्थिति पर टिप्पणीयां

क्र. सं.	कंपनी का नाम	टिप्पणी
1.	हिंदुस्तान फ्लोरोकार्बन लिमिटेड	इंडएएस में परिवर्तन पर पूर्ण स्वामित्व भूमि के उचित मूल्य की अवधारणा और अन्य संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के संबंध में मूल कीमत का चयनात्मक अनुप्रयोग के परिणामस्वरूप ₹ 29.96 करोड़ से संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अन्य व्यापक आय को अधिक बताया गया।
2.	नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एकल और समेकित वित्तीय विवरण)	निष्पादन संबंधी वेतन की गणना करने में डीपीई दिशानिर्देशो के अननुपालन के परिणामस्वरूप अन्य वित्तीय देनदारियों को अधिक बताया गया और ₹ 10.64 करोड़ से लाभ को कम बताया गया।

❖ **असूचीबद्ध सरकारी कंपनियां**

लाभप्रदत्ता पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	भारत संचार निगम लिमिटेड (2016-17)	एक विशिष्ट परियोजना के लिए प्राप्त अनुदानों के जमा पर अर्जित ब्याज की संगणना समान अनुदान खाते को क्रेडिट करने के बजाय आय के रूप में की गई जिसके फलस्वरूप वर्ष हेतु आय को अधिक, देयता के साथ-साथ हानि को ₹97.13 करोड़ तक कम बताया गया।

		अधिकतम भुगतान के बजाय वास्तव में आहरित भुगतान के आधार पर समावेशित कर्मचारियों के पेंशन योगदान को प्रभारित करने की वजह से व्ययों को ₹ 594.53 करोड़ तक कम बताया गया जिसके फलस्वरूप उक्त राशि तक प्रावधानों के साथ-साथ संचित हानि को कम बताया गया।
2.	सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड	भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड को 2016-17 के दौरान उस समझौता ज्ञापन जो भारतीय इस्पात प्राधिकरण द्वारा विवादित था, के अनुसार परस्पर सहमत मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री बिल जारी करना जिसके फलस्वरूप संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान को कम बताया गया तथा व्यापार प्राप्यों के साथ-साथ लाभ को ₹ 126.16 करोड़ तक अधिक बताया गया।
3.	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट (इंडिया) लिमिटेड	गैर-चालू परिसम्पतियों तथा लाभ को जनवरी 2018 में नेशनल कम्पनी विधि न्यायालय द्वारा इस संदर्भ में कम्पनी के दावो के अस्वीकरण के बावजूद मै.यू.बी. इंजीनियरिंग लिमिटेड से निवल वयापार प्राप्यो के लिए कम प्रावधान की वजह से ₹ 4 करोड़ तक अधिक बताया गया।
4.	इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड (स्टैण्डअलोन तथा समेकित वित्तीय विवरण)	भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों तथा महत्वपूर्ण लेखाकंन नीति के अनुसार उप-मानक के रूप में इसे वर्गीकृत करने के बजाय मानक के रूप में दो ऋण परिसम्पत्तियों[30] को व्यवहार जिसके परिणामस्वरूप ₹ 32.58 करोड़ तक परिचालनो से राजस्व का अधिक बताया गया तथा ₹ 32.28 करोड़ तक ऋण परिसम्पत्तियों के लिए प्रावधान को कम बताया गया। फलस्वरूप वर्ष हेतु हानि को ₹ 64.86 करोड़ तक कम बताया गया।
5.	इंडियन स्ट्रेटजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल)	कैवर्न के परिचालन तथा अनुरक्षण पर ₹ 43.26 करोड़ का व्यय जो भारत सरकार से वसूली योग्य था तथा इसके प्रति भारत सरकार से ₹ 19.93 करोड़ की वसूली कम्पनी की बहियों में दर्ज नहीं थी। भारत सरकार से प्राप्यों के रूप में केवल ₹ 23.33 करोड़ की बकाया राशि दर्शाई गई थी।

---

[30] *एसेल अहमदाबाद गोदरा टोल रोड्स लिमिटेड (मूल - ₹ 198.14 करोड़ और अवास्तविक पहचानित ब्याज आय - ₹ 28.34 करोड़) और मदुरई तुतीकोरिन एक्सप्रेसवेज लिमिटेड (मूल - ₹ 138.16 करोड़ और अवास्तविक पहचानित ब्याज आय - ₹ 4.24 करोड़)।*

		सव्यंवहार कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानो तथा कम्पनी के मेमोरंडम ऑफ असोसीएशन के अनुसार नहीं था। इसके अलावा, कम्पनी ने उपयुक्त अनुमोदन के बिना व्यय से संबंधित परिचालन तथा अनुरक्षण को पूरा करने में परियोजना/पूँजीगत प्रयोजन के लिए निर्मित निधियों को दूसरे काम पर लगाया।
6.	कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	व्यय के साथ-साथ ठेकेदार देयता को अगस्त 2014 से फरवरी 2018 तक की समयावधि के लिए सवंर्धन बिल का लेखाकंन न होने की वजह से ₹ 1.93 करोड़ तक कम बताया गया।
7.	नेशनल हाइवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड	मूल संस्वीकृत लागत के 9 *प्रतिशत* की बजाय वास्तविक लागत के 9 प्रतिशत की दर पर एजेंसी प्रभारो की बुकिंग होना जो दिनांक 29 मार्च 2017 के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्णय के विरूद्ध था इसके फलस्वरूप परिचालन से राजस्व को तथा लाभ को ₹ 2.92 करोड़ अधिक बताया गया। परिचालनों से राजस्व को अधिक बताया गया तथा अन्य चालू देयताओं को 3 प्रतिशत तक एजेंसी प्रभारो की अधिक बुकिंग की वजह से ₹ 2.27 करोड़ तक कम बताया गया था जो बटोट से किश्तवार स्ट्रेच तक एनएच-244 के पुन: स्थापन कार्य के पर्यवेक्षण हेतु सार्वजनिक निर्माण कार्य विभाग, डोडा, जम्मू को देय था।
8.	नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड	कर कटने के पश्चात हानि को ग्रेच्यूटी के प्रति देयता को कम बताने की वजह से ₹ 72.28 करोड़ तक कम बताया गया था। कर कटने के पश्चात हानि को बीमा परियोजना के लिए एन्टरप्राइज आर्किटेक्चर सोल्यूशन के प्रति भुगतान जारी करने के बावजूद देयता का समायोजन न होने की वजह से ₹ 66.12 करोड़ तक अधिक बताया गया था।
9.	न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	चालू देयताओं को आकस्मिक देयता के रूप में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा जुलाई 2011 से मार्च 2018 तक की समयावधि हेतु जल के लिए उठाए गए रायल्टी प्रभारो के प्रति बिलों की भाग राशि के लेखांकन की वजह से ₹ 20.13

		करोड़ तक कम बताया गया था। इसके फलस्वरूप लाभ को समान राशि तक अधिक बताया गया।
10.	सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्टैण्डअलोन एवं समेकित वित्तीय विवरण)	पिछले वर्ष से संबंधित ₹ 227.68 करोड़ की पेंशन ट्रस्ट राशि में कमी के लिए प्रावधान को चूक के संशोधन के रूप में पिछले वर्ष की प्रतिधारित आय के प्रति समायोजित किया गया था परन्तु उक्त प्रावधान पर सृजित ₹78.80 करोड़ की आस्थगित कर परिसम्पत्तियों को चालू वर्ष के लाभ तथा हानि खाते में क्रेडिट किया गया था। इसके फलस्वरूप चालू वर्ष के लाभ तथा आस्थगित कर परिसम्पत्तियों को अधिक तथा पिछले वर्ष की प्रतिधारित आय तथा आस्थगित कर परिसम्पत्तियों को ₹ 78.80 करोड़ तक कम बताया गया। आस्थगित कर देयताओं की संगणना करते समय स्थाई परिसम्पत्तियों के लिखित मूल्य में प्रगति पर पूंजीगत कार्य के गलत समावेश के परिणामस्वरूप वर्ष के लिए आस्थगित कर परिसम्पत्तियों के साथ-साथ लाभ को ₹ 26.12 करोड़ तक कम बताया गया। ₹ 12.31 करोड़ तक संदेहास्पद ऋण हेतु प्रावधान जिसे पिछले वर्ष के दौरान गलत प्रकार से सृजित किया गया था, प्रतिधारित आय के प्रति इसे समायोजित करने के बजाय लाभ तथा हानि खाते में क्रेडिट करके चालू वर्ष के दौरान वापस लिखा गया था जिसके फलस्वरूप लाभ को अधिक तथा ₹ 12.31 करोड़ तक प्रतिधारित आय को कम बताया गया था।
11.	टान्डा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड	वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में यह बताया गया कि विद्युत मंत्रालय ने ट्रांसमिशन योजना रद्द कर दी (फरवरी 2018) जिसके विकास के लिए कंपनी को निगमित किया गया था और चूंकि कंपनी को बन्द किया जाना था इसलिए गोइंग कन्सर्न बेसिस पर लेखे नहीं बनाए गए थे। यह भी कहा गया कि दिनांक 1 फरवरी 2018 की बैठक में कंपनी के बोर्ड निदेशकों द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार खाता बहियों में परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के समायोजन हेतु लेखाकंन सव्यंवहार को धारण कंपनी के बोर्ड निदेशकों से लम्बित अनुमोदन को रोककर रखा था। उक्त प्रकटनो के

		बावजूद कंपनी ने गोइंग कन्सर्न बेसिस हेतु लागू भूतपूर्व लेखाकंन नीतियों को अपनाया जो सही नहीं था। बोर्ड निदेशकों को 15.5.2018 को यह सूचित करने कि चूंकि कंपनी की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं को धारण कंपनी को हस्तांतरित करना था, अत: ₹ 1.58 करोड़ के प्रांरभिक सीडब्ल्यूआईपी को ₹ 1.54 करोड़ की राशि को धारण कंपनी की उधारियों के साथ हस्तांतरित/समायोजित किया गया था तथा चूंकि कंपनी को विमुक्त किया गया है, अत: उधारियों पर सीडब्ल्यूआईपी की अधिकता तथा ₹ 4.71 लाख की राशि के चालू वर्ष के व्ययों को लाभ तथा हानि के विवरण पर प्रभारित किया गया था, इसे वित्तीय विवरणों में प्रभावित नहीं किया गया था।
12.	तुगंभद्रा स्टील प्रोडक्ट लिमिटेड (2016-17)	कंपनी ने परिसम्पत्तियों की बिक्री/हंस्तातरण के प्रति तथा इस पर असाधारण आय के रूप संगणित लाभ के प्रति ₹ 467.07 करोड़ की राशि के ब्याज को शामिल करते हुए भारत सरकार के ऋण को बट्टे खाते में डाला जो गलत था क्योंकि भारत सरकार ने केवल बट्टे खाते में डाली गई राशि की गणना की, किसी परिसम्प्ति की नहीं। इसके फलस्वरूप, वर्ष 2016-17 के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों ने यथार्थ तथा स्पष्ट दृष्टिकोण परिलक्षित नहीं किया।

वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियां

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणियां
1.	आर्टिफिशियल लिम्ब मैन्यूफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	भले ही वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व ₹ 2.72 करोड़ के मूल्य की मशीनरी प्राप्त की गई थी, फिर भी व्यापार देयो के प्रति ₹ 2.17 करोड़ की अग्रिम राशि को समायोजित नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप व्यापार देयताओं तथा दीर्घावधि ऋणों एवं अग्रिमों को ₹ 2.17 करोड़ तक अधिक बताया गया।
2.	भारत संचार निगम लिमिटेड (2016-17)	1 अप्रैल 2015 तक ₹ 660.40 करोड़ के अंकित मूल्य वाली भूमि को पुन: मूल्यांकित किया तथा इसका उचित मूल्य ₹ 70,524.89 करोड़ तक निकाला गया। इसमें से,

		₹ 513.71 करोड़ के अंकित मूल्य के कम्पनी के पास शीर्षक/दस्तावेज भी नहीं थे अथवा भूमि की बिक्री/उपयोग पर प्रतिबंध था। भूमि के लिए बाजार दर जिसके सदंर्भ में या तो कोई शीर्षक/दस्तावेज उपलब्ध नहीं था या इसमें बिक्री/उपयोग पर प्रतिबंध था, को अपनाना क्रमानुसार नहीं था क्योंकि यह बाजार योग्य नहीं था। इसके फलस्वरूप, संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरणों के साथ-साथ प्रतिधारित आय को ₹ 42,769.43 करोड़ तक अधिक बताया गया। इसके अलावा, जैसा कि सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा टिप्पणी की गई अपनाई गई दर की शुद्धता, सूचना प्रस्तुत न होने, सत्यापित मूल्यांक द्वारा प्रस्तुत से भिन्न दर अपनाने, विभिन्न मूल्यांक को द्वारा अपनाई गई विभिन्न पद्धितियों की वजह से सुनिश्चित नहीं किया गया था।
3.	बॉयोटेक्नोलोजी इंडस्ट्री रिसर्च असिसटेंस काउंसिल	₹ 2.23 करोड़ की राशि जो इलेक्ट्रिकल इन्फोरमेशन एवं टेक्नोलॉजी मंत्रालय से वसूली योग्य थी, को चालू परिसम्पत्तियों के रूप में इसका लेखांकन करने की बजाय चालू देयताओं के तहत एक नकारात्मक आंकडे के रूप में संगणित किया गया था जिसके फलस्वरूप इस राशि द्वारा चालू देयताओं तथा चालू परिसम्पत्तियों दोनो को कम बताया गया।
4.	बुन्देलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड	संयुक्त उद्यम भागीदार प्रमोटर से प्राप्त भूमि के मूल्य को अन्य इक्विटी के तहत इसे सम्मिलित करने के बजाय वित्तीय देयताओं में समावेशन के कारण ₹ 5.71 करोड़ तक अधिक बताया गया।
5.	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड	चालू देयताओं को दिनांक 26 अक्तूबर 2007 के विद्युत खरीद करार (पीपीए) के अनुसार कथित कंपनी द्वारा किए गए ₹ 8.90 करोड़ के दावे का भुगतान न होने की वजह से एनटीपीसी-सेल विद्युत कपंनी प्राइवेट लिमिटेड को देय ब्याज राशि के रूप में ₹ 5.34 करोड़ को शामिल नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप हानि को ₹ 5.34 करोड़ तक कम बताया गया था।

6.	ईडीसीआईएल (इंडिया) लिमिटैड	चालू परिसम्पत्तियों में अप्रैल 2013 को प्रदत्त सेवा कर के प्रतिदाय के प्रति वसूली योग्य दावो के रूप में ₹ 1.10 करोड़ सम्मिलित थे जिसके लिए आवेदन अप्रैल 2018 में दर्ज किया गया था। चूंकि भुगतान की तिथि से एक वर्ष की अनुबंधित अवधि के पश्चात आवेदन फाइल किया गया था अत: यह वसूली योग्य नहीं था। इसके परिणामस्वरूप अन्य चालू परिसम्पत्तियों तथा लाभ को ₹ 1.10 करोड़ तक अधिक बताया गया था।
7.	एचएमटी बियरिंग लिमिटेड	चालू देयताओं को वर्ष 2016-17 के दौरान भारत सरकार के ऋणों को बट्टे खाते में डालकर समायोजित न करने की वजह से ₹ 141.62 करोड़ तक अधिक बताया गया। इसके परिणामस्वरूप 'अन्य इक्विटी' के नकारात्मक बकाया को ₹ 141.62 करोड़ तक अधिक बताया गया।
8.	इंडियन स्ट्रेटजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड	अमूर्त संपत्ति तथा चालू देयताओं को चालू देयता के बजाय आकस्मिक देयता के रूप में मैंगलोर कैवर्न के लिए 48" पाइपलाइन के उपयोग करने के अधिकार के लिए मैंगलोर सेज लिमिटेड को देय बकाया राशि के लेखांकन की वजह से ₹ 24.18 करोड़ तक कम बताया गया।
9.	इरकॉन पीबीटॉलवे लिमिटेड	नकद तथा नकद समतुल्य में एक वर्ष की मूल मैच्योरिटी वाले बैंक के पास सावधि जमा के रूप में ₹ 20.00 करोड़ की राशि सम्मिलित थी जिसे इंडएएस 7 के प्रावधानों के अनुसार अन्य बैंक बकायों के तहत शामिल किया जाना चाहिए था।
10.	कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड	संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण को भूमि की लागत के समावेश की वजह से ₹ 29.24 करोड़ तक अधिक बताया गया जोकि अपेक्षित नहीं था तथा जिसके लिए मामले को धन के प्रतिदाय के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के साथ लिया गया था। इसके फलस्वरूप अन्य चालू परिसम्पत्तियों को कम बताया गया। उक्त का उपयुक्त प्रकटन भी नहीं किया गया। अन्य परिसम्पत्तियों को ट्राम लाइनों की शिफ्टिंग के प्रति पश्चिम बंगाल परिवहन निगम को प्रदत्त ₹ 5.00 करोड़ के

		तदर्थ अग्रिम तथा ओवरहैड ट्रैक्शन प्रणाली के साथ मौजूदा उपयोगिताओं के समावेश की वजह से अधिक बताया गया जिसे प्रगति पर पूँजीगत कार्य के तहत सम्मिलित किया जाना चाहिए था। रेल मंत्रालय से तद्नुसार प्राप्य वस्तुओं के साथ अधीनस्थ ऋण के तहत पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इक्विटी योगदान की पहचान न होने के फलस्वरूप देयताओं के साथ-साथ परिसम्पत्तियों को ₹ 146.50 करोड़ तक कम बताया गया। संरेखण में परिवर्तन की वजह से ठेकेदार से एक दावे के प्रति देयता का लेखाकंन न होने की वजह से ₹ 77.25 करोड़ तक प्रगति पर पूँजीगत कार्य का तद्नुरूपी कम बताने के साथ अन्य चालू देयताओं को भी कम बताया गया। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रदत्त 38.50 एकड़ भूमि तथा ₹ 48 करोड़ तक भूमि अधिग्रहण के लिए प्राप्त निधियों को खातों में परिलक्षित नहीं किया गया। प्रबंधन ने पश्चिम बंगाल सरकार के साथ राशि का समेकन करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। इस संदर्भ में खातों में भी कोई प्रकटन नहीं किया गया।
11.	महानदी बेसिन पावर लिमिटेड	अन्य इक्विटी को कम बताया गया तथा प्रगति पर पूंजीगत कार्यो को पूर्व वर्षो में उद्यम को अस्तित्व में लाने में प्राथमिक व्ययो को प्रभारित न करनें तथा प्रगति पर पूंजीगत कार्यों में इसके लेखांकन की वजह से ₹ 5.01 करोड़ तक अधिक बताया गया।
12.	नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड	₹ 22.37 करोड़ की निर्धारित निधियों को नकद तथा नकद समतुल्य के तहत पृथक रूप से दर्शाया नहीं गया जोकि कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III के प्रावधानों के विरूद्ध था। नकद तथा नकद समतुल्य से ₹ 1.98 करोड़ की लघु अवधि की सावधि जमा राशि को निकाल दिया गया जिसे वास्तव में अन्य बैंक बकायो के तहत प्रदर्शित किया गया था।

13.	नेशनल हाइवे एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड	अन्य चालू देयताओं को 2017-18 तक किए गए मरम्मत तथा अनुरक्षण, उपयोगिता शिफ्टिंग तथा अन्य कार्यों के लिए विभिन्न ठेकेदारों को देय राशि का समावेश न होने की वजह से ₹ 4.35 करोड़ तक कम बताया गया। इसके फलस्वरूप समान राशि द्वारा भारत सरकार की ओर से धारित परिसम्पत्तियों को कम बताया गया।
14.	नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	कंपनी द्वारा इन निवेशो के गलत द्विभाजन की वजह से ₹ 3018.06 करोड़ तक नीतिधारकों के निवेश को कम बताने सहित शेयरधारकों के निवेशो को अधिक बताया गया। इसी प्रकार, नीतिधारकों की निधियों को ₹ 458.69 करोड़ तक कम बताने के साथ शेयरधारकों की निधियों को अधिक बताया गया।
15.	ओएनजीसी पेट्रो एडिशनस लिमिटेड	व्यापार देयों में आयल एवं नैचुरल गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) को देय निम्नलिखित भुगतानों को शामिल नहीं किया: ₹ 30.20 करोड़ का प्रीमियम तथा वर्ष 2016-17 में समुद्र मार्ग के माध्यम से ओएनजीसी द्वारा आपूर्त नाफथा हेतु ₹ 81.50 करोड़ के निर्यात संबंधित व्ययों तथा लोडिंग प्रभार। 31 मार्च 2018 तक मीथेन की आपूर्ति के लिए ओएनजीसी को किए जाने वाले भुगतान की सगंणना हेतु गलत फार्मूला अपनाने की वजह से ₹ 46.82 करोड़ का कम भुगतान। नाफथा, इथेन, प्रोपेन एवं बूटेन की खरीद के लिए ओएनजीसी को अतिदेय भुगतानों पर ₹ 14.80 करोड़ के ब्याज के भुगतान हेतु देयता। फलस्वरूप, चालू देयता तथा हानि को ₹ 173.32 करोड़ तक कम बताया गया। प्रावधानों को दिसम्बर 2016 में सेमसंग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा बनाए गए एक बीजक का लेखाकंन न होने की वजह से ₹ 10.41 करोड़ तक कम बताया गया। इसके फलस्वरूप, वर्ष हेतु हानि को ₹ 10.41 करोड़ तक कम बताया गया था।

		पूंजीगत अग्रिमों को सेमसंग इंजी.कॉ.लि., कोरिया को कवर करने के लिए बीमा की विस्तारण लागत की प्रतिपूर्ति का समावेश न होने की वजह से ₹5 करोड़ तक कम बताया गया जो वास्तव में इससे वसूली योग्य था। इसके फलस्वरूप संपत्तिएवं उपकरण को ₹ 5 करोड़ तक अधिक बताया गया। प्रगति पर पूंजीगत कार्य को उन समेकित जन उपयोगी सेवाओं एवं ऑफसाइट पैकेज के प्रति ₹ 641.91 करोड़ की राशि के समावेश की वजह से अधिक बताया गया था जिन्हें 31 मार्च 2018 तक उपयोग में लाया गया था। इसके फलस्वरूप संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण को ₹ 641.91 करोड़ तक कम बताया गया।
16.	ओरिएन्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय विवरण)	कंपनी द्वारा इन निवेशों के गलत द्विभाजन की वजह से ₹ 2202.83 करोड़ तक शेयर धारको के निवेश को कम बताने सहित नीतिधारको के निवेश को अधिक बताया गया। इसी प्रकार, इसमें ₹ 836.30 करोड़ तक शेयरधारको की निधियों को कम बताने सहित नीतिधारकों की निधियों को अधिक बताया गया था।
17.	सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्टैण्डअलोन एवं समेकित वित्तीय विवरण)	व्यापार देयो को कम बताया गया तथा वर्ष 2012-13 के उचित बिक्री मूल्य (एफएसपी) जो वर्ष 2014-15 हेतु एफएसपी से अधिक था जिसे 2016-17 के दौरान वित्त मंत्रालय द्वारा अंतिम रूप दिया गया।पर वर्ष 2014-15 के लिए सिक्को की बिक्री की बुकिंग की वजह से दर भिन्नता होते हुए ₹ 44.85 करोड़ के प्रावधान का समावेश न होने की वजह से प्रतिधारक आय को अधिक बताया गया यद्यपि सांविधिक लेखापरीक्षक ने पिछले वर्ष की अपनी उक्त रिपोर्ट में टिप्पणी की थी, तथापि सांविधिक लेखापरीक्षक ने चालू वर्ष के लिए एक असंशोधित रिपोर्ट जारी की। अत: सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में यह कमी थी।
18.	सिडकूल कॉनकॉर इन्फ्रा कंपनी	नकद तथा नकद समतुल्य में ₹ 12.76 करोड़ की राशि सम्मिलित थी जो एक वर्ष की मूल मेच्योरिटी वाले बैंक के

	लिमिटेड	पास सावधि जमा था तथा इसलिए इसे इंडएएस 7 के प्रावधानों के अनुसार अन्य बैंक बकायों के अन्तर्गत सम्मिलित किया जाना चाहिए था।

प्रकटन पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणीयां
1.	अंतरिक्ष कॉर्पोरेशन लिमिटेड	वर्ष 2016-17 के लेखाओं की लेखापरीक्षा के समय प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद अंतरिक्ष विभाग/भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का यह पुष्टि करने वाला एक दस्तावेज, कि वह स्व-बीमा नीति के माध्यम से उपग्रहणों के प्रक्षेपण हेतु ठेकों के लिए तीसरी पार्टी की देयता का वहन करेंगे, न तो प्राप्त हुआ था और न ही स्व-बीमा निधि के अननुरक्षण से संबंधित तथ्यात्मक स्थिति को लेखा टिप्पणीयों में प्रकट किया गया था।
2.	भारत संचार निगम लिमिटेड	दूर संचार विभाग द्वारा लगाए गए ग्राहक अधिग्रहण फॉर्म शास्ति की ₹ 34.73 करोड़ की राशि को न तो पुष्ट देयता के रूप में प्रकट किया गया था और न ही आकस्मिक देयता में शामिल किया गया था।
3.	बायोटैक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च एसिस्टैंस काउंसिल	नकद और नकद समकक्षों में विभिन्न परियोजनाओं के लिए मंत्रालय से प्राप्त निधियों के ₹ 66.82 करोड़ शामिल थे जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III की अपेक्षाओं के अनुसार इसे अलग से दर्शाने की बजाय बचत खाते और सावधि जमा के रूप में दर्शाया गया था। नकद प्रवाह विवरण में प्रचालन कार्यकलाप से नकद में ₹ 10.13 करोड़ कम बताए गए और इसी राशि तक नकद तथा नकद समकक्ष के अंत शेष में अधिक बताया गया। इसके अलावा, लेखाकंन मानदंड 3के अनुसार प्रकटन अपेक्षाओं का भी पालन नहीं किया गया था।
4.	बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड	कंपनी ने प्रति शेयर आय, मूल तथा मंदित आय को प्रकट नहीं किया था जो इंड लेखांकन मानदंड 33 के प्रावधानों के उल्लंघन में था।

		कंपनी ने वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में अध्यक्ष और निदेशकों का मुख्य प्रबंधन कार्मिक के रूप में खुलासा नहीं किया था जो इंडएएस-24 के प्रावधानों का उल्लंघन था। इसके अलावा, उन अधिकारियों के नाम का भी खुलासा नहीं किया गया था जो वर्ष के दौरान मुख्य प्रबंधन कार्मिक थे परन्तु जिन्होने वर्ष की समाप्ति से पूर्व कार्यालय छोड़ दिया था।
5.	डीएनएच पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड	विद्युत आपूर्तिकर्ता को दिए गए ₹ 1.17 करोड़ के शास्ति ब्याज को प्रचालन कार्यकलापों से प्राप्त नकद के अंतर्गत शामिल करने की बजाय वित्तीय कार्यकलापों से प्राप्त नकद के तहत् शामिल किया गया था।
6.	इंजीनियरिंग परियोजनाएं (भारत) लिमिटेड	ठेकेदार से वसूलीयोग्य के रूप में दर्शाई गई ₹ 43.06 करोड़ की राशि के संबंध में कपंनी ने यह प्रकट नहीं किया कि वर्ष के दौरान ठेका समाप्त कर दिया था और कंपनी पर ₹ 81.96 करोड़ का विवाचन दावा दायर किया गया था जिसके प्रति कंपनी ने भी ₹ 146.71 करोड़ का काउंटर दावा किया था। इसके अलावा, इस संबंध में ग्राहक के साथ एक के बाद एक ठेका करने के बावजूद ग्राहक से इस राशि की वसूली नहीं की गई और इसें ठेकेदार से वसूलीयोग्य के रूप में दर्शाया गया था।
7.	एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड (स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण)	चूंकि कंपनी के प्रचालनों को बंद करने के कैबिनेट के निर्णय के आधार पर सभी कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवा निवृति दे दी गई और अंतिम निपटान किया गया था, अत: ग्रेच्युटी ट्रस्ट में पड़ी ₹ 1.90 करोड़ की राशि को गैर-चालू देयताओं के तहत नकारात्मक आंकड़े दर्शाने की बजाय चालू परिसंपत्ति के रूप में दर्शाया जाना चाहिए था। आकस्मिक देयताओं में ₹ 30.22 करोड़ को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को देयताओं के विलंबित भुगतान पर दांडिक ब्याज के कारण शामिल नहीं किया गया था।
8.	महानदी बेसिन पावर लिमिटेड	नकद प्रवाह विवरण नकद एवं नकद समकरणों, कर पूर्व निवल लाभ, असाधारण मदों तथा अन्य वित्तीय देयताओं को गलत रूप से दर्शाने के कारण त्रुटिपूर्ण था।

9.	नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनैंस एंड डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड	लेखांकन मापदंड 1 के प्रावधानों के विपरीत महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया था।
10.	नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	लेखांकन मापदंड-20 के अंतर्गत यथा अपेक्षित आय प्रति शेयर को वित्तीय विवरणों में प्रकट नहीं किया गया था। सेवा लागत को पिछली सेवा लागत और मौजूदा सेवा लागत के रूप में अलग से नहीं दर्शाया गया था जो लेखांकन मापदंड-15 के अनुसार अनिवार्य है।
11.	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (समेकित वित्तीय विवरण)	निवेश कार्यकलापों से नकद प्रवाह को ₹ 3,235.42 करोड़ तक कम बताया गया था और प्रचालन कार्यकलापों से नकद प्रवाह को उसी राशि तक अधिक बताया गया था। वित्तीय कार्यकलापों से नकद प्रवाह में ₹ 1,794.08 करोड़ के वास्तविक नकद प्रवाह के बजाय ₹ 1,854.36 करोड़ का भुगतान किए गए ब्याज का 2017-18 का नकद प्रवाह शामिल था। ₹ 60.28 करोड़ के अंतर को वित्तीय कार्यकलापों के नकद प्रवाह के तहत इसे अलग से दर्शाने की बजाय प्रचालन कार्यकलापों के नकद प्रवाहों और वित्तीय कार्यकलापों के नकद प्रवाहो में समायोजित किया गया था।
12.	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण)	कंपनी ने ब्याज/शास्ति की राशि प्रकट किए बिना आय कर और सेवाकर की विवादित देयताओं के आधार पर ₹ 9,155.39 करोड़ की राशि को प्रकट किया था जिसे विभिन्न सांविधियो के अंतर्गत उद्ग्रहीत किया जा सकता था।
13.	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण)	वर्ष के दौरान बट्टे खाते में डाले गए कुओं और अमूर्त परिसंपत्तियों की मरम्मत की लागत की ₹ 346.52 करोड़ की राशि की चूक के कारण निवेश कार्यकलापों से नकद प्रवाह को अधिक बताया गया था। इसके परिणामस्वरूप इसी राशि तक प्रचालन कार्यकलापों से नकद प्रवाहों को कम बताया गया था। प्रचालन कार्यकलापों से नकद प्रवाहों में (पिछले वर्ष के तुलनात्मक आंकड़े) कंपनी ने इसे कम करने की बजाय

		प्रचालन लाभ में ₹ 136.85 करोड़ की राशि तक सहायक कंपनियों द्वारा इक्विटी शेयरों की आंशिक वापसी-खरीद पर लाभ को जोड़ दिया जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष के प्रचालन कार्यकलापों के नकद प्रवाहों को ₹ 273.70 करोड़ तक अधिक बताया गया था। प्रचालन कार्यकलापों से नकद प्रवाहों में (पिछले वर्ष के तुलनात्मक आंकड़े) कंपनी ने ब्याज आय के आधार पर पिछले वर्ष के लाभ से ₹ 57.16 करोड़ की बजाय ₹ 25.77 करोड़ की कटौती की थी जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष के प्रचालन कार्यकलापों से नकद प्रवाहों को ₹ 31.39 करोड़ तक अधिक बताया गया था।
14.	सेलराईटस बंगाल वैगन प्राइवेट लिमिटेड	भारतीय इस्पात प्राधिकरण से 33 वर्षो की अवधि हेतु ली गई भूमि के लिए इंडएएस 17 के तहत आवश्यक प्रकटन नहीं दिया गया था। कंपनी ने प्रचालन पट्टा के संबंध में कोई लेखांकन नीति नहीं बनाई थी।
15.	सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण)	नकद प्रवाह विवरण में निम्नलिखित कमियां थी: पूर्व अवधि की मदों, विवादित दावों और मूल्यह्रास के ₹ 84.53 करोड़ में अन्य समायोजनों के धारित आय के प्रति समायोजित किया गया था परन्तु प्रचालन कार्यकलापों से सृजित नकद की गणना करते समय नकद प्रवाह विवरण में वर्ष के लाभ से उसकी कटौती नहीं की जानी थी। विदेशी विनिमय उतार-चढ़ाव से प्राप्त ₹ 4.71 करोड़ को कर पूर्व बुक लाभ से कम नहीं किया गया था। अन्य गैर-प्रचालन आय के ₹ 31.42 करोड़ को प्रचालन कार्यकलापों से नकद प्रवाह की गणना करते समय कर पूर्व बुक लाभ से कम नहीं किया गया था।
16.	तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड (2016-17)	कंपनी ने टिप्पणियों में बताया कि भारत सरकार से ऋण और उस पर ब्याज के ₹ 467.07 करोड़ को भारत सरकार द्वारा कंपनी की अचल परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने के अधिकार की धारणा के बदले लेखाबहियों में बट्टे खाते में डाला गया था इस तथ्य पर ध्यान न देते हुए कि कंपनी इस अधिकार को भारत सरकार को हस्तांतरित नहीं कर सकती थी क्योंकि यह भूमि कर्नाटक सरकार द्वारा दिसंबर 1973 में इस शर्त के साथ दी गई थी कि कंपनी इस भूमि को

		केवल उस उद्देश्य हेतु रख सकती है जिसके लिए यह अधिगृहित की गई थी अर्थात व्यवसाय करने के लिए और इस शर्त के किसी उल्लंघन के परिणामस्वरूप कर्नाटक सरकार द्वारा इस पर निर्मित भवन सहित भूमि को पुनर्ग्रहण कर लिया जाएगा।

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर टिप्पणियां

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणियां
1.	सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड	कंपनी ने प्रतिवाद के अंतर्गत सांविधिक देयताओं की विवादित मांग के आधार पर ₹ 832.90 करोड़ की राशि जमा कराई थी। तथापि, इस तथ्य की सूचना लेखापरीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट में नहीं दी गई थी जो कंपनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) के आदेश पर मार्गदर्शन टिप्पणी, 2016 के अनुरूप नहीं था।
2.	कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में लेखापरीक्षक का विवरण कि जोखिम निर्धारण करने में, आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण पर लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं डिजाईन करने के लिए विचार किया गया परन्तु इस पर मत व्यक्त करने के प्रयोजन के लिए नहीं कि क्या कंपनी में वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आन्तरिक वित्तीय नियत्रंण प्रणाली है तथा ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावकारिता कम्पनी की (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) विनियमावली 2014 के नियम 10(ए) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(i) के परस्पर विरोधी था जिसमें लेखापरीक्षकों को पर्याप्त आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली तथा इसकी परिचालन प्रभावकारिता की मौजूदगी के विषय में बताना अपेक्षित है।
3.	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण)	विवादित सांविधिक देयो पर रिपोर्टिंग करते समय सांविधिक लेखापरीक्षकों ने विवादित ब्याज तथा शास्ति पर रिपोर्ट नहीं की।
4.	रियल एस्टेट डेवलपमेंट एंड कन्स्ट्रक्शन	लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 के पैराग्राफ 3 तथा 4 में निर्दिष्ट प्रत्येक मामलों पर टिप्पणी निहित नहीं थी तथा एक सामान्य

	कॉरपोरेशन ऑफ राजस्थान लिमिटेड	विवरण देने के अलावा कंपनी पर लागू आदेश के पैराग्राफ 3 तथा 4 में निर्दिष्ट होने हेतु ऐसा कोई मामला नहीं था।
5.	सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण)	रिपोर्ट मेंऐसे मामले जिसे कंपनी के वित्तीय विवरण में बताया नहीं गया है,को इंफासिस ऑफ मैटर पैरा समेकित किया गया जो कि लेखापरीक्षण मापदंड 706 के प्रावधानों के अनुपालन में नहीं था। इसके अलावा,कथित मानक की आवश्यकता के अनुसार इस कथन कि "लेखापरीक्षक मत इंफासिस ऑफ मेटर के संदर्भ में संशोधित नहीं है" को इंफासिस ऑफ मेटर पर जोर देने में सम्मिलित नहीं किया गया।
6.	टान्डा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड	वित्तीय कथनों पर टिप्पणियों में यह कहा गया कि कपंनी का प्रमुख व्यवसाय अब अस्तित्व में नहीं था तथा कंपनी बन्द हो रही है। हालांकि, स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में गोइंग कन्सर्न से संबंधित महत्वपूर्ण अनिश्चितता के संदर्भ में पृथक भाग शामिल नहीं था जो लेखापरीक्षण मापदंड 570 के प्रावधानों के विरूद्ध था।
7.	तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट लिमिटेड (2016-17)	लेखापरीक्षकों ने यह सूचित किया कि कंपनी ने भारत सरकार को देय अनुसार अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री आय नहीं दर्शाई थी जोकि गलत था क्योंकि दिनांक 18.1.2018 के पत्र द्वारा भारत सरकार ने कथित बिक्री आय से सभी सत्त्वों के लिए कंपनी द्वारा किए गए दावों/देयताओं का निपटान करने का निर्देश दिया था। लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में कर्नाटक सरकार द्वारा भारत सरकार को कंपनी के लिए दी गई भूमि की गैर-हस्तांतरणीयता के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति वर्णित नहीं की।

असूचीबद्ध सरकारी नियंत्रित अन्य कंपनियाँ

लाभप्रदता पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणीयां
1.	सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड	अन्य चालू परिसंपत्तियों में प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों के कमीशन तथा ब्रोकेज के प्रति ₹1.21 करोड़ की राशि शामिल थी जिसे

		कंपनी की नीति के विपरीत 2015-16 से परिशोधित नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 'पूर्व अवधि व्यय' को कम तथा 'अन्य चालू परिसम्पत्तियों' एवं 'कर से पूर्व लाभ' को ₹ 1.21 करोड़ तक अधिक बताया गया।

वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियां

क्र. सं.	कंपनी का नाम	टिप्पणियां
1.	बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	2010-11 से 2015-16 के दौरान अन्य आय के रूप में लेखांकन की बजाय पूंजीगत प्राप्तियों के रूप में अनपयुक्त/अधिशेष निधि पर अर्जित ब्याज के रूप में ₹ 90.63 करोड़ के लेखांकन के फलस्वरूप अन्य आय, संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण और अन्य इक्विटी को ₹ 90.63 करोड़ तक कम बताया गया। इसके फलस्वरूप, संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण पर मूल्हास को भी कम बताया गया जोकि डाटा की अनुपलब्धता की वजह से गणना नहीं की जा सकी।
2.	चेन्नई एन्नोर पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड	चालू देयताओं तथा प्रगति पर पूंजीगत कार्य को एन्नोर-मनाली रोड सुधार परियोजना के संबंध में पुन: निपटान लागत में वृद्धि के प्रति तमिलनाडु स्लम क्लियरेंस बोर्ड को देय राशि का लेखांकन न करने की वजह से ₹ 48.82 करोड़ तक कम बताया गया था।
3.	दिल्ली एविएशन फ्यूल फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण)	प्रदत्त ब्याज मुक्त प्रतिभूति जमा तथा इसका उचित मूल्य जिसे पूर्व प्रदत्त व्ययो के रूप दर्शाया जाना था,के बीच भिन्नता को गलती से अमूर्त परिसम्पत्ति के रूप में बुक किया गया जिसके परिणामस्वरूप अमूर्त परिसम्पत्ति को अधिक तथा पूर्व प्रदत्त व्ययो को ₹ 110.43 करोड़ तक कम बताया गया था। कंपनी ने इंडएएस 16 तथा कंपनी की लेखाकंन नीति संख्या 1.2.3.(ए) के तहत अपेक्षित रूप में वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर परिसम्पत्तियों के अवशिष्ट मूल्य तथा उपयोगी काल की कोई समीक्षा नहीं की।

4.	मुम्बई एविएशन फ्यूल फार्म एवं फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड	ईंधन के डेड स्टॉक को परिचालन ईंधन के रूप में 902 केएल के डेड स्टॉक ईंधन के रूपान्तरण का लेखाकंन न होने की वजह से ₹ 4.30 करोड़ तक अधिक बताया गया जिसके कारण गैर-चालू परिसम्पत्तियों को अधिक तथा चालू परिसम्पत्तियों को ₹ 4.30 करोड़ तक कम बताया गया था।
5.	नॉर्थ ईस्ट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड	व्यापार देयो में ₹ 4.20 करोड़ की राशि सम्मिलित थी जिसे ट्रांसमिशन लाइन के लिए एक ठेकेदार को देय रूप में दर्शाया गया था, यद्यपि ठेकेदार ने पहले ही यह पुष्टि कर दी थी कि इसने कंपनी से सभी देय भुगतान प्राप्त कर लिए थे तथा कथित ठेके के तहत जो भी लम्बित था उसका दावा नहीं किया गया था। इसके फलस्वरूप व्यापार देयो तथा संपत्ति, संयंत्र तथा उपस्कर प्रत्येक को ₹ 4.20 करोड़ तक अधिक बताया गया।

प्रकटन पर टिप्पणियां

क्र. सं.	कंपनी का नाम	टिप्पणियां
1.	सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड	केन्द्र सरकार ने 29 मार्च 2018 को ग्रेच्यूटी (संशोधन) अधिनियम, 2018 के भुगतान को अधिसूचित किया तथा कर्मचारियों को देय ग्रेच्यूटी की राशि की सीलिंग में ₹ 10 लाख से ₹ 20 लाख तक की वृद्धि। हालांकि, कंपनी ने कर्मचारियों को ग्रेच्यूटी के भुगतान के लिए प्रावधान से सृजन हेतु सीलिंग राशि में वृद्धि पर विचार नहीं किया। लेखों की टिप्पणियों में लेखांकन मानक 15 के अपेक्षित परिभाषित लाभ दायित्वों का वर्तमान मूल्य, योजना परिसंपत्तियों, लाभ तथा हानि विवरण में स्वीकृत कुल व्ययों, प्रोद्भूत आवधारणाओं के साथ प्रोदभूत लाभ तथा हानियां आदि जैसी परिभाषित लाभ योजनाओं के संदर्भ में प्रकटन शामिल नहीं थे। उक्त अननुपालनों को सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा उनकी स्वतंत्र लेखापरीक्षक रिपोर्ट में भी सूचित नहीं किया गया था।
2.	नबकिसन फाइनेंस लिमिटेड	कंपनी ने नकद आधार पर प्रसंस्करण ऋणों के लिए ग्राहक से संग्रहित अपफ्रन्ट/प्रसंस्करण फीस से आय को मान्यता दी जो प्रोद्भूत की मूल लेखांकन अवधारणा के विरूद्ध था। इसे

		महत्वपूर्ण लेखाकंन नीतियों में प्रदर्शित नहीं किया गया जोकि लेखांकन मानक-1 के प्रावधानों का उल्लंघन था।

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर टिप्पणियां

क्र.सं	कंपनी का नाम	टिप्पणियां
1.	दिल्ली एविएशन फ्यूल फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण)	• सांविधिक लेखापरीक्षक ने कम्पनी) लेखापरीक्षक रिपोर्ट (आदेश 2016 पर मार्गदर्शन टिप्पणी के पैरा 5 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया जो यह बताता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा143 (5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक की प्रतिक्रिया लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का भाग बनेंगी। • सांविधिक लेखापरीक्षक ने स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में गलत तरीके से यह सूचित किया कि कंपनी के पास कोई अचल संपत्ति नहीं थी, तथापि कंपनी के पास 31 मार्च 2018 तक ₹ 158. 16करोड़ के मूल्य की संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण थे जिसमें अचल परिसम्पत्तियां भी शामिल थी।

2.5.2 सांविधिक निगम जहां सीएजी ही एकमात्र लेखापरीक्षक है

सांविधिक निगम जहां सीएजी ही एकमात्र लेखापरीक्षक है,के संबंध में सीएजी द्वारा जारी महत्वपूर्ण टिप्पणियों के विवरण नीचे दर्शाये गये है:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

(i) एएआई द्वारा कार्गो परिचालनो तथा ₹ 49.34 करोड़ की राशि के इसके तद्नुरूपी संचित मूल्यह्रास से संबंधित सभी सेगमेंट परिसम्पत्तियों को एएआई कार्गो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विसिज कम्पनी लिमिटेड को स्थानांतरित किया गया था। हालांकि, इन परिसम्पत्तियों को मई 2006 में पहले ही दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (डीआईएएल) को हस्तांतरित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप मूर्त परिसम्पत्तियों तथा संचित मूल्यह्रास को ₹ 49.34 करोड़ तक कम बताया गया।

(ii) 2014-15, 2015-16 तथा 2016-17 में बताने के बावजूद, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अपने संयुक्त उद्यमो अर्थात् दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) तथा मुम्बई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) के लिए प्रोदभूत राजस्व तथा संबंधित परिचालन, प्रबंधन तथा विकास करार के अनुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित राजस्व के शेयर की यथार्थता सत्यापित करने के लिए मूल अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। संबंधित अभिलेखों के अभाव में, डीआईएएल तथा एमआईएएल से प्राप्त ₹ 3,092.19 करोड़ के राजस्व की यथार्थता पर ध्यान नहीं दिया जा सका।

(iii) आकस्मिक देयताओं (ऋणों के रूप दावे जिन्हे स्वीकार नहीं किया गया) को निम्नलिखित का प्रकटन न करने की वजह से ₹ 556.59 करोड़ तक कम बताया गया:

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	राशि
1.	प्राधिकरण के अधिकृत क्षेत्र के तहत 43.49 एकड़ की इन्टर्मिटन्ट भूमि के भाग के लिए भूमि अधिग्रहण अधिकारी, जयपुर द्वारा मांग की गई राशि	246.40
2.	नई दिल्ली निगम परिषद फायर स्टेशन, रनवे, डब्ल्यू/टी स्टेशन तथा सफदरजंग एयरपोर्ट पर अन्य प्राधिकरणों/निकायों द्वारा कब्जे में लिए गए क्षेत्र पर संपत्ति कर की मांग की	258.58
3.	रक्षा मंत्रालय द्वारा 56.78 एकड़ भूमि जिसे इन्दिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दिल्ली हेतु लिया गया था के लिये मांग	51.61
	जोड़	**556.59**

2.6 लेखाकरण मानकों/इंडएएस के प्रावधानों का अननुपालन

कथित अधिनियम की धारा 129 (1), धारा 132 और धारा 133 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 469 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग से, केन्द्र सरकार ने लेखाकंन मानक 1 से 7 तथा 9 से 29 निर्धारित किए। इसके अलावा, केन्द्र सरकार ने कंपनी (भारतीय लेखाकंन मानक) नियमावली, 2015 तथा कंपनी (भारतीय लेखाकंन मानक)

(संशोधन) नियमावली, 2016 के माध्यम से 41 भारतीय लेखाकंन मानक (इंडएएस) अधिसूचित किए।

सांविधिक लेखापरीक्षकों ने सूचित किया कि ***परिशिष्ट-XV*** में ब्यौराबद्ध 14 कम्पनियों ने अनिवार्य लेखाकंन मानकों/इंडएएस का पालन नहीं किया।

अनुपूरक लेखापरीक्षा के दौरान, सीएजी ने यह पाया कि निम्नलिखित कम्पनियों ने अनिवार्य लेखाकंन मानकों/इंडएएस का अनुपालन नहीं किया था जिन्हें उनके सांवधिक लेखापरीक्षकों द्वारा दर्शाया नहीं गया था:

लेखाकंन मानक/इंडएएस		कंपनीकानाम	विचलन
एएस 1	लेखांकन नीतियों का प्रकटन	नबकिसान फाइनेंस लिमिटेड	ग्राहकों से अपफ्रन्ट/प्रसंस्करण फीस को इसका प्रकटन किए बिना नकद आधार पर संगणित किया गया था।
		नेशनल हेंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड	वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण लेखाकंन नीतियों को शामिल नहीं किया गया।
एएस 12	सरकारी अनुदानों का लेखांकन	बायोटेक्नोलाजी कल इंडिस्ट्रिज रिसर्च एसिसटेंस कांउसिल	आय शीर्ष के तहत इसे प्रकट करने के बजाय अतिरिक्त मदों के रूप में ₹ 40.57 लाख की मूल्यह्रास राशि को वापिस जोड़ा गया।
एएस 13	निवेशो का लेखांकन	आईएफसीआई लिमिटेड	गैर-चालू निवेश के मूल्य में कमी हेतु प्रावधान न होने/अपर्याप्त प्रावधान के परिणामस्वरूप गैर चालू निवेशों को ₹ 533.78 करोड़ तक अधिक बताया गया।
एएस 15	कर्मचारी लाभ	सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड	लेखों पर टिप्पणियों में परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में विभिन्न प्रकटन शामिल नहीं थे।
एएस 20	प्रति शेयर आय	नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड	प्रति शेयर आय को दर्शाया नहीं गया

इंडएएस 101	भारतीय लेखांकन मानक को पहली बार प्रयोग करना	हिन्दुस्तान फ्लूरोकार्बन लिमिटेड	कम्पनी ने चयनित रूप से केवल फ्रीहोल्ड भूमि के उचित मूल्यांकन का प्रयोग किया।
		हिन्दुस्तान आर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	कंपनी ने अपने सूचित नकद प्रवाह पर इंडएएस को पिछले सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों (जीएएपी) से सव्यवंहार के प्रभाव का वर्णन नहीं किया। कंपनी ने कुल व्यापक आय विवरण के समेकन तथा इंडएएस से गुजरने पर लाभ तथा हानि खाते के लिए सामग्री समंजन पर पर्याप्त विवरण प्रदान नहीं किया। कंपनी ने इक्विटी के समंजन तथा इंडएएस से गुजरने पर तुलन पत्र में सामग्री समायोजन पर पर्याप्त विवरण प्रदान नहीं किया।
इंडएएस 105	बिक्री के लिए रखी गई गैर-चालू परिसंपत्तियों तथा बन्द किए गए परिचालन	हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	कंपनी ने गैर चालू परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास, बिक्री के तथ्य तथा परिस्थिति और पहचाना गया लाभ/हानि जैसे प्रकटन नहीं दिए।
इंडएएस 7	नकद प्रवाह का विवरण (स्टैण्डअलोन तथा समेकित वित्तीय विवरण)	हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	कंपनी ने नकद तथा नकद समतुल्य के घटक प्रस्तुत नहीं किए। तुलन पत्र में सूचित समान मदों के साथ नकद प्रवाह के विवरण में राशि के समेकन को भी प्रकट नहीं किया।
		इंरकान पीबी टॉलवे लिमिटेड	नकद तथा नकद समतुल्य में एक वर्ष की वास्तविक मैच्योरिटी वाले बैंक के साथ सावधि जमा शामिल था।

		सेल राइट्स बंगाल वैगन प्राइवेट लिमिटेड	नकद तथा नकद समतुल्य में एक वर्ष की वास्तविक मैच्योरिटी वाले बैंक के साथ सावधि जमा शामिल था।
		सिडकूल कॉनकॉर इन्फ्रा कंपनी लिमिटेड	नकद तथा नकद समतुल्य में एक वर्ष की वास्तविक मैच्योरिटी वाले बैंक के साथ सावधि जमा शामिल था।
इंडएएस 8	लेखाकंन नीतियां, लेखाकंन आकलनो में परिवर्तन एवं त्रुटियां	सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड माइनिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	पिछले वर्ष की प्रतिधारित आय के प्रति पिछले वर्ष के दौरान गलती से सृजित ₹12.31 करोड़ के संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान को समायोजित करने के बावजूद, इसे लाभ तथा हानि खाते में अन्य आय के रूप में संगणित किया गया था।
		शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	जब एक नया इंडएएस जिसे जारी किया गया है परन्तु अभी प्रभावी नहीं हुआ है, तब सत्व यह तथ्य तथा संभावित प्रभाव का निर्धारण करने से संबंधित जानकारी या उचित रूप से आकलन योग्य सूचना प्रस्तुत करेगा। यह नहीं किया गया।
इंडएएस 10	तुलन पत्र तिथि के पश्चात होने वाले मामले	कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	कंपनी ने तुलन पत्र तिथि के पश्चात पूर्ण रूप से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी में ₹ 13.45 करोड़ की इक्विटी लगाई जिसे प्रकट नहीं किया गया।
इंडएएस 16	संपति, संयंत्र तथा उपकरण	दिल्ली एविएशन फ्यूल फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड	वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर परिसंपत्तियों का अवशिष्ट मूल्य तथा उपयोगी काल की समीक्षा नहीं की गई।

इंडएएस 19	कर्मचारी लाभ	हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	कंपनी ग्रेच्यूटी अधिनियम, 1972 के भुगतान के आवेदन जैसी अनिवार्य प्रकटन आवश्यकता का अनुपालन नहीं किया जिसके जोखिम में कंपनी को वर्ष के दौरान ऐसे आवेदन, संशोधन, संवेदात्मकता विश्लेषण तथा कंपनी के आगामी नकद प्रवाह पर परिभाषित लाभ योजनाओं के प्रभाव की वजह से उजागर नहीं किया गया।
इंडएएस 24	संबंधित पार्टी प्रकटन	बुन्देलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड	इंड लेखाकंन मानक के अनुसार पूर्ण प्रकटन नहीं किया गया।
		हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	कंपनी ने विभिन्न प्रकटन आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया।
इंडएएस 33	प्रति शेयर आय	बुन्देलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड	प्रति शेयर आय को प्रकट नहीं किया गया।
इंडएएस 37	प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसम्पत्तियां	हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	कंपनी की लेखाकंन नीति कि आकस्मिक परिसंपत्ति को सामान्य तौर पर न तो स्वीकृत किया गया न ही प्रकटन किया गया जोकि इंडएएस 37 के प्रावधानों का उल्लंघन था।
		राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	कंपनी ने ₹ 46.92 करोड़ की आकस्मिक देयता की प्रकृति का संक्षिप्त विवरण प्रदान नहीं किया।
इंडएएस 38	अमूर्त परिसंपत्ति	कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	₹ 15.89 करोड़ के अग्रिम पट्टा किराए को पूंजीगत अग्रिमो के बजाय अन्य अग्रिमों के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

2.7 प्रबन्धन पत्र

वित्तीय लेखापरीक्षा के उद्देश्यों में से एक लेखापरीक्षक और निगम इकाई के अभिशासन के उत्तरदायित्व वाले व्यक्तियों के बीच वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा से व्युत्पन्न लेखापरीक्षा विषयों पर संवाद स्थापित करना है।

पीएसई के वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण आपत्तियाँ कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अन्तर्गत सीएजी द्वारा टिप्पणियों के रूप में सूचित की गई थीं। इन टिप्पणियों के अलावा, वित्तीय रिपोर्टों में अथवा रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं में सीएजी द्वारा पाई गई अनियमितताएं अथवा त्रुटियाँ सुधारात्मक कार्रवाई के लिए 'प्रबंधन पत्र' के माध्यम से प्रबन्धन को भी बताई गई थी। यह त्रुटियां सामान्यतया निम्नलिखित से संबंधित थीः

- लेखाकंन नीतियों और प्रथाओं को लागू करना और व्याख्या करना,
- लेखापरीक्षा से उद्भूत समायोजन जो वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सके; और
- कतिपय सूचना की अपर्याप्तता या अप्रकटीकरण जिस पर संबंधित पीएसई के प्रबन्धन ने यह आश्वासन दिया कि आगामी वर्ष में सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस वर्ष के दौरान सीएजी द्वारा 98 सीपीएसई को 'प्रबंधन पत्र' जारी किए गए ***(परिशिष्ट XVI)***।

अध्याय III

निगमित अभिशासन

3.1 निगमित अभिशासन

3.1.1 कम्पनी अधिनियम 2013 में यथा शामिल प्रावधान

कम्पनी अधिनियम, 1956 को प्रतिस्थापित करते हुए 29 अगस्त 2013 को कम्पनी अधिनियम, 2013 अधिनियमित किया गया था। इसके अलावा, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने प्रबन्धन और प्रशासन, निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता, निदेशक बोर्ड की बैठक और उसकी शक्तियां और लेखे को कम्पनी नियमावली 2014 में अधिसूचित (31 मार्च 2014) किया था। कम्पनी नियमों के साथ कम्पनी अधिनियम, 2013 निगमित अभिशासन के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करते है। जिसमें अन्य बातों के साथ साथ निम्नलिखित का प्रावधान है:

- व्यवसायिक आचरण के लिए कर्तव्यों और दिशानिर्देशों के साथ स्वतंत्र निदेशकों के लिए योग्यताएं कंपनी (निदेशको की नियुक्त, योग्यता) नियम 2014 के नियम 5 के साथ धारा 149(6) को पढ़ा जाए।
- सूचीबद्ध कम्पनियों {धारा 149 (1)} के बोर्ड पर एक महिला निदेशक की अनिवार्य नियुक्ति।
- निगम सामाजिक उत्तरदायित्व समिति {धारा (135)}, लेखापरीक्षा समिति {धारा 177(1)}, नामांकन और पारिश्रमिक समिति {धारा 178(1)}, और पणधारक संबंध समिति {धारा 178(5)} जैसी कुछ समितियों का अनिवार्य रूप से गठन।
- प्रति वर्ष निदेशक मंडल की कम से कम चार बैठकें इस तरीके से निर्धारित की जानी है कि बोर्ड की लगातार दो बैठकों के बीच 120 दिन से अधिक का अन्तराल नहीं होगा {धारा 173(1)}।

3.1.2 निगमित अभिशासन पर सेबी दिशानिर्देश

कम्पनी अधिनियम 2013 के अधिनियमन के साथ,भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध करार के खण्ड 49 को संशोधित किया (अप्रैल और सितम्बर 2014) ताकि उसे कम्पनी अधिनियम, 2013 में विनिर्दिष्ट निगमित अभिशासन प्रावधानों के साथ संरेखित किया जा सके।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने पुराने प्रावधानों को निरस्त करके सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 जो 1 दिसम्बर 2015 से लागू हुई, को अधिसूचित किया (2 सितम्बर 2015)।

सेबी ने (13 अक्टूबर 2015) सभी प्रकार की प्रतिभूतियों के लिए एक एकीकृत सूचीबद्ध करार प्रपत्र जारी किया जिसके द्वारा सभी सूचीबद्ध कम्पनियों को सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के प्रावधानों का पालन करना आवश्यक है। ये विनियम 22 दिसम्बर 2015, 25 मई 2016, 8 जुलाई 2016, 4 जनवरी 2017 और 15 फरवरी 2017 को संशोधित किए गए थे।

3.1.3 केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए निगमित अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देश

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने निदेशक मंडल में गैर सरकारी निदेशकों को शामिल करने पर नवम्बर, 1992 में निगमित अभिशासन पर दिशानिर्देश जारी किए। डीपीई ने निदेशक मण्डल में स्वंत्रत निदेशकों को शामिल करने के लिए नवम्बर, 2001 में पुनः दिशानिर्देश जारी किए। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के कार्यचालन में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए सरकार ने जून, 2007 में सीपीएसई के लिए निगमित अभिशासन पर दिशानिर्देश जारी किए। ये दिशानिर्देश स्वरूप में स्वैच्छिक थे। इन दिशानिर्देशों को एक वर्ष की प्रयोगात्मक अवधि के लिए लागू किया गया था। इस अवधि के दौरान प्राप्त अनुभव के आधार पर, मई 2010 में डीपीई दिशानिर्देशों को आशोधित करने एवं पुनः जारी करने का निर्णय लिया गया था। इन दिशानिर्देशों को अनिवार्य बनाया गया और ये सभी सीपीएसई के लिए लागू किए गए हैं। डीपीई द्वारा जारी दिशानिर्देशों में निदेशक बोर्ड के संयोजन, बोर्ड समितियों के संयोजन एवं कार्य जैसे लेखापरीक्षा समिति क्षतिपूर्ति समिति, सहायक कम्पनियों का विवरण, उदघोषणाएं, रिपोर्टों

और कार्यान्वयन हेतु कार्यक्रम के क्षेत्र कवर होते हैं। इस अध्याय में डीपीई दिशानिर्देशों के सभी संदर्भ मई, 2010 में जारी डीपीई दिशार्निदेशों से संदर्भित है जो सभी सीपीएसई के लिए अनिवार्य है। डीपीई ने सभी सीपीएसई के एमओयू में निष्पादन पैरामीटर के रूप में निगमित अभिशासन को भी शामिल किया है। जहां तक सूचीबद्ध सीपीएसई का संबंध है, वहां उन्हें डीपीई दिशानिर्देशों में दिए गए प्रावधानों/विनियमन के अनुपालन के अतिरिक्त निगमित अभिशासन पर सेबी दिशानिर्देशों का अनुपालन करना अपेक्षित है।

3.1.4 चयनित सीपीएसई द्वारा निगमित अभिशासन प्रावधानों के अनुपालन की समीक्षा

31 मार्च 2018 तक भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत 644 केन्द्रीय सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) थे। सीपीएसई को अधिक स्वायतत्ता प्रदान करने की सरकार की नीति के संदर्भ में निगमित अभिशासन और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। महारत्न योजना के अन्तर्गत, सीपीएसई से अन्तर्राष्ट्रीय प्रचालनों को बढाने और वैश्विक पहचान बनाने की उम्मीद की जाती है जिसके लिए प्रभावी निगमित अभिशासन अत्यावश्यक है।

समीक्षा के उद्देश्य से, कम्पनी अधिनियम 2013 में निहित प्रावधानों, सेबी द्वारा जारी (अप्रैल तथा सितम्बर 2014) दिशानिर्देश और निगमित अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों (मई 2010), के आधार पर एक निर्धारण रूपरेखा तैयार की गई थी और निर्धारण रूपरेखा में वर्ष 2017-18 के दौरान इन प्रावधानों का विभिन्न स्टाक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध सीपीएसई द्वारा अनुपालन को प्रदर्शित किया गया था। समीक्षा में 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए विभिन्न मंत्रालयों के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत 52 सूचीबद्ध सीपीएसई कवर किए गए हैं। सीपीएसई की सूची ***परिशिष्ट-XVII*** में दी गई है।

3.2 निदेशकबोर्ड का गठन

3.2.1 बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक

बोर्ड निगमित अभिशासन का एक बहुत महत्वपूर्ण तंत्र है। सूचीगत करार के खण्ड 49 (II) (ए) (1) तथा सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियमन 17 (1)(ए) में अनुबंधित है कि कम्पनी के निदेशक बोर्ड में कार्यकारी एवं गैर-

कार्रकारी निदेशकों का इष्टतम संयोजन होना चाहिए जिनमें से गैर कार्यकारी निदेशक, निदेशक मंडल के 50 *प्रतिशत* से कम नहीं होने चाहिए।

तालिका 3.1 में सूचीबद्ध सीपीएसई में, कुल बोर्ड संख्या के 50 प्रतिशत से कम संख्या में गैर-कार्यकारी निदेशक हैं।

तालिका 3.1 सीपीएसई जहां गैर-कार्यकारी निदेशक कुल बोर्ड की क्षमता के 50 *प्रतिशत* से कम थे

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	कुल निदेशक	गैर कार्यकारी निदेशकों की संख्या	प्रतिशतता
1	बॉमर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड	6	2	33
2	पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	9	4	44

3.2.2 स्वतंत्र निदेशक

प्रबन्धन के निर्णयों, स्वतन्त्र विचार देने में समर्थ बोर्ड में स्वतंत्र प्रतिनिधियों की उपस्थिति को शेयरधारकों और अन्य पणधारियों के हितों की सुरक्षा करने के साधन के रूप में व्यापक रूप से माना गया है। कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 149(4), कम्पनी (निदेशकों की नियुक्ति तथा योग्यता) विनियमावली 2014 के नियम 4, सूचीबद्ध करार के खण्ड 49(II) (ए) (2), सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियमन 17(1)(बी) और डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 3.1.4 के अनुसार जहां बोर्ड का अध्यक्ष गैर कार्यकारी निदेशक है वहां कम से कम बोर्ड के एक तिहाई स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए और यदि वह एक कार्यकारी निदेशक है तो कम से कम आधा बोर्ड स्वतंत्र निदेशकों का बना हुआ होना चाहिए। तथापि, खण्ड 49 (II) (बी)(1) के अनुसार,'स्वतंत्र निदेशक' का अर्थ कम्पनी के नामित निदेशक के अलावा गैर कार्यकारी निदेशक होगा।

निदेशक बोर्ड (बीओडी) के गठन की समीक्षा से पता चला कि तालिका 3.2 में सूचीबद्ध सीपीएसई में उनके बोर्ड पर स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं थीः

तालिका 3.2: सीपीएसई जहां स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं थी

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	वीओडी में निदेशकों की संख्या	अध्यक्ष की प्रास्थिति	बीओडी में स्वतंत्र निदेशकों को अपेक्षित संख्या	बीओडी में निदेशकों की वास्तविक संख्या
1	केआईओसीएल लिमिटेड	7	कार्यकारी	4	2
2	ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	6	कार्यकारी	3	2
3	एचएमटी लिमिटेड	5	कार्यकारी	3	1
4	एनएलसी इंडिया लिमिटेड	14	कार्यकारी	7	6
5	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	10	गैर-कार्यकारी	4	2
6	दी फर्टीलाइजर्स एंड केमिकल्स ट्रेबनकोर लिमिटेड	11	कार्यकारी	6	5
7	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	11	कार्यकारी	6	4
8	बीईएमएल लिमिटेड	8	कार्यकारी	4	3
9	कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	11	कार्यकारी	6	5
10	आईटीआई लिमिटेड	7	कार्यकारी	4	2
11	ऑयल इंडिया लिमिटेड	11	कार्यकारी	6	4
12	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	10	कार्यकारी	5	4
13	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	7	कार्यकारी	4	3
14	शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	12	कार्यकारी	6	5
15	राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टीलाइजर्स लि.	8	कार्यकारी	4	3
16	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	13	कार्यकारी	7	6
17	भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड	7	कार्यकारी	4	2
18	राष्ट्रीय उर्वरक लिमिटेड	9	कार्यकारी	5	4
19	एनटीपीसी लिमिटेड	16	कार्यकारी	8	7
20	पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	9	कार्यकारी	5	3
21	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	13	कार्यकारी	7	6
22	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	7	कार्यकारी	4	2
23	एसजेवीएन लिमिटेड	10	कार्यकारी	5	4
24	मोइल लिमिटेड	9	कार्यकारी	5	3

तालिका 3.3 में दिए गए सीपीएसई के संबंध में बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

तालिका 3.3: सीपीएसई जिनके पास कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं हैं

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम
1	बॉमर लॉरी इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड
2	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड
3	आईएफसीआई लिमिटेड

3.2.3 बोर्ड में महिला निदेशक

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149 (1), कम्पनी (निदेशकों की नियुक्ति तथा योग्यता) विनियमावली, 2014 के अध्याय XI का नियम 3 तथा सूचीबद्ध करार का खण्ड 49(II)(ए)(1) और सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 का विनियमन 17 (1)(ए) निर्धारित करता है कि कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक होगी। एमएमटीसी लि. के संदर्भ में, निदेशक बोर्ड में एक भी महिला निदेशक नहीं थी।

3.3 स्वतन्त्र निदेशकों की नियुक्ति एवं कार्यचालन पद्धति

3.3.1 नियुक्ति का औपचारिक पत्र जारी करना

सूचीबद्ध करार (अप्रैल 2014) के खण्ड 49 (II) (बी) (4) (ए) अनुबद्ध करता है कि कम्पनी स्वतंत्र निदेशकों को नियुक्ति का औपचारिक पत्र कम्पनी अधिनियम 2013 में यथा प्रावधानित तरीके से जारी करेगी। कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV भाग IV के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति, नियुक्ति के पत्र के माध्यम से औपचारिक रूप से होगी जो नियुक्ति की निबंधन और शर्तों को निर्धारित करेगा। तथापि, यह पाया गया कि तालिका 3.4 में सूचीबद्ध सीपीएसई में शर्तो एवं निबंधन का विवरण देने वाला कोई भी नियुक्तिपत्र, जारी नहीं किया गया था।

तालिका 3.4 सीपीएसई द्वारा स्वतंत्र निदेशकों को जारी न किए गए नियुक्ति पत्र

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम
1	एचएमटी लिमिटेड
2	एनएलसी इंडिया लिमिटेड

3	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
4	हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
5	मिश्र धातु निगम लिमिटेड
6	एंड्रयू यूल एण्ड कंपनी लिमिटेड
7	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड

3.3.2 आचार संहिता

सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 17 (5)(ख) अनुबद्ध करता हैं कि निदेशक बोर्ड द्वारा निर्धारित आचार संहिता कम्पनी अधिनियम 2013 में यथा निर्धारित स्वतंत्र निदेशकों के कर्तव्यों को शामिल किया जाएगा। तथापि, यह पाया गया कि तालिका 3.5 में सूचीबद्ध सीपीएसई में, आचार संहिता स्वतन्त्र निदेशकों के कर्तव्यों को शामिल नहीं किया गया है।

तालिका 3.5: केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जहां आचार संहिता स्वतंत्र निदेशकों के कर्तव्यों में शामिल नहीं है

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम
1	एमएमटीसी लिमिटेड
2	स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

3.3.3 स्वतंत्र निदेशकों का प्रशिक्षण

3.3.3.1 कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV (पैरा-III(1) स्वतंत्र निदेशकों के कर्त्तव्य), सूचीगत करार के खण्ड 49(II) (ख) (7) (क) और (ख) और सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियमन 25 (7) में प्रावधान है कि कम्पनी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्र निदेशकों को उनकी भूमिकाएं, अधिकार, कंपनी में उत्तरदायित्वों, उद्योग की प्रकृति जिसमें कंपनी संचालित होती है, कंपनी के व्यापार मॉडल इत्यादि विषयों से अवगत करायेगी। तथापि, यह पाया गया कि तालिका 3.6 में सूचीबद्ध सीपीएसई में, उन स्वतंत्र निदेशकों के लिए ऐसा कोई प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया गया जो 2017-18 के दौरान बोर्ड में थे।

तालिका 3.6: सीपीएसई जहां स्वतंत्र निदेशकों के लिए कोई प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया गया था

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम
1	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
2	भारत इम्यूनोलीजीकल एंड बायोलोजीकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

3.3.3.2 इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियमन 46(2) (i) और अनुसूची V(सी) (2)(जी) के उल्लंघन में वेबसाइट पर प्रशिक्षण का विवरण उद्घोषित नहीं किया गया था और तालिका 3.7 में सूचीबद्ध सीपीएसई की वार्षिक रिपोर्ट में उसका कोई वेब लिंक नहीं दिया गया था।

तालिका 3.7: सीपीएसई, जहां वेबसाइट पर प्रशिक्षण विवरण नहीं दिया गया था

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम
1	द फर्टीलाइजर एंडकेमिकल्स ट्रावनकोर लिमिटेड
2	मिश्र धातु निगम लिमिटेड

3.3.4 निदेशक बोर्ड और बोर्ड समितियों की बैठक

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV(III)(3) में वर्णित है कि स्वतंत्र निदेशकों को निदेशक बोर्ड और बोर्ड समितियों की सभी बैठकों में भाग लेने का प्रयास करना चाहिए, जिनके वे सदस्य हैं। तथापि, कुछ स्वतंत्र निदेशकों ने इन बैठकों में भाग नहीं लिया। तालिका 3.8 ऐसे स्वतंत्र निदेशकों की संख्या दर्शाती है:

तालिका 3.8: स्वतंत्र निदेशक जिन्होंने कुछ बैठकों में भाग नहीं लिया

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	स्वतंत्र निदेशकों की संख्या जिन्होंने बोर्ड की बैठकों में भाग नहीं लिया	स्वतंत्र निदेशकों की संख्या जिन्होंने कुछ बोर्ड समितियों की बैठकों में भाग नहीं लिया
1	एनएमडीसी लिमिटेड	5	3
2	एनएलसी इंडिया लिमिटेड	3	2
3	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1	-
4	द फर्टीलाइजर्स एंड केमीकल्स ट्रेवेनकोर लिमिटेड	3	-

5	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	1	-
6	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	4	2
7	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड	2	1
8	भारत डायनामिक्स लिमिटेड	4	3
9	मिश्र धातू निगम लिमिटेड	1	1
10	कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि	1	-
11	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	5	2
12	इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलेपमेंट एजेंसी	3	1
13	भारत इम्यूनोलॉजिकल एंड बायोलॉजिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5	1
14	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	3	2
15	कोल इंडिया लिमिटेड	6	3
16	ऑयल इंडिया लिमिटेड	4	-
17	नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड	5	2
18	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	2	2
19	बॉमर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड	2	-
20	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	1	1
21	शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	2	-
22	राष्ट्रीय रसायन और उर्वरक लिमिटेड	2	2
23	हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	2	1
24	ऑयल एंड नेचूरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	7	4
25	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2	-
26	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5	3
27	एमएमटीसी लिमिटेड	3	-
28	इंडिया टुरिज़्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन	1	1
29	स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	6	2
30	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	3	-
31	गेल (इंडिया) लिमिटेड	5	2
32	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड	5	5
33	नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	2	2
34	एनटीपीसी लिमिटेड	7	3
35	पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया	1	-
36	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	2	1
37	एनएचपीसी लिमिटेड	3	2
38	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1	-

39	ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड	2	2
40	एसजेवीएन लिमिटेड	3	2
41	मोइल लिमिटेड	1	-
42	हाऊसिंग एंड अर्बन डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड	5	2

3.3.5 कम्पनी की सामान्य बैठकों में भाग लेना

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV(III)(5) में वर्णित है कि स्वतंत्र निदेशकों को कम्पनी की सभी सामान्य बैठकों में भाग लेना होगा। तालिका 3.9 में ऐसे सीपीएसई सूचीबद्ध हैं, जहां स्वतंत्र निदेशकों ने कम्पनियों की सामान्य बैठकों में भाग नहीं लिया।

तालिका 3.9: स्वतंत्र निदेशक, जिन्होंने सामान्य बैठकों में भाग नहीं लिया

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम	स्वतंत्र निदेशकों की संख्या जिन्होंने सामान्य बैठकों में भाग नहीं लिया
1	एनएमडीसी लिमिटेड	2
2	केआईओसीएल लिमिटेड	1
3	ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1
4	एनएलसी इंडिया लिमिटेड	3
5	द फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स ट्रावनकोर लिमिटेड	3
6	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	6
7	भारत डायनामिक्स लिमिटेड	5
8	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	1
9	आईटीआई लिमिटेड	1
10	भारत इम्यूनोलॉजिकल एंड बायोलॉजिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	8
11	ऑयल इंडिया लिमिटेड	3
12	नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड	3
13	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	3
14	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	2
15	हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	2
16	स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1
17	गेल (इडिंया) लिमिटेड	2
18	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड	2
19	एनएचपीसी लिमिटेड	1

3.3.6 स्वतंत्र निदेशकों की बैठक

3.3.6.1 कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV (VII) (1), सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियमन 25 (3) और सूचीगत करार के विनियम 49 II बी (6) (ए) में अपेक्षित है कि स्वतंत्र निदेशक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार गैर-स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति के बिना मिलेंगे। तालिका 3.10 ऐसे सीपीएसई दर्शाती है जहां कोई पृथक बैठक आयोजित नहीं की गई थी।

तालिका 3.10: सीपीएसई जहां स्वतंत्र निदेशकों की पृथक बैठकें आयोजित नहीं की गई थी

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम
1	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
2	भारत इम्मुनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड

3.3.6.2 कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV (VII) (2) में प्रावधान है कि सभी स्वतंत्र निदेशक ऐसी बैठकों में भाग लेने का प्रयत्न करेंगे। तथापि, तालिका 3.11 में सूचीबद्ध सीपीएसई के संबंध में, कुछ स्वतंत्र निदेशकों ने पृथक बैठकों में भाग नहीं लिया था।

तालिका 3.11: सीपीएसई जहां कुछ स्वतंत्र निदेशकों ने पृथक बैठकों में भाग नहीं लिया था

क्रम. सं.	सीपीएसई का नाम
1	एनएलसी इंडिया लिमिटेड
2	द फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स ट्रावनकोर लिमिटेड
3	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
4	भारत डायनमिक्स लिमिटेड
5	कंटैनेर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
6	इंडियन रिन्यूऐबल एनर्जी डेवलेपमेंट एजेंसी
7	हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
8	ऑयल इंड नेचुरल गैस कॉर्पोरिशन लिमिटेड
9	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड
10	स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
11	गेल (इंडिया) लिमिटेड
12	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
13	एनटीपीसी लिमिटेड

यद्यपि पृथक बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन तालिका 3.12 में सूचीबद्ध सीपीएसई के संबंध में बैठक का कोई कार्यवृत्त नहीं बनाया गया था।

तालिका 3.12: सीपीएसई जहां पृथक बैठक का कार्यवृत्त नहीं बनाया गया था

क्र. सं.	सीपीएसईका नाम
1.	केआईओसीएल लिमिटेड
2.	ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
3.	द फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड
4.	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
5.	आईटीआई लिमिटेड
6.	एन्ड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड
7.	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड

3.4 निदेशकों के पदों की भर्ती-कार्यकारी, गैर-कार्यकारी, स्वतंत्र

3.4.1 निदेशकों के रिक्त पदों की समय पर भर्ती कम्पनी के प्रबन्धन में अपेक्षित कौशल तथा विशेषज्ञता की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। रिक्तियों को भरने में किसी प्रकार का विलम्ब, निर्णय लेने की प्रक्रिया की प्रभावशीलता में रूकावट पैदा कर सकता है। कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV (पैरा VI (2) - पंजीकरण या हटाना) सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 25 (6) और सूचीबद्ध करार के खण्ड 49 (II) (डी) (4) में प्रावधान है कि एक स्वतंत्र निदेशक के त्याग-पत्र अथवा पद से हटाए जाने से उत्पन्न रिक्ति को जल्द से जल्द किन्तु अगली बोर्ड बैठक अथवा ऐसी रिक्ति की तिथि से तीन महीने, जो भी बाद में हो, तक तुरन्त भरा जाना चाहिए। तथापि, यह पाया गया कि तालिका 3.13 में वर्णित सीपीएसई ने उपरोक्त प्रावधान का अनुपालन नहीं किया और स्वतंत्र निदेशकों के पद काफी समय तक खाली पड़े रहे।

तालिका 3.13: सीपीएसई जहां स्वतंत्र निदेशकों की रिक्तियां समय पर नहीं भरी गई

क्रम. सं.	सीपीएसई का नाम	महीनों में खाली रहना
1	केआईओसीएल लिमिटेड	20
2	ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	40
3	एचएमटी लिमिटेड	12
4	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	24
5	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	24
6	बॉमर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड	58

7	एंड्रयू युल एंड कंपनी लिमिटेड	74
8	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5
9	पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	12
10	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	11
11	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	24
12	एसजेवीएन लिमिटेड	12
13	मोइल लिमिटेड	4

3.4.2 इसके अतिरिक्त, यह भी पाया गया कि तालिका 3.14 में सूचीबद्ध सीपीएसई, में पूर्णकालिक प्रमुख प्रबंधन कार्मिक की रिक्तियां कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 203(4) में निर्धारित छः महीनों की अवधि में नहीं भरी गई थी।

तालिका 3.14: सीपीएसई जहां पूर्णकालिक प्रमुख प्रबंधन कार्मिक की रिक्तियां समय पर नहीं भरी गई

क्रम.सं.	सीपीएसई का नाम	पद का नाम	चूक महीने में
1	एचएमटी लिमिटेड	निदेशक (संचालन)	46
2	द फर्टीलाईजर एंड केमीकल त्रावणकोर लिमिटेड	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक निदेशक (वित्त) निदेशक (टेक)	17 21 21
3	बीईएमएल लिमिटेड	निदेशक (वित्त), निदेशक (एचआर)	23 21
4	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	निदेशक (वित्त)	12
5	कोल इंडिया लिमिटेड	अध्यक्ष	7
6	नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड	निदेशक (वाणिज्यिक)	13
7	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	निदेशक (वित्त) निदेशक (संचालन)	9 7
8	एंड्रयू यूले एंड कंपनी लिमिटेड	निदेशक (कार्मिक)	7
9	बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड	एमडी/सीईओ	12
10	तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	निदेशक (टीएंडएफएस)	6
11	स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	निदेशक (विपणन)	9
12	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड	निदेशक (वित्त)	11
13	नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	निदेशक (विपणन)	26
14	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	निदेशक (वित्त)	24
15	आईएफसीआई लिमिटेड	अध्यक्ष	12

3.5 लेखापरीक्षा समिति

3.5.1 लेखापरीक्षा समिति का गठन

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 177 (1) और (2), सूचीबद्ध करार के खण्ड 49 (III) (ए) और सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियमन 18 में प्रावधान है कि सदस्य रूप में न्यूनतम तीन निदेशकों वाली एक लेखापरीक्षा समिति होगी जिसके दो तिहाई सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे। तथापि, स्कूटर्स इंडिया लि. के संबंध में कोई लेखापरीक्षा समिति गठित नहीं की गई थी।

तालिका 3.15 में वर्णित सीपीएसई के संबंध में लेखापरीक्षा समिति के दो तिहाई सदस्य, स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

तालिका 3.15: सीपीएसई जहां लेखापरीक्षा समिति में दो तिहाई स्वतन्त्र निदेशक नहीं थे

क्रम. सं.	सीपीएसई का नाम
1	एचएमटी लिमिटेड
2	बॉमर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड
3	बॉमर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
4	आईएफसीआई लिमिटेड

3.5.2 लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष

सूचीबद्ध करार के खण्ड 49 (III) (ए) (3) (4) और सेबी (सूचीबद्ध कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 18 (1) (डी) में प्रावधान है कि लेखापरीक्षा समिति का अध्यक्ष जो स्वतंत्र निदेशक होगा, वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम शेयरधारकों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उपस्थित होंगा। बॉमर लॉरी इन्वेस्टमेंट लिमिटेड, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेन्सी और आईएफसीआई लिमिटेड के संबंध में लेखापरीक्षा समिति का अध्यक्ष स्वतंत्र निदेशक नहीं है। एनएलसी लिमिटेड, द फर्टिलाईजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड और आईएफसीआई लिमिटेड के संबंध में लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में उपस्थिति नहीं थे।

3.5.3 लेखापरीक्षा समिति की बैठकें

सीपीएसई जिन्होंने द्वितीय चरण के तहत अंतर्गत इंडएएस के साथ-साथ नव निगमित सीपीएसई को अपनाया है, जिन्होंने 1 अप्रैल 2017 से अपने वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए 2017-18 में पहली बार इंडएएस को अपनाया है, के एकल वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षा में समीक्षा की गई। इंडएएस के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन और इनके राजस्व पर इन सीपीएसई में इंडएएस के कार्यान्वयन के प्रभाव, कर के बाद लाभ (पीएटी), निवल मूल्य और सीपीएसई की कुल संपत्ति का विश्लेषण परिवर्तन के संदर्भ में किया गया जिसके परिणामस्वरूप राजस्व पहचान, वित्तीय साधनों और संपत्ति का मूल्यांकन, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) कर्मचारी लाभ का आकलन और व्यावसायिक संयोजनों के लेखांकन के रूप में इंडएएस को अपनाया गया हैं।

6.6 इंडएएस के पहली बार अपनाये जाने की समीक्षा

इंडएएस 101 के अनुसार, किसी सत्व के प्रथम इंडएएस यह दर्शाते हैं कि अपने सूचित तुलन-पत्र, वित्तीय निष्पादन और नकद प्रवाह को आईजीएएपी से इंडएएस में पारगमन को कैसे प्रभावित किया। चरण-II में इंडएएस को अपनाने वाली कंपनियां आईजीएएपी के अनुसार उसी तिथि पर इंडएएस के अनुसार इक्विटी के साथ 01 अप्रैल 2016 और 31 मार्च 2017 कोरिपोर्ट की गई अपनी इक्विटी के सामंजस्य का प्रकटन करेंगी।

इंडएएस 101 इंडएएस के पूर्वव्यापी प्रयोग के सामान्य सिद्धांत के लिए वैकल्पिक छूट और अनिवार्य छूट को दर्शाता है। अनिवार्य अपवाद इंडएएस 10 - रिपोर्टिंग अवधि के बाद की घटनाएँ, इंडएएस 109 वित्तीय दस्तावेज और इंडएएस 110 - समेकित वित्तीय विवरण के कुछ पहलुओं के पूर्वव्यापी अनुप्रयोग से संबंधित हैं।

वैकल्पिक छूट में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) इंडएएस 103 - व्यापार संयोजन

कंपनी पिछले व्यापार संयोजनों (व्यापार संयोजन जो इंडएएस के लिए पारगमन की तिथि से पहले हुआ था) के लिए इंडएएस 103 को लागू नहीं करने का चुनाव कर सकती है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि अध्ययन के तहत 25 सीपीएसई में से, ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड और कर्नाटक सोलर पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने पिछले व्यापार संयोजन के लिए पूर्वव्यापी रूप से लागू किया।

(ii) इंडएएस 16 - संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

इंडएएस के पारगमन की तिथि पर, जैसाकि आईजीएएपी के अनुसार आंका गया। वित्तीय विवरण में पहचाने गये इंडएएस अपनी संपत्ति, पौधों और उपकरणों (पीपीई) और अमूर्त संपत्ति के मूल्य को जारी रखने के साथ चुनाव करने के लिए पहली बार अपनाने को अनुमति देता है और देनदारियों समाप्त करने के लिए आवश्यक समायोजन करने के बाद पारगमन की तिथि पर इसकी अनुमानित लागत के रूप में उपयोग करें। परिसंपत्ति की समायोजित मूल्यह्रास राशि को उसके शेष उपयोगी जीवन पर संभावित रूप से मूल्यह्रास किया जाता है।

लेखापरीक्षा विश्लेषण से पता चला कि 25 सीपीएसई में से, 14 सीपीएसई ने लागत वहन करने के लिए पीपीई के मूल्य का विकल्प चुना, जबकि एक सीपीएसई (हसन मैंगलोर रेल विकास कंपनी लिमिटेड) ने उचित मूल्य के आधार पर पीपीई को चुना। इसके अतिरिक्त, एक सीपीएसई (हिंदुस्तान फ्लोरोकॉर्बन्स लिमिटेड) ने फ्री होल्ड जमीन को छोड़कर वहन लागत पर पीपीई के मूल्य का चयन किया जहां उचित मूल्य को ध्यान में रखा गया था।

(iii) इंडएएस 27 - अलग वित्तीय विवरण

वित्तीय विवरणों के मामले में इंडएएस-101 के डी14 और डी15 पैराग्राफ के अनुसार, इंडएएस 27 में, सहायक कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं और सहयोगियों मेंअपने निवेश के लिए एक इकाई की अपेक्षा होती है और या तो लागत या इंडएएस 39 से जुड़ा होता है। यदि पहली बार अपनाने वाला इंडएएस 27 के अनुसार लागत पर इस तरह के निवेश को आंकता है, तो यह उस निवेश को लागत पर या अलग-अलग प्रारंभिक इंडएएस तुलन पत्र के रूप में लागत पर आंकेगा।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 4 सीपीएसई (एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड, ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन और एसटीसी लिमिटेड) ने वहन मूल्य/लागत मूल्य पर सहायक कंपनियों/सहयोगियों में निवेश को मापने का विकल्प चुना।

(iv) इंडएएस 109 - वित्तीय दस्तावेज

इंडएएस-101 किसी वित्तीय परिसंपत्ति को इंडएएस के लिए पारगमन तिथि पर मौजूद तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर इंडएएस 109 के अनुसार उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्ति और एक इक्विटी साधन में निवेश करने के लिए एक इकाई को अनुमति देता है।

लेखापरीक्षा विश्लेषण से पता चला है कि 5 सीपीएसई (हिंदुस्तान फ्लूरोकार्बन लिमिटेड, ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, मेकॉन लिमिटेड और रांची अशोक बिहार होटल कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने वहन मूल्य/लागत मूल्य पर इक्विटी का मूल्यांकन किया और दो सीपीएसई (महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एसटीसी लिमिटेड) ने उचित मूल्य पर इक्विटी का मूल्यांकन किया।

6.7 2017-18 में निगमित कंपनियों द्वारा इंडएएस अपनाया जाना

अध्ययन में शामिल 25 सीपीएसई में से, 2 सीपीएसई अर्थात इरकॉन दावानागेरे हावेरी हाईवे लिमिटेड और सूरत इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 1 अप्रैल 2017 के बाद शामिल किया गया और पहली बार इंडएएस को अपनाया गया। चूंकि इन कंपनियों ने पहली बार अपने वित्तीय विवरण तैयार किए थे, इसलिए इंडएएस का कोई प्रभाव नहीं था।

6.8 चयनित प्रमुख क्षेत्रों पर इंडएएस के कार्यान्वयन का प्रभाव

इंडएएस विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन से कर के बाद लाभ (पीएटी), राजस्व, कुल परिसंपत्ति, और कुल संपत्ति के मूल्यांकन पर प्रभाव पड़ सकता है। इंडएएस के अपनाने के समय सीपीएसई द्वारा लिए गए विकल्पों के आधार पर मूल्य बढ़ या घट सकते हैं। इंडएएस के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन की समीक्षा और समीक्षा हेतु चयनित 23 सीपीएसई[50] के कार्यान्वयन का प्रभाव नीचे दिया गया है:

[50] *2017-18 में इंड एस अपनाने वाली 2 नई सीपीएसई को छोड़कर*

6.8.1 कर के बाद लाभ (पैट) पर प्रभाव

31 मार्च 2016 को समाप्त अवधि की तुलना में 1 अप्रैल 2017 से पहले या बाद की लेखांकन अवधि के लिए कर के बाद लाभ (पैट) पर इंडएएस के अपनाने के प्रभाव, नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 6.1: पैट पर इंडएएस को अपनाने का सीपीएसई-वार प्रभाव

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	पैट में कमी (₹ करोड़ में)	पैट में वृद्धि (₹ करोड़ में)	नेट प्रभाव (₹ करोड़ में)
1.	हिंदुस्तान फ़्लोरोकार्बन लिमिटेड	-	1.04	1.04
2.	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	-3.14	2.74	-0.40
3.	ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड	-1.42	0.93	-0.49
4.	ब्रिज और रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड	-	0.16	0.16
5.	मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	1.61	1.61
6.	महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-248.42	12.08	-236.34
7.	कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	-	2.06	2.06
8.	हसन मंगलौर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड	-8.85	16.41	7.56
9.	नेशनल हाईस्पीड रेल कार्पोरेशन लिमिटेड	-0.003	0.490	0.487
10.	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	-0.0020	0.0205	0.0185
11.	रांची अशोक बिहार होटल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-0.10	0.13	0.03
12.	मेकॉन लिमिटेड	-1.71	0.02	-1.69
13.	हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड	-23.55	27.81	4.26
14.	सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया	-0.96	1.52	0.56
15.	इंडिया टूरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन	-112.56	111.72	-0.84
16.	एसटीसी लिमिटेड	-4.61	4.33	-0.28

इंडएएस अपनाने के कारण पीएटीमें अधिकतम वृद्धि और कमी क्रमशः इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन और महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में देखी गई।

6.8.2 पीएटी में वृद्धि/कमी के लिए योगदान करने वाले घटक

इंडएएस अपनाने के परिणामस्वरूप राजस्व, व्यय, परिसंपत्तियों और देनदारियों के विभिन्न मदों के मूल्यांकन में परिवर्तन उद्यम के पीएटी को प्रभावित कर सकते हैं। लेखापरीक्षा विश्लेषण ने संकेत दिया कि इंडएएस को अपनाने के परिणामस्वरूप चयनित सीपीएसई के पीएटी की वृद्धि निम्नलिखित कारणों से हुई थी:

(i) रोजगार लाभ के बाद लिए देनदारियों के मूल्यांकन में परिवर्तन के कारण लाभ में वृद्धि

आईजीएएपी के तहत वर्ष के लाभ या हानि का हिस्सा रोजगार के बाद देनदारियों के मापन के कारण होने वाले अंतर से बनता हैं। हालांकि इंडएएस के तहत, इस तरह के अंतर अर्थात् एक्चुरियल लाभ या हानि और योजना परिसंपत्तियों पर रिटर्न को लाभ या हानि के बजाय 'अन्य व्यापक आय' के तहत मान्यता दी गई थी। लेखापरीक्षा में देखा गया कि हिंदुस्तान फ्लोरोकार्बन लिमिटेड, रांची अशोक बिहार होटल कॉरपोरेशन लिमिटेड और इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन ने रोजगार के बाद के लाभों के प्रति देनदारियों लेखांकन की अलग-अलग पद्धति के कारण इंडएएस को अपनाने पर अपने लाभ में क्रमशः ₹ 1.04 करोड़, ₹ 0.10 करोड़ और ₹ 1.24 करोड़ की वृद्धि दर्ज की।

(ii) आस्थगित करोंको स्वीकार करने के कारण लाभ में वृद्धि

इंडएएस 12 को लागू करना-आय कर को तुलन पत्र में किसी परिसंपत्ति या देयता की राशि और उसके कर आधार के बीच नए अस्थायी अंतरों पर आस्थगित कर की मान्यता की आवश्यकता होती है। आईजीएएपी के अंतर्गत यह एक आवश्यकता नहीं थी। लेखापरीक्षा में पाया गया कि एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड, नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एसटीसी लिमिटेड नेइंडएएस-12 में निर्धारित आस्थगित कर की पहचान की नई पद्धति के कारण अपने लाभ में क्रमश: ₹ 1.08 करोड़, ₹ 0.04 करोड़, ₹ 0.03 करोड़ और ₹ 1.15 करोड़ की वृद्धि दर्ज की।

(iii) लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर निवेश मापन के कारण लाभ में वृद्धि

आईजीएएपी के तहत सभी वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों को लागत पर आंका जाता है, जबकि इंडएएस के तहत, कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय

देनदारियों को बाद में प्रभावी ब्याज दर लागू करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है। लेखापरीक्षा ने पाया किएंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड और एसटीसी लिमिटेड के लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर निवेश के मापन के परिणामस्वरूप कर के बाद लाभ में क्रमशः ₹ 0.31 करोड़ और ₹ 1.04 करोड़ की वृद्धि हुई।

(iv) अन्य कारणों से लाभ में वृद्धि

एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड पूर्व अवधि मद और ने दीर्घावधि प्राप्य के पुन: मापन पर लाभ के कारण लाभ में क्रमश: ₹ 1.31 करोड़ और ₹ 0.04 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के मामले में, पीएटीमें कर्मचारी ऋण और सुरक्षा जमा की मान्यता के कारण ₹ 0.16 करोड़ की राशि बढ़ गई, जिसे इंडएएस 107 और इंडएएस 109 के अनुसार उचित मूल्य पर फिर से आंका गया है। महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कर्मचारी लाभ/ ऋण और सुरक्षा जमा और पीएंडएल खाते से ली गई। आस्थगित आय के कारण क्रमशः पैट में ₹ 0.10 करोड़ और ₹ 0.13 करोड़ और ₹ 11.84 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। हसन मैंगलोर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने पीएटी में ₹ 2.65 करोड़ और ₹ 13.76 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की, जो कि ओवरहेड्स के उचित मूल्य के बीच अंतर को पहचान कर, देय और नोमीनल मूल्य को अनार्जित राजस्व के रूप में और उक्त को स्ट्रेट लाईन मथैड पर अन्य आय के आधार पर क्रमश: पुन: चुकाने की अवधि और पारगमन की तिथि से रियायत समझौते की शेष अवधि में फ्रेट शेयरिंग अधिकारों पर मूल्यह्रास/ परिशोधन पुन: गणना द्वारा पहचानता है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड नेसुरक्षा जमा के उचित मूल्य पर ब्याज, केपीटल वर्क-एन-प्रोगरेस में पूंजीगत कर्मचारी लाभ और अन्य इक्विटी में शेयर ईश्यू व्यय की पहचान के संबंध में क्रमश: ₹ 0.30 लाख, ₹ 0.25 करोड़ और ₹ 0.20 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। इसके अतिरिक्त, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ने वर्क-मैन प्राप्य और सुरक्षा जमा पर राष्ट्रीय हित के कारण लाभ में ₹ 0.02 करोड़ की वृद्धि दर्ज की और मेकॉन लिमिटेड ने पुनर्मूल्यांकन कार्य के परिणामस्वरूप लाभ में ₹ 0.02 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड में पैट मेंवित्तीय लागत, अमूर्त लागत, अघोषित राजस्व, व्यापार प्राप्तियों के प्रति प्रावधान का रिवर्सल और वारंटी शुल्कों के प्रति प्रावधान का रिवर्सल होने के कारण ₹ 13.16 करोड़, ₹ 9.90 करोड़, ₹ 3.95 करोड़ और ₹ 0.80 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने भी पैट में सुरक्षा जमा प्राप्त पर छूट देने पर ब्याज कारक आस्थगित राजस्व आय में पहचाने गये ब्याज कारक का परिशोधन लीजहोल्ड भूमि पर मूल्यह्रास में कमी और आस्थगित आय से पहचानी गई आय पहचान के संबंध में क्रमश: ₹ 0.27 करोड़, ₹ 1.00 करोड़, ₹ 0.06 करोड़ और ₹ 0.16 करोड़ कीवृद्धि दर्ज की। इसके अतिरिक्त, इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन ने अन्य को किये गये भुगतान और विद्युत वसूली की वापसी और इंडएएस के अनुसार

उचित मूल्य मापन प्रभाव के संबंध में पैट में क्रमश: ₹ 106.93 करोड़, ₹ 4.93 करोड़ और ₹ 1.15 करोड़ की वृद्धि दर्ज की और पूर्व अवधि व्यय को बट्टे खाते में डालने के संबंध में ₹ 2.14 करोड़ की वृद्धि एसटीसी लिमिटेड ने दर्ज की।

इंडएएस को अपनाने के परिणामस्वरूप चयनित सीपीएसई के पैट में कमी निम्नलिखित कारणों से हुई:

(i) आस्थगित करों को स्वीकार करने के कारण लाभ में कमी

इंडएएस 12 को लागू करना- आयकर को तुलन पत्र में एक परिसंपत्ति या देयता और उसके कर आधारकी राशि को नए अस्थायी अंतर के बीच आस्थगित कर की पहचान की आवश्यकता है। आईजीएएपी के तहत यह एक आवश्यकता नहीं थी। महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हसन मैंगलोर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और इंडिया टुरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मामले में, लेखापरीक्षा ने देखा कि कंपनी के लाभ में इंडएएस अपनाने के समय आस्थगित कर की पहचान के कारण क्रमशः ₹ 248.42 करोड़, ₹ 4.71 करोड़, ₹ 2.29 करोड़ और ₹ 0.33 करोड़ की कमी हुई।

(ii) पश्च रोजगार लाभों के प्रति देनदारियों के मूल्यांकन में परिवर्तन के कारण लाभ में कमी

आईजीएएपीके अंतर्गत, पश्च रोजगार लाभ के प्रति देयता में परिवर्तनों का मूल्य वर्ष हेतु लाभ या हानि का भाग बनाता है जबकि इंडएएस के अंतर्गत ऐसा मूल्यांकन अर्थात् एक्चूरियल लाभ और हानि और योजनाबद्ध परिसंपत्तियों पर रिटर्न लाभ या हानि की अपेक्षा अन्य विस्तृत आय के अंतर्गत पहचाने जाते है। एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड ब्रेथवेट बर्न एंड जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड और हसन मंगलौर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के मामले में लेखापरीक्षा में पाया गया कि पश्च रोजगार लाभ के लिए देनदारियों के मूल्यांकन परिवर्तन के कारण कंपनी के लाभ में क्रमशः ₹ 2.77 करोड़, ₹ 0.39 करोड़ और ₹ 0.04 करोड़ की कमी हुई। रांची अशोक बिहार होटल कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एसटीसी लिमिटेड ने पैट में पश्च रोजगार लाभ के लिए देनदारियों में वृद्धि के कारण क्रमश: ₹ 0.10 करोड़, ₹ 0.29 करोड़, ₹ 0.02 करोड़ और ₹ 3.51 करोड़ की कमी दर्ज की है।

(iii) अन्य कारण से लाभ में कमी

लेखापरीक्षा ने पाया कि अन्य नॉन-करंट देयता में टीबोर्ड की बुकिंग के परिणामस्वरूप एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड के लाभ में₹ 0.37 करोड़ तक कमी आई। हसन मैंगलोर

रेल डेवलेपमेंट कंपनी लिमिटेड ने प्रभावी ब्याज दर विधि के आधार पर सावधि जमा पर देयता की पुन: देय अवधि और ब्याज की पुन: गणना पर देय आस्थगित ओवरहेड पर राष्ट्रीय हित व्यय के रूप में पहचान कर क्रमश: ₹ 4.07 करोड़ और ₹ 0.03 करोड़ की पैट में कमी दर्ज की। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लाभ मेंसुरक्षा जमा पर स्थगित प्रीपेड खर्चों के परिशोधन के कारण₹ 0.003 करोड़ की कमी आईऔर स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड की सुरक्षा जमा,दरों और करों, मजदूरी और पूर्व साल के खर्च के कारण खर्चों में वृद्धि के लिए ₹ 0.0020 करोड़ की कमी हुई।खर्च के प्रावधानों में वृद्धि के कारण मेकॉन लिमिटेड ने भी लाभ में ₹ 1.71 करोड़ की कमी दर्ज की। लेखापरीक्षा में आगे कहा गया कि हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड में पीएटी मेंठेकेदारों से जमा राशि और लीजहोल्ड भूमि के परिशोधन के लिए संबंधित वित्त लागत में क्रमशः ₹ 20.91 करोड़ और ₹ 0.06 करोड़ की कमी आई है। सोलर इनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में आस्थगित लीजरेंट व्यय के परिशोधन, लीज रेंट आस्थगित राजस्व व्यय में पहचाने गये ब्याज कारक के परिशोधन में वृद्धि, निष्पादन गारंटी जमा पर छूट देना और केपीटल परिसंपत्ति की लागत से केपीटल ग्रांट के गैर-समायोजन के कारण हुए व्यय से क्रमश: ₹ 0.06 करोड़, ₹ 0.29 करोड़, ₹ 0.36 करोड़ और ₹ 0.23 करोड़ की कमी पीएटी में दर्ज की। इसके अलावा, एसटीसी लिमिटेड ने वित्त लागत और असाधारण व्यय के कारण पीएटी में ₹ 0.97 करोड़ और ₹ 0.13 करोड़ की कमी दर्ज की और इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन ने पीएटी में दूसरों के खाते में प्राप्त राजस्व की वापसी और क्रमशः बिजली की वसूली की वापसी होने के कारण क्रमश: ₹ 106.93 करोड़ और ₹ 4.93 करोड़ की कमी दर्ज की।

6.8.3 राजस्व की बुकिंग पर इंडएएस अपनाने का प्रभाव

इंडएएस 18 - राजस्व राजस्व के लेखांकन के लिए लागू इंडएएस है। इंडएएस 18 के तहत 'राजस्व' की परिभाषा में सभी आर्थिक लाभ शामिल हैं जो एक इकाई की गतिविधियों की सामान्य प्रक्रिया में उत्पन्न होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप नेट वर्थ प्रतिभागियों के योगदान से संबंधित वृद्धि के अलावा अन्य निवलपूंजी में वृद्धि होती है। आईजीएएपीके अनुसार, राजस्व (एएस 9 - राजस्व मान्यता), हालांकि, माल की बिक्री सेवाओं के प्रतिपादन से, और ब्याज, रॉयल्टी और लाभांश देने वाले उद्‌यम संसाधनों के अन्य द्‌वारा उपयोग से, एक उद्‌यम की सामान्य गतिविधियों के दौरान प्राप्त होने वाला नकद, प्राप्य या अन्य स्रोत्र को अंत: सकल प्रवाह के रूप में परिभाषित किया गया है।

चयनित सीपीएसई में 31 मार्च 2016 को समाप्त अवधि की तुलना में 1 अप्रैल 2017 के आरंभ या समाप्त होने के बाद लेखांकन अवधि के लिए राजस्व की बुकिंग पर इंडएएस अपनाने का प्रभाव निम्नानुसार है:

तालिका 6.2: राजस्व पर इंडएएस के परिशोधन का सीपीएसई-वार प्रभाव

क्र. सं.	सीपीएसईका नाम	राजस्व में कमी (₹ करोड़ में)	राजस्व में वृद्धि (₹ करोड़ में)	निवल प्रभाव (₹ करोड़ में)
1.	हिंदुस्तान फ्लोरोकार्बन लिमिटेड	-	1.45	1.45
2.	ब्रेथवेट बर्न एंड जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड	-	0.42	0.42
3.	कॉटन इंडिया लिमिटेड	-	218.86	218.86
4.	चेन्नई-एन्नोर पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड	-0.005	-	-0.005
5.	हसन मंगलौर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड	-	29.46	29.46
6.	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	-0.0020	0.0205	0.0185
7.	हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड	-1.31	9.90	8.59
8.	सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया	-0.27	-	-0.27
9.	इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-111.86	1.15	-110.71

लेखापरीक्षा ने पाया कि राजस्व में ₹ 218.86 करोड़ की अधिकतम वृद्धि कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में देखी गई, जबकि भारत टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संबंध में राजस्व में ₹ 111.86 करोड़ की कमी देखी गई।

6.8.4 राजस्व में वृद्धि/कमी के लिए जिम्मेदार घटक

इंडएएस अपनाने के परिणामस्वरूप चयनित सीपीएसई के राजस्व में वृद्धि निम्नलिखित कारणों से थी:

लेखापरीक्षा ने पायाकि परिचालन गतिविधियों से हिंदुस्तान फ़्लोरोकार्बन लिमिटेड ने राजस्व में ₹ 1.45 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है और ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने अन्य स्रोतों से आय के कारण ₹ 0.42 करोड़ की राजस्व में वृद्धि दर्ज की। इंडएएस 18 के अनुसार राजस्व पहचान के लिए लेखांकन नीति में बदलाव के कारण, कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ने ₹ 218.86 करोड़ की राशि के परिचालन से राजस्व में वृद्धि दर्ज की। हसन मैंगलोर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने परियोजना परिसंपत्तियों के तहत निर्माण और उसके बाद परियोजना परिसंपत्तियों पर वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सेवा रियायत समझौतों के तहत निर्माण अनुबंध लागत की पहचान के कारण राजस्व में ₹ 29.46 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। वर्कमैन प्राप्य और सुरक्षा जमा पर अनुमानित ब्याज के कारण, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ने राजस्व में ₹ 0.02 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा, हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के राजस्व में अघोषित राजस्व के कारण ₹ 9.90 करोड़ की वृद्धि थी। इंडिया टुरिज्म

डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन में, इंडएएस के अनुसार उचित मूल्य मापन प्रभाव के कारण राजस्व में ₹ 1.15 करोड़ की वृद्धि हुई थी।

इंडएएस अपनाने के परिणामस्वरूप चयनित सीपीएसई के राजस्व में कमी का कारण पूर्व अवधि त्रुटि थी जबकि चेन्नई-एन्नोर पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड ने राजस्व में ₹ 0.50 लाख की कमी दर्ज की। स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड को सुरक्षा जमा, दरों और करों, मजदूरी और पूर्व वर्ष के खर्चों के कारण खर्च में वृद्धि के परिणामस्वरूप राजस्व में ₹ 0.20 लाख की कमी हुई। इसके अलावा, हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के राजस्व में परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियों के मापन और राजस्व आय से समायोजित ग्राहक को अनुमत छूट के कारण ₹ 1.31 करोड़ और ₹ 0.27 करोड़ की राशि की कमी हुई, इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कार्पोरेशन राजस्व में अन्य और विद्युत वसूली वापसी के कारण राजस्व वापसी के कारण राजस्व में क्रमश: ₹ 106.93 करोड़ और ₹ 4.93 करोड़ की कमी आई।

6.8.5 कुल परिसंपत्तियों के मूल्य पर इंडएएस अपनाने का प्रभाव

इंडएएस16 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई), इंडएएस 38, अमूर्त परिसंपत्ति, इंडएएस 32 - वित्तीय दस्तावेज:, प्रस्तुतीकरण, इंडएएस 109 - वित्तीय दस्तावेज और इंडएएस 40 - निवेशसंपत्ति के अंतर्गत आईजीएएपी की तुलना में निर्धारित लेखांकन पद्धतियों में अंतर के कारण इंडएएस के कार्यान्वयन पर परिसंपत्तियों के कुल मूल्य प्रभावित किया।

इंडएएस को प्रथम बार अपनाने के संबंध में इंडएएस 101 इंडएएस के पारगमन की तिथि पर आईजीएएपी के अंतर्गत आंकी गई वित्तीय विवरण के पहचाने जाने के रूप में अपनी सभी पीपीई के वहन मूल्य को और देयता रोकने के लिए आवश्यक समायोजन करने के बाद पारगमन की तिथि पर इसकी अनुमानित लागत के वहन मूल्य जारी रखने के निर्णय के लिए प्रथम बार स्वीकारकर्ता को अनुमत करता है। यह छूट इंडएएस 38 - अमूर्त परिसंपत्ति और इंडएएस 40 - निवेश संपत्ति के अंतर्गत अमूर्त परिसंपत्ति के मूल्यांकन के लिए भी प्रयोग की जा सकती है।

चयनित सीपीएसई में 31 मार्च 2016 को समाप्त अवधि की तुलना में 1 अप्रैल 2017 को आरंभ या उसके बाद की अवधि के लिए कुल संपत्ति के मूल्य पर इंडएएस के अपनाने का प्रभाव इस प्रकार है:

तालिका 6.3: कुल परिसंपत्ति के मूल्य पर इंडएएस के अपनाने का सीपीएसई वार प्रभाव

क्र.सं.	सीपीएसईकानाम	कुल परिसंपत्ति के मूल्य में कमी (₹ में करोड़)	कुल परिसंपत्तियों के मूल्यमें वृद्धि (₹ करोड़ में)	निवल प्रभाव (₹ करोड़ में)
1.	हिंदुस्तान फ़्लोरोकार्बंस लिमिटेड	-	29.96	29.96
2.	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	-0.02	3.11	3.09
3.	ब्रेथवेट बर्न एंड जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड	-73.86	4.85	-69.01
4.	ब्रिज और रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड	-0.74	-	-0.74
5.	महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-9.39	20.04	10.65
6.	हिंदुस्तान कार्बनिक कैमीकल लिमिटेड	-583.07	1696.18	1113.11
7.	चेन्नई-एन्नोर पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड	-15.19	33.85	18.66
8.	हसन मंगलौर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड	-0.03	29.26	29.23
9.	नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-0.02	0.35	0.33
10.	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	-	0.0285	0.0285
11.	रांची अशोक बिहार होटल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	4.67	4.67
12.	हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड	-36.15	-	-36.15
13.	सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया	-2.54	-	-2.54
14.	इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन	-0.01	-	-0.01
15.	एसटीसी लिमिटेड	-314.32	313.29	-1.03

हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड में कुल परिसंपत्ति के मूल्य में ₹ 1113.11 करोड़ का अधिकतम निवल प्रभाव (वृद्धि) देखा गया, जबकि परिसंपत्ति के कुल मूल्य में

₹ 69.01 करोड़ का अधिकतम निवल प्रभाव (कमी) ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड में देखा गया।

6.8.6 कुल परिसंपत्ति के मूल्य में वृद्धि/कमी के लिए जिम्मेदार घटक

चयनित सीपीएसई की कुल परिसंपत्ति के मूल्य में वृद्धि के निम्नलिखित कारण थे:

हिंदुस्तान फ्लूरोकार्बन्स लिमिटेड और एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड की कुल परिसंपत्तियों के मूल्य में भूमि की गणना और उचित मूल्य पर निवेश के कारण क्रमशः ₹ 29.96 करोड़ और ₹ 3.11 करोड़ की वृद्धि हुई। ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने निवेश और आस्थगित कर परिसंपत्तियों के कारण क्रमश: ₹ 0.08 करोड़ और ₹ 4.77 करोड़ की कुल संपत्ति के मूल्य में वृद्धि दर्ज की। महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मेंकुल परिसंपत्तियों के मूल्य में उप-ऋण और सुरक्षा जमा के उचित मूल्यांकन पर ब्याज व्यय के पूंजीकरण और कर्मचारी लाभ, सुरक्षा जमा और प्रबंधन शुल्क के उचित मूल्यांकन के लिए किए गए पूर्व भुगतान में विभाजन के कारण क्रमश: ₹ 10.76 करोड़ और ₹ 9.27 करोड़ की वृद्धि देखी गई।हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड ने कुल परिसंपत्ति के मूल्य में, उचित मूल्य पर भूमि के पुनर्मूल्यांकन और परिभाषित लाभ योजना में परिवर्तन के कारण क्रमश: ₹ 1687.45 करोड़ और ₹ 8.73 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। चेन्नई-एन्नोर पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड ने कुल परिसंपत्तियों के मूल्य में गैर परिशोधित व्यय के अंतर्गत प्राथमिक व्यय, नॉन-करंट परिसंपत्ति से करंट परिसंपत्ति का पुन: वर्गीकरण, नॉन-करंट परिसंपत्ति में वृद्धि, करंट वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में नकद और नकद समराशि का पुन: वर्गीकरण और पार्टियों से करंट परिसंपत्तियों की वसूली के रूप में क्रमश: ₹ 0.71 करोड़,₹ 1.28 करोड़, ₹ 14.57 करोड़, ₹ 15.97 करोड़ और ₹ 1.32 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। हसन मैंगलोर रेल डेवलेपमेंट कंपनी लिमिटेड में कुल परिसंपत्तियों के मूल्य में इंडएएस 11 के अनुसार कम मूल्यह्रास/मूर्त/अमूर्त परिसंपत्तियों पर परिशोधन के दावे तथा पारगमन तिथि से रियायत समझौते की शेष अवधि पर एसएलएम आधार प्रयोग करते हुए मालभाड़ा शेयरिंग अधिकार पर मूल्यह्रास/परिशोधन की पुन: गणना के कारण ₹ 29.26 करोड़ राशि की वृद्धि देखी गई। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में कुल परिसंपत्तियों में मूल्य में सीडब्ल्यूआईपी (पूर्वअवधि व्यय, शेयर ईश्यू व्यय पर आस्थगित कर की पहचान, नॉन-करंट भाग का उचित मूल्य समायोजन (वहन मूल्य और प्रतिभूति जमा के उचित मूल्य में अंतर) और करंट भाग (वहन मूल्य और प्रतिभूति जमा के उचित मूल्य में अंतर) के उचित मूल्य समायोजन में व्यय के पूंजीकरण के कारण क्रमश: ₹ 0.29 करोड़, ₹ 0.04 करोड़, ₹ 0.01 करोड़ और ₹ 0.01 करोड़ की राशि की वृद्धि देखी गई। लेखापरीक्षा ने कंपनी द्वारा प्राप्त प्रतिभूति जमा पर लीज के अंतर्गत भूमि और अनुमानित ब्याज के

निवारण में परिवर्तन के कारण स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड के कुल परिसंपत्तियों के मूल्य ₹0.03 करोड़ और ₹ 0.002 करोड़ राशि की वृद्धि देखी। इसके अतिरिक्त, रांची अशोक बिहार हॉटल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की कुल परिसंपत्तियों के मूल्य में पूंजीकरण के पारंपरिक केंद्र के संबंध में ₹ 4.67 करोड़ की वृद्धि हुई। इसे अतिरिक्त, निवेश संपत्ति में वर्गीकृत पीपीई के संबंध में एसटीसी लिमिटेड की कुल परिसंपत्तियों के मूल्य में ₹ 313.02 करोड़ की वृद्धि हुई।

इंडएएस अपनाने के परिणामस्वरूप चयनित सीपीएसई की कुल संपत्ति के मूल्य में कमी निम्नलिखित कारणों से थी:

- एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड ने गैर वर्तमान व्यापार प्राप्तियों पर छूट के कारण ₹ 0.02 करोड़ की कमी की सूचना दी।
- ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने क्रमशः व्यापार प्राप्य और अन्य कारकों के कारण क्रमश: ₹ 5.20 करोड़ और ₹ 68.66 करोड़ की कमी दर्ज की।
- संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मान्यता के लिए नीति में बदलाव के लिए और उचित मूल्य, ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड में वित्तीय परिसंपत्तियों के पुन:मूल्यांकन में क्रमशः ₹ 0.17 करोड़ और ₹ 0.57 करोड़ की कमी दर्ज की गई।
- महाराष्ट्र मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2015-16 से 2017-18 के लिए निष्पक्ष मूल्यांकन के प्रभाव, वर्ष 2016-17 से 2017-18 के लिए विदेशी ऋण पर एकल प्रबंधन फीस के प्रभाव, वर्ष 2015-16 से 2017-18 के लिए कर्मचारियों को दिये गये ऋणों के निष्पक्ष मूल्यांकन, वर्ष 2015-16 से 2017-18 के लिए सुरक्षा जमा के निष्पक्ष मूल्यांकन के कारण क्रमश: ₹ 0.09 करोड़, ₹ 8.64 करोड़, ₹ 0.38 करोड़ और ₹ 0.27 करोड़ की राशि दर्ज की।
- हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड ने राज्य सरकार से भूमि की बिक्री, और आस्थगित कर देयताओं और वैट की वापसी के कारण क्रमश: ₹ 379.40 करोड़, ₹ 199.86 करोड़ और ₹ 3.81 करोड़ की कमी दर्ज की।
- चेन्नई-एन्नोर पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड ने वर्तमान वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में नकद और नकद समकक्षों के पुनर्वर्गीकरण के रूप में कुल परिसंपत्ति के मूल्य में ₹ 15.19 करोड़ की कमी दर्ज की।
- हसन मैंगलोर रेल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड में प्रभावी ब्याज दर पद्धति के आधार पर सावधि जमाओं पर ब्याज की पुन: गणना के कारण ₹ 0.03 करोड़ की राशि में कमी देखी गई।

- प्रतिभूति जमा के उचित मूल्यांकन के कारण ₹ 0.02 करोड़ की राशि से नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में कमी देखी गई।
- हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को ग्राहकों की जमा राशि, अचल परिसंपत्ति के लिए लीजहोल्ड भूमि की मान्यता, व्यापार प्राप्ति के प्रावधान, कराधान और आस्थगित कर परिसंपत्ति के लिए प्रावधान के संबंध में ₹ 5.28 करोड़, ₹ 0.18 करोड़, ₹ 12.37 करोड़, ₹ 16.94 करोड़ और ₹ 1.38 करोड़ की राशि की कमी आई।
- सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने भी लीजहोल्ड भूमि की गैर-मान्यता, नॉन-करंट सुरक्षा जमा प्राप्य के मूल्य में कमीके कारण कुल संपत्ति में क्रमश: ₹ 1.77 करोड़ और ₹ 0.77 करोड़ की कमी दर्ज की।
- एसटीसी लिमिटेड और इंडिया टूरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन ने क्रमशः इंडएएस के अनुसार निवेश संपत्ति और उचित मूल्य मापन प्रभाव पर विचार करने के कारण क्रमश: ₹ 314.04 करोड़ और ₹ 0.01 करोड़ की कमी दर्ज की।

6.8.7 निवल मूल्य के आधार पर इंडएएस अपनाने का प्रभाव

निवल मूल्य परिसंपत्ति के मूल्य और किसी कंपनी की देनदारियों के बीच का अंतर है। निवल मूल्य (इक्विटी) शेयर कैपिटल का भुगतान,फ्री रिजर्व और सिक्योरिटीज प्रीमियम खाते के कुल मूल्य, संचित घाटे, आस्थगित व्यय और विविध खर्चों के औसत मूल्य से कम करके किया जाता है। फ्री रिजर्व में परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन मूल्यह्रास और समामेलन की वापसी से सृजित रिज़र्व शामिल नहीं हैं।

इंडएएस तुलन पत्र खोलने में किसी सत्व की लेखांकन नीतियां आईजीएएपी को प्रयोग करते हुए उक्त तिथि के लिए प्रयुक्त हो रही नीतियों से अलग हो सकती है। चयनित सीपीएसई में 31 मार्च 2016 को समाप्त अवधि की तुलना में 1 अप्रैल 2017 या बाद में प्रारंभ लेखांकन के लिए निवल मूल्य पर इंडएएस की अपनाने का प्रभाव अग्रलिखित है:

तालिका 6.4: निवल मूल्य पर इंडएएस अपनाने का सीपीएसई-वार प्रभाव

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम	निवल मूल्य में कमी (₹ करोड़ मे)	निवल मूल्य में वृद्धि (₹ करोड़ में)
1.	हिंदुस्तान फ़्लोरोकार्बन लिमिटेड		49.75
2.	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	-110.73	
3.	ब्रेथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड	-52.50	

4.	ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड (इंडिया)	-0.80	
5.	हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड	-1.12	
6.	महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-5.29	
7.	हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	-270.00	
8.	कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	-	18.06
9.	राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	0.29
10.	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	-0.0251	-
11.	रांची अशोक बिहार होटल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-2.16	-
12.	मेकॉन लिमिटेड	-1.69	-
13.	हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड	-	0.41
14.	सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया	-	1.19
15	इंडिया टुरिज्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन	-16.91	-
16	एसटीसी लिमिटेड	-1.10	-

निवल सम्पत्ति में अधिकतम ₹ 49.75 करोड़ की वृद्धि हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन्स में देखी गई जबकि निवल सम्बधित में अधिकतम कमी ₹ 270.00 करोड़ की कमी हिन्दुस्तान ऑरगेनिक केमिकल्स लिमिटेड में देखी गई।

6.8.8 निवल सम्पत्ति में वृद्धि/कमी के लिए उत्तरदायी घटक

इंडएएस अपनाने के परिणामस्वरूप चयनित सीपीएसई की निवल सम्पत्ति में वृद्धि निम्नलिखित कारणों से थी:

- हिंदुस्तान फ़्लोरोकार्बन्स लिमिटेड के निवल मूल्य में ₹ 49.75 करोड़ की वृद्धि फ्रीहोल्ड भूमि के उचित मूल्यांकन के कारण हुई थी।
- एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड की निवल सम्पत्ति में ₹ 0.65 करोड़ की राशि की वृद्धि निवेश में वृद्धि के कारण हुई थी।
- ब्रेथवेट बर्न एंड जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड की निवल सम्पत्ति में ₹ 16.03 करोड़, ₹ 0.05 करोड़ और ₹ 4.26 करोड़ की राशि की वृद्धि क्रमश: प्रस्तावित लाभांश और कर, परिशोधित लागत पर बांड मूल्य और आस्थगित कर पर प्रभाव के कारण हुई थी।
- अत्यधिक मूल्यह्रास के प्रभाव के लिए, हुगली प्रिटिंग कंपनी लिमिटेड ने ₹ 0.13 करोड़ तक की निवल सम्पत्ति में वृद्धि रिकार्ड की।

- कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा निवल मूल्य में वृद्धि ₹ 13.84 करोड़ की पूर्वविधि मदों के समायोजन और ₹ 4.22 करोड़ के लाभांश पर लाभांश और कर के समायोजन के कारण दर्ज की।
- नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने निवल सम्पत्ति में ₹ 0.40 लाख, ₹ 0.03 लाख और ₹ 0.246 करोड़ की वृद्धि क्रमश: शेयर इश्यू व्यय पर आस्थगित कर परिसंपत्तियों की मान्यता, प्रतिभूति जमा पर छूट देने और सीडब्ल्यूआईपी में व्ययों के पूंजीकरण के कारण दर्ज की।
- हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की निवल सम्पत्ति में ₹ 0.41 करोड़ की वृद्धि विभिन्न घटको अर्थात् ग्राहकों/ठेकेदारों से परिशोधित लागत पर जमा कर मापन और बिल न किए गए राजस्व का प्रभाव और विभिन्न अन्य कारक जिसके परिणामस्वरूप निवल सम्पत्ति में कमी अर्थात् ट्रेड प्राप्यों पर हानि भत्ता, वारंटी प्रभारों के लिए प्रावधान, पट्टाभूमि का परिशोधन, पूर्वावधि त्रुटियां और उपरोक्त समायोजनों का कर प्रभाव के कारण हुई जिसके परिणामस्वरूप निवल सम्पत्ति में वृद्धि हुई।
- सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भी ₹ 1.19 करोड तक की निवल सम्पत्ति की वृद्धि उचित मूल्य/परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसम्पत्तियों और देयताओं को मान्यता, पट्टाभूमि का मूल्यह्रास और उस पर आस्थगित कर और आस्थगित राजस्व सरकारी अनुदान के परिशोधन के कारण रिकार्ड की गई।

इंडएएस अपनाने के परिणामस्वरूप चयनित सीपीएसई की निवल मूल्य में कमी निम्नलिखित कारणों से हुई:

- एंड्र्यू यूल एंड कंपनी लिमिटेड ने ₹ 2.89 करोड़, ₹ 3.75 करोड़, ₹ 0.10 करोड़, ₹ 0.22 करोड़, ₹ 1.10 करोड़ और ₹ 103.32 करोड़ की राशि की कुल सम्पत्ति की कमी क्रमश: पूर्वविधि त्रुटियों में सुधार, आस्थगित कर देयता में वृद्धि, कम मूल्य पर ट्रेड प्राप्यों पर विचार, पूंजीगत अग्रिम का समायोजन, टी बोर्ड आर्थिक सहायता का पुन: वर्गीकरण और धारक संयंत्रों पौधों के रिज़र्व पुर्नमूल्यांकन के समायोजन के कारण से हुई थी।
- ब्रेथवेट बर्न एंड जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने क्रमश: ₹ 68.13 करोड़ और ₹ 4.71 करोड़ की राशि की निवल सम्पत्ति की कमी क्रमश: परिसम्पत्तियों की मान्यता रद्द करना और प्रत्याशित क्रेडिट हानि विधि के अनुसार हानि भत्ते के कारण दर्ज की।

- ब्रिज एंड रूफ कं. (इंडिया) लिमिटेड ने ₹ 0.17 करोड़, ₹ 0.97 लाख, ₹ 0.56 करोड़ और ₹ 0.06 करोड़ की राशि की निवल सम्पत्ति में कमी क्रमश: पट्टा भूमि और परिवर्तन तिथि पर पट्टे के अधीन भवन की मान्यता, उचित मूल्य पर कार्मिक ऋण के पुन:मापन, उचित मूल्य पर नॉन करंट वित्तीय परिसम्पत्तियों का पुन: मापन और प्रत्याशित क्रेडिट हानि का उपयोग कर ट्रेड प्राप्यों के संबंध में हानि की गणना के कारण थी।
- आस्थगित कर और आंकलनोंमें परिवर्तन के प्रभाव के लिए हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड ने निवल सम्पत्ति में क्रमशः ₹ 0.25 करोड़ और ₹ 1.00 करोड़ की कमी दर्ज की।
- महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की निवल सम्पत्ति में ₹ 5.29 करोड़ की कमी उचित मूल्यांकन और अन्य प्रभावों के कारण हुई थी।
- प्रेफरेंश शेयर पूंजी के शेयर पूंजी के बजाय चालू वित्तीय देयता हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेडमें निवल सम्पत्ति में ₹ 270 करोड़ की कमी पाई गई।
- नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने प्रतिभूति जमा पर आस्थगित पूर्वदत्त व्ययों के परिशोधन के कारण निवल सम्पत्ति में ₹ 0.30 लाख की कमी दर्ज की।
- स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड, रांची अशोक बिहार होटल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और मेकॉन लिमिटेड ने निवल संपत्ति में ₹ 0.03 करोड़, ₹ 2.16 करोड़ और ₹ 1.69 करोड़ की कमी दर्ज की जिसका कारण क्रमश: पट्टा भूमि के प्रबंधन में परिवर्तन, अवधि के दौरान हानि और निवल लाभ में कमी थी।
- इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने निवल सम्पत्ति में ₹ 16.91 करोड़ की कमी दर्ज की जिसका कारण लाभांश पर कर के साथ प्रस्तावित लाभांश में परिवर्तन, वित्तीय परिसम्पत्तियों/देयताओं का परिशोधन, आस्थगित कर और पूर्वावधि मदों का समायोजन था।
- इसके अतिरिक्त, एसटीसी लिमिटेड में पूर्वावधि त्रुटि के समायोजन और मूल्यह्रास समायोजन के कारण ₹ 1.10 करोड़ की निवल संपत्ति में कमी देखी गई।

6.9 निष्कर्ष

इंडएएस अपनाने के परिणामस्वरूप वित्तीय रिपोर्टिंग संरचना में परिवर्तन, एतिहासिक लागत मूल्यांकन के रूप में उचित मूल्यांकन का प्रयोग हुआ। लेखापरीक्षा विश्लेषण से पता चला कि चरण-II में इंडएएस अपनाने से चयनित सीपीएसई के कर पश्चात् लाभ के मूल्य, कुल परिसंपत्ति और निवल संपत्ति पर प्रभाव पड़ा। इंडएएस के तहत राजस्व की

मान्यता की विधि में परिवर्तन ने भी उन सीपीएसई जिन्होंने चरण-II में इंडएएस अपनाया था मान्यता प्राप्त राजस्व को भी प्रभावित किया। 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए चयनित सीपीएसई के वित्तीय विवरणों में परिवर्तन को प्रकट उद्घोशित किया गया है। संबंधित सीपीएसई के निष्पादन और वित्तीय स्थिति आकलन के समय परिवर्तनों पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए।

अध्याय VII

सीपीएसई द्वारा अनुसंधान और विकास पर व्यय

7.1 प्रस्तावना

अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) व्यावसायिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिसके परिणामस्वरूप प्रौद्योगिकी बाजार में नए उत्पाद और सेवाएं लाती है। आरएंडडी के परिणामस्वरूप उच्च गुणवत्ता कार्य, सफल उद्यम, बेहतर माल एवं सेवाएं और अधिक योग्य और लागत प्रभावी कार्यविधि होती है।

विज्ञान एवं तकनीकी विभाग (डीएसटी) के तहत नेशनल साइंस एंड टेकनालाजी मैनेजमेंट इनफारमेंशन सिस्टम (एनएसटीएमआईएस) द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, देश में आरएंडडी की स्थिति ने 2004-05 से 2014-15 के दशक में आरएंडडी पर सकल व्यय (जीईआरडी) तीन गुना से अधिक ₹ 24,117 करोड़ से ₹ 85,326 करोड़ दर्शाई है। अध्ययन से पता चला कि जीईआरडी मुख्य रूप से सरकारी क्षेत्र द्वारा चलाया जा रहा था जिसमें केंद्र सरकार 45.1 *प्रतिशत*, राज्य सरकार 7.4 *प्रतिशत*, सार्वजनिक क्षेत्र उद्योग 5.5 *प्रतिशत* और उच्च शिक्षा के संस्थान 3.9 *प्रतिशत* था। निजी उद्योगों का हिस्सा बाकी 38.1 *प्रतिशत* था।

भारत सरकार ने भारत में बढ़ते अनुसंधान और विकास के लिए सक्षम वातावरण प्रदान करने के लिए प्रभावी सरकारी उपायों से भारत को 2020 तक एक वैश्विक नवाचार केन्द्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। सीपीएसई द्वारा आरएंडडी गतिविधियों के परिणामस्वरूप बाजार हिस्सेदारी में काफी वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता में सराहनीय विस्तार होगी। यह सीपीएसई को बढ़ती वैश्विक दुनिया में नई चुनौतियों और अवसरों को प्रयोग करने का मौका देता है।

7.2 लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र

अध्याय में 2013-14 से 2017-18 की अवधि के दौरान 21 चयनित सीपीएसई (***परिशिष्ट-XXVI***) द्वारा आरएंडडी गतिविधियों पर व्यय को कवर किया गया है। 21 सीपीएसई जिसमें 2014-15 से 2016-17 के किसी भी वर्ष के दौरान आरएंडडी गतिविधियों में ₹ 15 करोड़ से अधिक का व्यय किया गया है।

7.3 लेखापरीक्षा उद्देश्य

लेखापरीक्षा का उद्देश्य यह निर्धारित करना था कि क्या:

- कंपनी की आरएंडडी नीति/योजना तैयार करने और आरएंडडी बजट स्थापित करते समय उचित ध्यान दिया गया था?
- आरएंडडी योजना को प्रभावी ढंग से बजट लागत के भीतर परिकल्पित लाभ प्राप्त करने के लिए लागू किया गया है?
- प्रभावी प्रक्रियाएं और कार्यप्रणाली का प्रयोग किया गया है ताकि आरएंडडी परियोजनाओं से कार्यान्वयन और अंतिम परिणामों की निगरानी की जा सके?

7.4 लेखापरीक्षा मापदंड

निम्नलिखित मानदंडों के प्रति विश्लेषण किया गया था:

- डीपीई द्वारा जारी (सितंबर 2011) दिशानिर्देश।
- सीपीएसई की आरएंडडी परियोजनाओं के चयन के लिए प्रक्रियाएं और साधन और उसका मूल्यांकन तंत्र।
- एजेंडा/बोर्ड की बैठक का कार्यवृत/आरएंडडी उप-समिति/मानीटरिंग समिति।
- अनुसंधान और विकास व्ययों से संबंधित आयकर लाभ।

7.5 लेखापरीक्षा निष्कर्ष

7.5.1 आरएंडडी गतिविधियों के लिए नीति और योजना

सितंबर 2011 में सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) के लिए अनुसंधान और विकास (आरएंडडी दिशानिर्देश) पर दिशानिर्देशों के पैरा 3.1 और 3.2 में अपेक्षित है कि प्रत्येक सीपीएसई की कॉर्पोरेट आरएंडडी नीति होनी चाहिए जिसे कम्पनी की दूरदर्शिता और मिशन के साथ जोड़ा जा सके। कॉर्पोरेट आरएंडडी नीति के आधार पर कम्पनी की एक आरएंडडी मैनुअल और विशिष्ट आरएंडडी योजना होनी चाहिए।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 21 सीपीएसई में से भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की एक सुव्यवस्थित आरएंडडी नीति है जिसमें नीतिगत योजना, मानव संसाधन विकास, आरएंडडी कार्पस निधि, एसओपी का विकास, विशेष मंच जैसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के साथ संयुक्त विकास कार्यक्रम या विकास भागीदार, सीमीक्षा, सहभागिता और विश्लेषण तंत्र और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में मानदंड कवर किए गए थे।

तथापि, निम्नलिखित सीपीएसई के मामले में दिशानिर्देशों का अननुपालन पाया गया था:

- स्टील अर्थारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपनी आरएंडडी नीति और विशिष्ट आरएंडडी योजना नहीं बनाई थी। इसके पास केवल आरएंडडी नियमपुस्तिका है जिसे आरएंडडी केन्द्र (आरडीसीआईएस) द्वारा तैयार किया गया है।
- आयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड और बीईएमएल लिमिटेड की आरएंडडी नीति और नियमपुस्तिका नहीं थी। एनटीपीसी ने आरएंडडी केन्द्र के रूप में एनटीपीसी एनर्जी टेकनालाजी रिसर्च एलायंस (एनईटीआरए) स्थापित किया था।
- एनएमडीसी लिमिटेड के पास आरएंडडी नीति और नियमपुस्तिका नहीं है।आरएंडडी के लिए आईएमएस एपेक्स फ्रेमवर्क दस्तावेज विकसित किया था (नवम्बर 2017) जो मुख्य रूप से अन्तर्राष्ट्रीय मानकों (मानकीकरण, व्यवसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा आकलन श्रृंखला और सामाजिक जवाबदेहिता मानकों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संगठन) को दर्शाता है।
- आरएंडडी नीति और विशिष्ट आरएंडडी योजना के अभाव में, आईटीआई लिमिटेड आरएंडडी नियमपुस्तिका का अनुसरण करती है जो कम्पनी की गुणवत्ता प्रबन्धन प्रणाली नियमपुस्तिका का भाग है और न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटैड में यह कारपोरेट मैनेजमेंट सिस्टम दस्तावेज का एक भाग है।
- गेल (इंडिया) लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पास आरएंडडी कॉर्पोरेट नीति है, किन्तु उनके पास नीति और नियमपुस्तिका के आधार पर विशिष्ट आरएंडडी योजनाएं नहीं हैं।
- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की आरएंडडी नीति 1983 में बनाई गई थी और उसे तब से संशोधित नहीं किया गया है। कंपनी के पासआरएंडडी प्रक्रियात्मक दिशानिर्देश है जिन्हें जुलाई 2012 में अनुमोदित किया गया था।
- नालको और ईआईएल के पास डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार 2013-2020 आरएंडडी नीति के लिए बोर्ड अनुमोदित रोडमैपहै।

7.5.2 आरएंडडी परियोजनाओं का निधियन

7.5.2.1 पीएटी की प्रतिशतता के रूप में आरएंडडी व्यय

आरंएंडडी दिशानिर्देशों के पैरा 3.8 में कहा गया है कि कर पश्चात् लाभ (पीएटी) की प्रतिशतता के रूप में आरएंडडी पर न्यूनतम व्यय महारत्न/नवरत्न सीपीएसई के मामले में एक *प्रतिशत,* मिनिरत्न-। एवं ॥ और उसके नीचे के वर्ग की सीपीएसई के मामले 0.5

प्रतिशत होना चाहिए। 2013-14 से 2017-18 की अवधि के दौरान चयनित सीपीएसई द्वारा पीएटी की प्रतिशतता के रूप में आरएंडडी व्यय नीचे तालिका 7.1 में विस्तृत रूप से दिया गया है:

तालिका 7.1: 2013-14 से 2017-18 के दौरान पीएटी की प्रतिशतता के रूप में सीपीएसई द्वारा वास्तविक आरएंडडी व्यय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	सीपीएसई की श्रेणी	2013-14		2014-15		2015-16		2016-17		2017-18	
			राशि	पीएटी का प्रतिशत	राशि	पीएटी का प्रतिशत	राशि	पीएटी का प्रतिशत	राशि	पीएटी का प्रतिशत	राशि	पीएटी का प्रतिशत
1	सेल	महारत्न	113.66	6.62	144.26	8.9	124.7	NA*	127.66	NA*	122.9	NA*
2	ओएनजीसी	महारत्न	623	2.82	575	3.24	564	3.52	621	3.47	606	3.04
3	गेल	महारत्न	53.88	1.33	51.61	1.18	76.49	2.35	28.47	1.26	28.87	0.82
4	भेल	महारत्न	1114	32.19	1019	71.81	893	NA*	794	160.08	753	93.30
5	आईओसी एल	महारत्न	252.72	5.05	262.97	3.75	597.31	11.33	327.10	3.15	316.63	1.66
6	एनटीपीसी	महारत्न	134.34	1.06	129.56	1.18	129.68	1.26	162.28	1.59	184.98	1.97
7	एनएमडीसी	नवरत्न	16.74	0.26	18.49	0.29	17.64	0.58	20.3	0.78	22.03	0.58
8	पीजीसी आईएल	नवरत्न	2.95	0.07	6.72	0.13	10.85	0.18	9.92	0.13	8.71	0.10
9	बीईएल	नवरत्न	467	50.11	549	47.04	704	53.86	777	50.19	988	70.62
10	ईआईएल	नवरत्न	20.93	3.33	17.68	3.69	16.93	5.49	12.67	4.59	13.23	4.07
11	एचपीसीएल	नवरत्न	100.62	5.8	129.87	4.75	180.32	4.84	276.54	4.45	232.78	3.75
12	ओआईएल	नवरत्न	38.75	1.3	71.11	2.83	46.76	2.01	63.42	4.1	64.32	2.41
13	नॉलको	नवरत्न	13.87	2.33	7.31	1.13	15.75	1.19	47.52	6.5	27.95	4.17
14	बीपीसीएल	नवरत्न	36.8	0.91	40.7	0.80	59.7	0.85	49.5	0.62	83.2	1.05
15	बीडीएल	मिनिरत्न	19.89	5.76	22.72	5.43	29.43	5.21	37.41	6.62	40.22	7.62
16	बीईएमएल	मिनिरत्न	86.23	18.43	82.82	12.25	66.63	10.41	78.08	9.24	102.04	7.88
17	आईटीआई	अन्य	0.33	उ.न.*	0.05	उ.न.*	17.23	6.76	16.95	5.56	7.76	3.3
18	एमडीएसएल	मिनिरत्न	52.66	13.24	66.47	13.52	73.07	12.85	75.09	13.67	75.11	17.07
19	एचएएल	नवरत्न	85	3.15	150	6.28	257	12.86	305	11.66	309	14.92
20	ईसीआईएल	अन्य	22.40	47	23.81	47	19.79	27	22.65	40	16.03	30
21	एनपीसीआई एल	अन्य	डाटा प्रस्तुत नहीं किया गया									

**सीपीएसई जिन्होने वर्ष के दौरान हानि उठाई*

यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान आरएण्डडी व्यय से दिशानिर्देशों में अनुबंधित अपेक्षा पूरी नहीं हुई जिसके ब्यौरे निम्नानुसार है:

- एनएमडीसी लिमिटेड तथा पॉवरग्रीड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के मामले में वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान सभी वर्षों हेतु आरएण्डडी पर किया गया वास्तविक व्यय पीएटी के एक प्रतिशत से कम था।
- वर्ष 2017-18 के दौरान गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा आरएण्डडी पर किया गया वास्तविक व्यय एक प्रतिशत के निर्धारित व्यय से कम था।
- भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड केवल 2017-18 के दौरान ही पीएटी के एक प्रतिशत के निर्धारित व्यय को प्राप्त कर सकी थी और यह वर्ष 2013-14 से 2016-17 के दौरान डीपीई दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर सकी थी।
- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने वर्ष 2015-16 से 2017-18 तथा 2015-16 के दौरान क्रमश: हानि उठाने के बावजूद आरएण्डडी व्यय जारी रखा।
- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड तथा इलेक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड पीएटी की प्रतिशतता के रूप में आरएण्डडी व्यय के संबंध में शीर्ष तीन सीपीएसई थी जो वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान क्रमश: 32-160 प्रतिशत 47-70 प्रतिशत और 27-47 प्रतिशत के बीच था।

पीएटी के प्रतिशतता के रूप में आरएण्डडी व्यय 2013-14 से 2017-18 के दौरान 79 कंपनी - वर्षों[51] में 1 प्रतिशत से अधिक था जबकि कुल 94 कंपनी - वर्षों (सेल, भेल तथा आईटीआई में हानि के 6 वर्ष घटाकर 20 सीपीएसई x 5 वर्ष) में से 15 कंपनी - वर्षों में 1 प्रतिशत से कम था। 14 कंपनी - वर्षों (भेल-4 वर्ष, बीईएल - 5 वर्ष तथा ईसीआईएल - 5 वर्ष) के मामलें में पीएटी की प्रतिशता के रूप में आरएण्डडी व्यय 27-160 प्रतिशत के बीच था जबकि 27 कंपनी वर्षों में यह 5 प्रतिशत से अधिक था। अत:, पीएटी की प्रतिशतता के रूप में आरएण्डडी खर्चों की निर्धारित दर में वृद्धि हेतु समीक्षा की आवश्यकता है ताकि इसे भारत में सरकारी संगठनों द्वारा किए गए आरएण्डडी व्यय की सर्वोत्तम पद्धति से जोड़ा जा सके।

7.5.2.2 आरएण्डडी बजट के प्रति आरएण्डडी व्यय

आरएण्डडी दिशानिर्देशों के पैरा 3.8 (iii) में प्रवधान किया गया था कि अगले तीन वर्षों

[51]एक कंपनी-वर्ष एक कपंनी एक वर्ष के लिए से संबंधित है।

के लिए आरएण्डडी बजट अवश्य ही स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए, हालांकि, विचाराधीन वर्ष हेतु प्रक्षेपित वार्षिक व्यय को वर्ष हेतु लक्ष्य के रूप में लिया जाएगा। इसके अलावा, पैरा 3.8 (iv) में भी प्रावधान किया गया कि व्यपगत आरएण्डडी बजट को संबंधित कंपनी द्वारा बनाई गई आरएण्डडी निधि में हस्तांरित किया जाएगा।

हालांकि, बजट के प्रतिशतता उपयोग के साथ तुलना करने पर सीपीएसई के आरएण्डडी व्यय से देखा जा सकता है कि 21 के नमूना आकार में से काफी संख्या में सीपीएसई 100 प्रतिशत बजट राशि का उपयोग नहीं कर सकी थी जिसे तालिका 7.2 में दर्शाया गया है:-

तालिका 7.2: वर्ष 2014-15 से 2017-18 के दौरान आरएण्डडी बजट के प्रति वास्तविक आरएण्डडी व्यय की प्रतिशतता

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	2013-14			2014-15			2015-16			2016-17			2017-18		
		बजट	वास्तविक व्यय	आधिक्य प्रतिशतता	बजट	वास्तविक व्यय	आधिक्य प्रतिशतता	बजट	वास्तविक व्यय	आधिक्य प्रतिशतता	बजट	वास्तविक व्यय	आधिक्य प्रतिशतता	बजट	वास्तविक व्यय	आधिक्य प्रतिशतता
1	सेल	173	114	66	186	144	77	180	125	69	175	128	73	151	123	81
2	ओएनजीसी	391	623	159	543	575	106	774	564	73	608	621	102	650	606	93
3	गेल	40	54	134	43	52	119	30	76	252	23	28	127	35	29	82
4	भेल	1114	1114	100	1019	1019	100	893	893	100	794	794	100	753	753	100
5	आईओसीएल	408	253	62	416	263	63	465	597	128	418	327	78	455	317	70
6	एनटीपीसी	65	134	205	76	130	170	103	130	126	102	162	160	94	185	197
7	एनएमडीसी	22	17	76	22	18	83	88	18	20	29	20	71	87	22	25
8	बीईएल	651	467	72	664	549	83	814	704	87	955	777	81	1064	988	93
9	ईआईएल	41	21	51	32	18	56	27	17	63	31	13	40	33	13	40
10	एचपीसीएल	91	101	111	256	130	51	169	180	106	244	277	113	198	233	118
11	ओआईएल	उ.न.*	39	उ.न.	44	71	163	38	47	123	61	63	104	62	64	104
12	नॉलको	उ.न.*	14	उ.न.	उ.न.*	7	उ.न.	15	16	107	38	48	126	38	28	73
13	बीपीसीएल	39	37	95	46	41	89	57	60	105	54	50	92	90	83	92
14	बीडीएल	27	20	72	उ.न.	23	उ.न.	उ.न.	29	उ.न.	24	37	159	95	40	42
15	बीईएमएल	उ.न.*	86	उ.न.	उ.न.*	83	उ.न.	उ.न.*	67	उ.न.	उ.न.*	78	उ.न.	उ.न.*	102	उ.न.
16	आईटीआई	उ.न.*	0.33	उ.न.	उ.न.*	0.05	उ.न.	उ.न.*	17	उ.न.	उ.न.*	17	उ.न.	उ.न.*	8	उ.न.
17	एचएएल#	693	1083	156	948	1042	110	982	1191	121	1036	1284	124	1212	1612	133
18	पीजीसीआईएल	59	3	5	100	7	7	132	11	8	124	10	8	106	9	8
19	एमडीएसएल	38	53	140	41	66	161	46	73	159	51	75	147	50	75	150
20	ईसीआईएल	उ.न.	22	उ.न.	उ.न.	24	उ.न.	उ.न.	20	उ.न.	उ.न.	23	उ.न.	उ.न.	16	उ.न.
21	एनपीसीआईएल**	86	36	42	70	24	34	64	24	38	50	18	35	50	19	38

***ऑयल इंडिया लिमिटेड, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड, आईटीआई लिमिटेड, बीईएमएल लिमिटेड तथा इलेक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इन वर्षों हेतु वर्ष वार आरएण्डी बजट से संबंधित सूचना प्रस्तुत नहीं की थी।**

****एनपीसीआईएल से संबंधित डाटा में केवल इनके तकनीकी विकास समूह का डाटा शामिल है। वर्ष वार बजट तथा वास्तविक व्यय को इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली समूह के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया था।**

#आंकड़ों में आंतरिक तथा बाहय दोनों निधियन शामिल हैं।

- इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड, ऑयल एण्ड नैचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, इलेक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, बीईएमएल लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड तथा भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड के मामले में अगले तीन वर्षों के आरएण्डडी बजट को दर्शाया नहीं गया था।
- एनटीपीसी लिमिटेड तथा भारत पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड के मामले में आरएण्डडी की व्यपगत राशि को डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार सीपीएसई द्वारा सृजित आरएण्डडी निधि में हस्तांतरित किया जा रहा था। तथापि, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड, बीईएमएल लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, ऑयल एण्ड नैचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड, एनएमडीसी लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड ने किसी आरएण्डडी निधि का सृजन नहीं किया, इसलिए, व्यपगत आरएण्डडी बजट को अगले वर्ष में अग्रेनीत नहीं किया जा सका था।
- वर्ष 2015-16 और 2017-18 में एनएमडीसी लिमिटेड केवल 20-25 प्रतिशत आरएण्डडी बजट का ही उपयोग कर सकी थी जबकि बाकी वर्षों के दौरान बजट उपयोग 71-83 प्रतिशत था।
- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान क्रमश: 66-81 प्रतिशत तथा 40-63 प्रतिशत बजट का ही उपयोग कर सकी थी। डाटा को संयंत्रों/युनिटों के संबंध में डाटा की अनुपलब्धता के अभाव में केवल इसके आरएण्डडी केन्द्र (आरडीसीआईएस) का ही माना गया है।
- इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड तथा भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड 2015-16 को छोड़कर पिछले पाँच वर्षों के दौरान केवल 62-78 प्रतिशत तथा 89-95 प्रतिशत का ही उपयोग कर सकी थी।
- आरएण्डडी बजट का न्यूनतम उपयोग वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 5-8 प्रतिशत था।
- गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा आरएण्डडी बजट का प्रतिशतता उपयोग वर्ष 2015-16 में उच्च (252 प्रतिशत) तथा वर्ष 2017-18 में न्यूनतम 82 प्रतिशत था।

- सीपीएसई तथा वर्षों, जिनमें आरएण्डडी बजट का उपयोग 100 प्रतिशत था, को ***परिशिष्ट-XXVII*** में दिया गया है।

7.5.3 आरएण्डडी परियोजनाओं का कार्यान्वयन

आरएण्डडी दिशानिर्देशों का पैरा 4.3.1 तथा 4.3.2 निर्धारित करता है कि आरएण्डडी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए तंत्र का गठन परियोजना के आरंभ में किया जाएगा तथा आरएण्डडी कार्याकलापों द्वारा डाले गए प्रभाव का मापन परियोजना को शुरू करने से पहले विकसित बेसलाइन डाटा के संदर्भ में सर्वाधिक संभव सीमा तक किया जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा ने उल्लेख किया कि कुछ सीपीएसई में आरएण्डडी परियोजनाओं के लिए सुपरिभाषित तंत्र मौजूद है अर्थात।

(i) भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड के मामले में आरएण्डडी परियोजनाओं के विकास हेतु मुख्य कायकलापों, निधि एवं श्रमबल आवश्यकता, सहयोगपूर्ण भागीदार तथा प्रस्तावित कार्यक्रम आदि को प्रबंधन संस्वीकृति आदेश के समय अच्छी तरह से निर्धारित किया गया था जो विकास एवं इंजीनियरिंग कार्यकारी प्रमुखों, मुख्य तकनीकी अधिकारियों, महाप्रबंधकों, कार्यकारी निदेशकों तथा अंत में अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक (सीएमडी) के माध्यम से भेजा गया है; सीएमडी, निदेशकों (आरएण्डडी/वित्त) और एक बाहरी निदेशक (भारत सरकार द्वारा नामित) वाली एक शीर्ष आरएण्डडी समिति आवधिक रूप से माइलस्टोन, समय विस्तारणों, जोखिम क्षेत्रों की समीक्षा/विश्लेषण करती है और आवश्यक अनुमोदन हेतु बोर्ड को सिफारिश करती है।

(ii) आरएण्डडी परियोजनाओं की योजना, कार्यान्वयन, आवधिक समीक्षा तथा बोर्ड का आवश्यक अनुमोदन लेने में नेशनल एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड अनुसंधान एंव प्रौद्योगिकी केंद्र (एनआरटीसी) की सहायता स्थानीय परामर्शदाता बोर्ड (अनुसंधान एंव वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति / प्रौद्योगिकी समिति) द्वारा की जाती है।

(iii) ऑयल इंडिया लिमिटेड में बोर्ड द्वारा नियुक्त परिषद प्रमुख के रूप में शीर्ष कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में शीर्ष कोर समिति के रूप में अनुसंधान परिषद (आरसी) है, कंपनी की वार्षिक योजना तथा बजट को दो सदस्यीय आरएण्डडी समन्वय दल द्वारा तैयार किया जाता है और इसके पश्चात बोर्ड के आवश्यक अनुमोदन हेतु आरसी को प्रस्तुत किया जाता है।

तथापि, यह नहीं कहा जा सकता कि उपरोक्त उल्लिखित कार्यान्वयन तंत्र का नालको को छोड़कर किसी सीपीएसई द्वारा प्रभावपूर्ण तरीके से पालन किया गया है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है:

7.5.3.1 आंतरिक आरएण्डडी परियोजना

सीपीएसई द्वारा 2013-14 से 2017-18 के दौरान शुरू की गई आंतरिक आरएण्डडी परियोजनाओं के ब्यौरे तालिका 7.3 में दिए गए है।

तालिका 7.3: आंतरिक आरएण्डडी परियोजनाओं के ब्यौरे

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	शुरू की गई आंतरिक आरएण्डडी परियोजनाओं की संख्या	पूर्ण परियोजना	विलंबित परियोजनाओं की संख्या (पूर्ण / पून: अनुसूचित और चालू)	पुन: अनुसूचित / विलंब से पूर्ण परियोजनाओं की संख्या > एक वर्ष
1	बीडीएल	7	1	0	0
2	बीईएल	235	0	49	13
3	बीईएमएल	31	26	21	8
4	एचएएल	85	51	29	19
5	एचपीसीएल	55*	23	0	0
6	आईटीआई	2	1	1	1
7	एनएमडीसी	32	32	0	0
8	भेल	484	484	139	18
9	नॉलको	16	12	1	1
10	ईआईएल	41	27	10	0
11	ओआईएल	128	128	12	6
12	एनपीसीआईएल	19	12	6	3
13	सेल	253	190	56	0
14	एमडीएसएल	14	13	1	0
15	एनटीपीसी	31	22	9	3
16.	पीजीसीआईएल	7	7	0	0
17	बीपीसीएल	31	23	1	1
18	गेल	0**	-	-	-
19	ओएनजीसी	2470	2470	0	0
20	आईओसीएल	105	73	28	7

**इसमें नवी मुम्बई आरएण्डडी केंद्र की परियोजनाएं शामिल नहीं है क्योंकि संपूर्ण ब्यौरे प्रस्तुत नहीं किए गए थे।*

***गेल ने आंतरिक परियोजनाएं शुरू नहीं की है।*

टिप्पणी: ईसीआईएल से संबंधित ब्यौरे प्रस्तुत नहीं किए गए थे।

- भारत डायनामिक्स लिमिटेड के मामले में शुरू की गई सात परियोजनाओं में से एक परियोजना को समयपूर्व बंद कर दिया गया, एक पूरी हो चुकी परियोजना की प्रयोक्ता को आवश्यकता नहीं थी और शेष की 2018-19 और 2019-20 में पूर्ण होने की संभावना है।
- भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड ने 2013-14 से 2017-18 के दौरान 235 आरएण्डडी परियोजनाए शुरू की है और कोई परियोजना पूरी नहीं हुई। 49 विलंबित / पुन: अनुसूचित परियोजनाओं में से 13 एक वर्ष से अधिक समय से विलंबित थी।
- बीईएमएल ने 2013-14 से 2017-18 के दौरान की गई कुल 31 परियोजनाओं में से 26 परियोजनाए पूरी की थी। 21 विलंबित/पुन: अनुसूचित परियोजनाओं में से आठ परियोजनाओं में एक वर्ष से अधिक विलंब हुआ था।
- हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड ने वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान शुरू की गई 85 परियोजनाओं में से 51 परियोजनाएं पूरी की थी। 29 विलंबित / पुन: अनुसूचित परियोजनाओं में से 19 एक वर्ष से अधिक समय से विलंबित थी।
- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 2013-14 से 2017-18 के दौरान 484 परियोजनाएं पूरी की थी जिसमें से 139 परियोजनाएं (पूर्ण और चालू दोनों) विलंबित थी/है, जिसमे एक वर्ष से अधिक समय से विलंबित 18 परियोजनाए तथा तीन वर्षों से अधिक समय से विलंबित तीन परियोजनाएं शामिल है। तीन विलंबित परियोजनाओं के परिणामस्वरूप ₹ 140 लाख से अधिक की लागत वृद्धि हुई।
- आईटीआई ने तीन वर्षों से अधिक विलंब के साथ वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान शुरू की गई दो परियोजनाओं में से एक पूरी की थी।
- ऑयल इंडिया लिमिटेड ने 2013-14 से 2017-18 के दौरान शुरू की गई 128 परियोजनाएं पूरी की थी। 12 विलंबित परियोजनाओं में से छ: परियोजनाओं में एक वर्ष से अधिक का विलंब हुआ था।
- न्यूक्लीयर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान शुरू की गई 19 परियोजनाओं में से 12 पूरी की थी। छ: परियोजनाओं में से तीन में एक वर्ष से अधिक का विलंब हुआ था।
- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने एक से दस माह के विलंब के साथ 56 परियोजनाएं पूरी की थी। 20 परियोजनाएं अचानक बंद कर दी गई थी जिनकी संस्वीकृत लागत ₹ 926.25 लाख थी (वास्तविक लागत प्रस्तुत नहीं की गई) थी।

- इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान शुरू की गई 105 परियोजनाओं में से 73 पूरी की थी। 28 पूर्ण / पुन: अनुसूचित विलंबित परियोजनाओं में से सात परियोजनाओं में एक वर्ष से अधिक का विलंब हुआ था। एक विलंबित परियोजना को 60 प्रतिशत कार्य होने के बाद तकनीकी कारणों से पूरा नहीं किया जा सका था।

7.5.3.2 विश्वविद्यालयों / संस्थानों के सहयोग से शुरू की गई आरएण्डडी परियोजनाएं

सीपीएसई द्वारा 2013-14 से 2017-18 के दौरान विश्वविद्यालयों / संस्थानों के सहयोग से शुरू की गई आरएण्डडी परियोजनाओं के ब्यौरे तालिका 7.4 में दिए गए है।

तालिका 7.4: विश्वविद्यालयों / संस्थानों के सहयोग से शुरू की गई आरएण्डडी परियोजनाओं के ब्यौरे

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	विश्वविद्यालय / संस्थानों की संख्या	शुरू की गई आरएण्डडी परियोजनाओं की संख्या	संस्वीकृत लागत (₹ लाख में)	व्यय की गई लागत (₹ लाख में)	संस्वीकृत लागत के प्रति वास्तविक लागत की प्रतिशतता	पूर्ण की गई परियोजना		चालू परियोजनाएं
							अनुसूची के अनुसार	अनुसूची से अधिक	
1.	बीपीसीएल	7	7	5185	5174	100	0	1	6
2.	आईटीआई	1	1	14	13	93	1	0	0
3.	नालको	15	33	2773.6	2076.81	75	10	10	13
4.	एनएमडीसी	6	7	1358	482	35	0	2	5
5.	ओआईएल	9	12	1628.50	238.90	15	4	4	4
6.	गेल	12	32	5345.88	4011.41	75	7	14	11
7.	ईआईएल	4	4	631.48	342.09	54	2	0	2
8.	एचएएल	7	22	2558	962	38	4	7	11
9.	बीईएमएल	1	1	5.75	5.75	100	0	1	0
10.	बीईएल	49	127	132846.36	59990.71	45	0	0	127
11.	एनपीसीआईएल	1	2	112.41	112.41	100	2	0	0
12.	सेल	8	14	340.70	237.03	70	10	0	4
13.	भेल	17	44	5551.24	5159.02	93	19	25	0
14.	एनटीपीसी	23	37	5195.64	4675.56	90	2	10	25
15.	पीजीसीआईएल	5	6	1863	520	28	0	3	3
16.	ओएनजीसी	17	48	10314.31	4050.79	39	14	7	27
17.	एचपीसीएल	15	24	4292.42	2555.16	60	11	1	12
18.	आईओसीएल	10	12	614.01	204.77	33	0	4	8
19.	एमडीएसएल	6	6	233.80	380.49	163	1	2	3

टिप्पणी: बीडीएल ने विश्वविद्यालयों / संस्थानों के सहयोग से कोई परियोजना शुरू नहीं की थी। ईसीआईएल के मामले में ब्यौरे प्रस्तुत नहीं किए गए थे।

- ऑयल इंडिया लिमिटेड तथा पावर ग्रिड कार्पोरेशन लिमिटेड संस्वीकृत लागत के क्रमश: 15 तथा 28 प्रतिशत का ही उपयोग कर सकी थी उनके द्वारा शुरू की गई कुल 18 आरएण्डडी परियोजनाओं में से केवल चार परियोजनाएं समय पर पूरी हुई थी और 7 परियोजनाओं में विलंब था।
- एनएमडीसी ने संस्वीकृत लागत का 35 प्रतिशत खर्च कर दिया था और कुल सात परियोजनाओं में से केवल दो को एक वर्ष से अधिक के विलंब से पूरा कर सकी थी।
- बीईएमएल ने केवल एक परियोजना शुरू की गई जो 21 माह के विलंब से पूरी हुई थी।
- भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड में 127 परियोजनाओं में से 58 परियोजनाओं का विस्तारण किया गया जो मार्च 2018 से पहले पूरी की जानी थी। कोई भी परियोजना पूरी नहीं हुई तथा इन परियोजनाओं हेतु 45 प्रतिशत संस्वीकृत लागत का उपयोग किया गया था।
- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड अनुसूची के अनुसार 19 परियोजना और इस अवधि के दौरान शुरू की गई कुल 44 परियोजनाओं में से 25 परियोजनाएं 1 से 40 माह के विलंब से पूरी कर सकी थी।
- हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड के मामले में 22 परियोजनाओं में से 4 परियोजनाएं समय पर पूरी हुई और 7 परियोजनाएं 6-43 माह के विलंब के बाद पूरी हुई थी।
- एनटीपीसी लिमिटेड ने ली गई 37 परियोजनाओं में से केवल 2 परियोजनाएं ही समय पर पूरी की थी और 10 परियोजनाए एक वर्ष से अधिक विलंब के साथ पूरी हुई थी।
- आईटीआई लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड न्यूक्लीयर पावर कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड तथा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के मामले में विश्वविद्यालयों / संस्थानों के सहयोग से परियोजनाओं की समय पर पूर्णता से संबंधित निष्पादन संतोषजनक था। जबकि, गेल (इंडिया) लिमिटेड तथा नालको का निष्पादन संतोषजनक नहीं था।

7.5.4 आरएण्डडी परियोजनाओं की निगरानी

दिशानिर्देशों का पैरा 5.1 बताता है कि आरएण्डडी कार्यकलापों की उचित तथा आवधिक निगरानी के लिए सीपीएसई बोर्ड की उप-समिति या उचित शीर्ष समूह को नियुक्त कर सकती है। दिशानिर्देशों के पैरा 5.2 में आगे बताया गया है कि सीपीएसई द्वारा शुरू की गई आरएण्डडी परियोजनाओं की नियमित अंतरालों पर (मासिक / तिमाही / वार्षिक) निगरानी तथा समीक्षा की जाएगी तथा समीक्षा हेतु प्रस्तुत परियोजना रिपोर्ट में परियोजना की प्रत्यक्ष एंव वित्तीय दोनों प्रगति शामिल होगी।

निम्नलिखित अननुपालन देखे गए:

- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा मझगॉव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने आरएण्डडी कार्यकलापों की आवधिक निगरानी के लिए बोर्ड की उप-समिति या शीर्ष समूह की नियुक्ति नहीं की थी।
- आईटीआई लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड, एनएमडीसी लिमिटेड, ऑयल एण्ड नैचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (आंतरिक परियोजनाए), हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में समीक्षा हेतु प्रस्तुत परियोजना रिपोर्ट में परियोजना की वित्तीय प्रगति शामिल नहीं थी।
- इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की अनुसंधान परामर्शदात्री परिषद (आरएसी) की संदर्भ शर्तों के अनुसार, आरएसी को वर्ष में दो बार बैठक करनी थी परंतु आरएसी ने वर्ष 2013-14, 2015-16 और 2016-17 के दौरान केवल एक बार बैठक की। वर्ष 2017-18 के दौरान आरएसी की कोई बैठक नहीं हुई थी।
- आईटीआई लिमिटेड की 2017-18 तथा 2018-19 के दौरान (08.12.2018 तक) आयोजित की गई डीपी समीक्षा / एमईसीयू परियोजना प्रबंधन समूह की बैठकों के कार्यवृत्तों से एकमात्र चालू आंतरिक आरएण्डडी परियोजना (एमसीईयू हेतु ई1 / ई3) से संबंधी विचार-विमर्श का पता नहीं चला जो दिसम्बर 2018 में पूरी की जानी थी।

7.5.5 आरएण्डडी परियोजनाओं में से सीपीएसई द्वारा शोध पत्रों के पेटेंट का पंजीकरण तथा प्रकाशन

प्रौद्योगिकी, उत्पादन या आविष्कार का पेटेंट अन्यों को इसे बनाने, उपयोग करने या बेचने से वर्जित करने के लिए कंपनी के अधिकार को समर्थ बनाता है। यह पेटेंट कराई

गई प्रौद्योगिकी की विकास लागतों की वसूली तथा विकास में निवेश का प्रतिफल प्राप्त करने में भी सहायता करता है। पेटेंट की फाइलिंग इस जोखिम को कम करने में सहायता करती है कि समान विचार पर विकसित प्रौद्योगिकी, उत्पाद या आविष्कार किसी अन्य कंपनी द्वारा प्राप्त कर लिया जाएगा।

तालिका 7.5 में वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान प्रदत्त पेटेंट के साथ-साथ पंजीकरण हेतु दर्ज पेटेंट की तुलना में पूरी की गई सीपीएसई वार आरएण्डडी परियोजनाओं को दर्शाया गया है:

तालिका 7.5: सीपीएसई द्वारा दर्ज पेटेंट की संख्या

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	पूरी की गई आरएण्डडी परियोजनाएं			पेटेंट पंजीकरण हेतु दर्ज पेटेंट योग्य आविष्कारों की संख्या		प्रदत्त पेटेंट की संख्या
		आंतरिक	विश्वविद्यालय / संस्थान	कुल	भारत	भारत से बाहर	
1	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	190	10	200	168	0	0
2	ऑयल एंड गैस कॉर्पोरेशन	2470	21	2491	29	2	0
3	गेल (इंडिया) लिमिटेड	0	21	21	23	1	2
4	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	484	44	528	193	5	198
5	एनटीपीसी लिमिटेड	22	12	34	9	0	0
6	एनएमडीसी लिमिटेड	32	2	34	3	0	0
7	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	0	0	0	82*	0	7*
8	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड	27	2	29	21	0	0
9	ऑयल इंडिया लिमिटेड	128	8	136	6	4	2
10	नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड	12	20	32	20**	0	9**

11	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	23	1	24	16	11	3
12	बीईएमएल लिमिटेड	26	1	27	12	0	7
13	हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड	51	11	62	309	0	15
14	न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	12	2	14	0	0	0
15	पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	7	3	10	4	0	0
16	मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड	13	3	16	1	0	0
17	इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	विवरण प्रस्तुत नहीं			2	0	2
18	भारत डायनामिक्स लिमिटेड	1	0	1	0	0	0
19	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	23	12	35	79	35	2
20	इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड	73	4	77	13#	33#	0
21	आईटीआई लिमिटेड	1	1	2	0	0	0

इसमें 2018-19 के दौरान दर्ज सात पेटेंट शामिल है। प्रदत्त पेटेंट वर्ष 1998-99 से 2009-10 के दौरान दर्ज पेटेंट से संबंधित है।

*****इसमे 2013-14 से पूर्व दर्ज परन्तु 2013-14 से 2017-18 के दौरान प्रदत्त नौ पेटेंट है***

 # इसमें वर्ष 15-16 से 17-18 के डाटा शामिल है।

नमूना चयन की गई सीपीएसई में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड उत्कृष्ट निष्पादक था; इसे 198 पेटेंट दिए गए थे। 11[52] सीपीएसई के मामले में वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान कोई पेटेंट नहीं दिया गया। यह भी देखा जा सकता है कि 9[53] सीपीएसई द्वारा पेटेंट पंजीकरण हेतु दर्ज 600 परियोजनाओं में से; वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान केवल 49 पेंटेट दिए गए थे। इस प्रकार, सीपीएसई का प्रदर्शन भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड को छोड़कर आशाप्रद प्रतीत नहीं होता।

---

[52] सेल, ओएनजीसी, एनटीपीसी, एनएमडीसी, ईआईएल, एनपीसीआईएल, एमडीएसएल, बीडीएल, आईओसीएल और आईटीआई

[53] गेल, ओआईएल, नालको, बीपीसीएल, बीईएमएल, एचएएल, ईसीआईएल, बीईएल और एचपीसीएल

7.5.6.1 आरएण्डडी परियोजनाओं में से सीपीएसई द्वारा शोध पत्रों का प्रकाशन

आरएण्डडी की उपलब्धियों को शोध पत्रों के रूप में प्रकाशित किया जाता है जो ज्ञान सहभाजन के साथ-साथ भावी मार्गदर्शन हेतु उपयोगी हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप लेखक की अनुमति से अन्य / संगठन द्वारा अनुसंधान के आवेदन आ सकते थे और अनुसंधान आउटपुट से रॉयल्टी का सृजन हो सकता था। हालांकि, यह देखा गया कि महत्वपूर्ण आरएण्डडी व्यय के बावजूद शोध पत्रों के प्रकाशन में सीपीएसई का योगदान बहुत आशाजनक नहीं था।

तालिका 7.6 में 2013-14 से 2017-18 की अवधि के दौरान शोध पत्र का सीपीएसई वार प्रकाशन दर्शाया गया है।

तालिका 7.6: सीपीएसई वार अनुसंधान प्रकाशन की संख्या

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	आरएण्डडी व्यय (2013-14 से 2017-18) (₹ करोड़ में)	प्रकाशन की संख्या (2013-14 से 2017-18)
1	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	633	475
2	ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2989	447
3	गेल (इंडिया) लिमिटेड	239	5
4	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	4573	72
5	इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड	1757	20*
6	एनटीपीसी लिमिटेड	741	3
7	एनएमडीसी लिमिटेड	95	5
8	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	3485	71**
9	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड	81	56
10	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	920	30
11	ऑयल इंडिया लिमिटेड	284	33
12	नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड	112	4
13	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	270	12

14	भारत डायनेमिक्स लिमिटेड	150	8
15	हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड	6212	36
16	पावर ग्रिड कॉर्परेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	40	24
17	मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड	342	5
18	न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	186	4
19	बीईएमएल लिमिटेड	416	शून्य
20	आईटीआई लिमिटेड	42	शून्य
21	इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्परेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	105	4

**केवल वर्ष 2013-14 से 2014-15 का डाटा उपलब्ध कराया गया था।*

***केवल वर्ष 2017-18 का डाटा उपलब्ध कराया गया था।*

7.5.6.2 आरएण्डडी परियोजनाओं द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण

सीपीएसई खोज करने के प्रयास में आरएण्डडी कार्यकलापों पर काफी संसाधन खर्च करता है जो पहले से मौजूद उत्पादों या कार्यविधि के संवर्धन के प्रति नए उत्पादों या नाम या कार्य करने के तरीके को विकसित करने में सहायता करता है। तथापि, यह कहा गया कि आरएण्डडी परियोजनाओं द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के वर्ष 2013-14 से 2017-18 के दौरान केवल पाँच सीपीएसई थोड़ा सा राजस्व अर्जित कर सकी थी जबकि न्यूक्लीयर पावर कार्पोरशन ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड ने नई प्रौद्योगिकी से काफी राजस्व अर्जित किया था जैसे निम्नलिखित तालिका 7.7 में दर्शाया गया है।

तालिका 7.7: नई विकसित प्रौद्योगिकी का वाणिज्यीकरण

सीपीएसई का नाम	वाणिज्यिकृत प्रौद्योगिकी की सं.	नई प्रौद्योगिकी से सृजित बिक्री प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में)
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	39	शून्य
इंडिया ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड	11	6.89
इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड	4	0.70
हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्परेशन लिमिटेड	14	शून्य
नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड	4	0.08
भारत पेट्रोलियम कॉर्परेशन लिमिटेड	2	4.50

भारत डायनेमिक्स लिमिटेड	4	26.67
इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	15	शून्य
न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	5	545.17
हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड	2*	7017

**केवल आधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू विमानों की उत्पादन बिक्री शामिल है*

7.6 निष्कर्ष

कुछ अग्रणी सीपीएसई (महारत्न, नवरत्न या मिनिरत्न) में आरएण्डडी कार्यकलापों पर डीपीई दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित कार्पोरेट आरएण्डडी नीति नहीं थी। अधिकतर सीपीएसई व्यपगत बजट को आरएण्डडी निधि में हस्तांतरित नहीं कर रहे है। परियोजनाओं के पूरा होने में काफी विलंब हुए थे। आरएण्डडी परियोजनाओं की प्रभावपूर्ण निगरानी का अभाव था। पेटेंट तथा पूरी हो चुकी परियोजनाओं से राजस्व उदग्रहण में सीपीएसई का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। कुछ सीपीएसई को छोड़ कर सीपीएसई ने बहुत कम शोध पत्र प्रकाशित कराए थे। अधिकतर सीपीएसई द्वारा प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण से बहुत कम राजस्व अर्जित हुआ।

7.7 सिफारिशें

- सीपीएसई आरएण्डडी नीति, नियमपुस्तक तथा विशेष योजना स्थापित करे।और आरएण्डडी बजट के व्यपगमन को रोकने के लिए पृथक आरएण्डडी निधि सृजित करें।
- आरएण्डडी व्यय के संबंध में व्यय के लक्ष्यों का पिछले वर्षों में वास्तविक व्यय को ध्यान में रखते हुए सीपीएसई के साथ एमओयू के अंतर्गत निर्धारण किया जाए।
- सभी सीपीएसई को आरएण्डडी बजट का 100 प्रतिशत उपयोग करने हेतु उपाय करने की आवश्यकता है।
- आरएण्डडी परियोजनाओं की बेहतर निगरानी तथा यह समय पर पूरे होने चाहिए।
- सीपीएसई को अधिक शोध पत्र प्रकाशित करने तथा आरएण्डडी परियोजना से विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण से उनकी आय में वृद्धि का प्रयास करना चाहिए।

डीपीई ने अपने उत्तर में बताया (जुलाई 2019) कि सिफारिशों को नोट कर लिया गया है और यह भी बताया कि आरएण्डी दिशा निर्देशों को पहले ही वापिस लिया जा चुका है। दिशा निर्देशों को वापिस लेते हुए कार्यालय ज्ञापन (जुलाई 2019) से ज्ञात हुआ कि दिशा निर्देशों को वापिस लिया गया क्योंकि 2016-17 के बाद से परिणामोन्मुख मापदण्ड़ों को निर्धारित करते हुए एमओयू दिशा निर्देशों में संशोधित के उपरांत वे निरर्थक हो गये थे। उपरोक्त सिफारिशे डीपीई दिशा निर्देशों में परिकल्पित विचारधारा की प्राप्ति को सुनिश्चित मंत्रालय भविष्य में वार्षिक रूप से सीपीएसई हेतु एमओयू के अंतर्गत् आरण्डडी व्यय के लिए लक्ष्य निर्धारित करेंगी।

अध्याय VIII

सीपीएसई में विनिवेश

8.1 भारत सरकार की विनिवेश नीति

मौजूदा विनिवेश नीति 5 नवम्बर 2009 को लाई गई थी। भारत सरकार की विनिवेश नीति की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है:

(i) सरकारी क्षेत्र के उपक्रम राष्ट्र की संपत्ति है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह संपत्ति आम जनमानस के हाथों में होनी चाहिए, सीपीएसई में जन-स्वामित्व को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

(ii) सूचीबद्ध सीपीएसई में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के माध्यम से विनिवेश करते समय सरकार अधिकांश शेयरधारिता अर्थात कम से कम 51 प्रतिशत शेयरधारिता और सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का प्रबंधन नियंत्रण अपने पास रखेगी।

(iii) अभिज्ञात सीपीएसई में सरकारी शेयरधारिता में से 50 प्रतिशत या उससे अधिक एक बड़े हिस्से की बिक्री के जरिए नीतिगत विनिवेश सहित प्रबंधन नियंत्रण का हस्तांतरण।

5 नवम्बर 2009 को सरकार ने लाभ अर्जित करने वाली सरकारी कंपनियों में विनिवेश करने के लिए निम्नलिखित कार्य योजना अनुमोदित की:

(क) अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री से विनिवेश:

- प्रतिभूति संविदा (विनियम) (संशोधन) नियमावली 2010 में सूचीबद्ध सीपीएसई में न्यूनतम 10 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता की परिकल्पना की गई थी (जून 2010)। इस सीमा को अगस्त 2014 में संशोधित करके 25 प्रतिशत कर दिया गया था।
- गैर-सूचीबद्ध सीपीएसई जिनका कोई संचित घाटा नहीं है तथा जो पिछले तीन वर्षों से लगातार निवल लाभ कमा रहे हैं, उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा।
- अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकशों पर मामला दर मामला आधार पर सीपीएसई की पूंजीनिवेश संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाएगा और सरकार इसके साथ अथवा स्वतंत्र रूप से अपनी इक्विटी शेयरधारिता के एक हिस्से की पेशकश कर सकती है।

- विनिवेश के सभी मामलों पर मामला दर मामला आधार पर निर्णय लिया जाएगा।
- निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों के परामर्श से सीपीएसई की पहचान करेगा और जिन मामलों में सरकारी इक्विटी की बिक्री की पेशकश आवश्यक हो, उनके प्रस्ताव सरकार को प्रस्तुत करेगा।

(ख) नीतिगत विनिवेश

- नीति आयोग सहित विभिन्न मंत्रालय/विभागों के साथ एक परामर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।
- नीति आयोग नीतिगत विनिवेश के लिए सीपीएसई की पहचान करेगा और बिक्री की पद्धति, सीपीएसई के बिक्री किए जाने वाले शेयर की प्रतिशतता और सीपीएसई के मूल्यांकन की पद्धतियों के संबंध में सलाह देगा।
- विनिवेश संबंधित सचिवों काकोर ग्रुप (सीजीडी) नीति आयोग की सिफारिशों पर विचार करेगा ताकि नितिगत विनिवेश के संबंध में आर्थिक मामलों पर केबिनेट समिति (सीसीईए) द्वारा निर्णय लेने में सुविधा हो और कार्यान्वयन की प्रक्रिया का पर्यवेक्षण/निगरानी करेगा।

8.2 वर्ष 2017-18 की बजट घोषणाएं

वर्ष 2017-18 के बजट भाषण में वित्त मंत्री ने निम्नलिखित को उजागर किया था:

- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को सूचीबद्ध करने से अधिक सार्वजनिक जवाबदेही को प्रोत्साहन मिलेगा और इन कंपनियों का वास्तविक मूल्य प्रकट होगा। सरकार स्टॉक एक्सचेंज पर अभिज्ञात सीपीएसई का समय बाधित सूचीकरण सुनिश्चित करने के लिए एक संशोधित तंत्र स्थापित करेगी।
- आईआरसीटीसी, आईआरएफसी तथा ईरकॉन जैसी रेलवे पीएसई के शेयरों को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जाएगा।
- एकीकरण, विलयन और अधिग्रहणों के माध्यम से सीपीएसई को एक उद्यम की सभी मूल्य श्रृखंला में एकीकृत किया जा सकता है। यह उन्हें अधिक जोखिम वहन करने, स्केल मितव्ययता प्राप्त करने, उच्चतर निवेश निर्णय लेने और पणधारकों के लिए अधिक मूल्य सृजित करने की क्षमता देगा। इस प्रकार की पुन: सरंचना की संभावनाएं तेल एवं गैस के क्षेत्र में दृष्टिगोचर है। एक एकीकृत सार्वजनिक क्षेत्र 'ऑयल मेजर' का सृजन किया जायेगा जो अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू निजी क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनियों के प्रदर्शन से मेल खाने में सक्षम होगा।

- दस सीपीएसई की हिस्सेदारी वाली एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को हाल ही में अगली निधि पेशकश (एफएफओ)[54] में जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। शेयरों के अगामी विनिवेश के लिए साधन के रूप में ईटीएफ का उपयोग जारी रहेगा। तद्नुसार, विविध सीपीएसई स्टॉक तथा अन्य सरकारी धारिता के साथ नया ईटीएफ 2017-18 में शुरू किया जाएगा।

8.3 वर्ष 2017-18 के दौरान सीपीएसई के विनिवेश का लक्ष्य तथा उपलब्धि

वर्ष 2013-14 से 2017-18 के लिए विनिवेश प्रक्रिया के द्वारा डीआईपीएम के अभिलेखों के अनुसार किए गये बजट अनुमान, संशोधित अनुमान और वास्तविक उदग्रहण तालिका 8.1 मे दी गई है:

तालिका 8.1: वर्ष 2013-14 से 2017-18 तक सीपीएसई के विनिवेश के अनुमान तथा वास्तविक उद्ग्रहण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	उद्ग्रहण
2013-14	40000	16027	15819
2014-15	43425	26353	24349
2015-16	41000	25313	23997
2016-17	56500	45500	46274
2017-18	72500	100000	100057*

भारत सरकार (जीओआई) ने 2017-18 के दौरान विभिन्न तरीकों / माध्यमों से 36 मामलों में अपनी शेयरधारिता का विनिवेश किया। इन प्रत्येक तरीकों से वास्तविक उद्ग्रहण के ब्यौरें तालिका 8.2 में दिए गए हैं।

[54] *एफएफओ:- आगामी निधि पेशकश से तात्पर्य निवेशको को वर्तमान निधि द्वारा आगामी ईकाइयों को जारी करना है।*

तालिका 8.2: वर्ष 2017-18 के दौरान विभिन्न माध्यमों द्वारा सीपीएसई के विनिवेश से प्राप्त उद्ग्रहण

विनिवेश के माध्यम	मामलों की संख्या	उद्ग्रहण/ प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में)
आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ)/पिगीबैक[55]	6	24,039.85
बिक्री की पेशकश (ओएफएस)[56]	7	13,395.65
कर्मचारियों का ओएफएस	6	315.21
शेयरों की वापसी खरीद	13	5,337.55
नया निधि पेशकश[57]	1	14,500.00
नितिगत विनिवेश[58]		
(क) ऑफ मार्केट (एचपीसीएल - ओएनजीसी डील)	1	36,915.00
(ख) भारतीय यूनिट ट्रस्ट के विशेष उपक्रम (एसयूयूटीआई) में नीतिगत धारिताओं का विनिवेश	1	4,153.65
एसयूयूटीआई के निवेश के प्रबंधन से आय	1	1,400.00
कुल जोड़	**36**	**1,00,056.91**

लेखापरीक्षा में देखा गया कि एसयूयूटीआई निवेश से प्राप्त आय विनिवेश का भाग नहीं है। भारत सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशों तथा तत्पश्चात समय-समय पर एसयूयूटीआई के सलाहकारी बोर्ड द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार एसयूयूआईटी के निवेश पर प्राप्त ब्याज तथा लाभांश को एसयूयूटीआई सरकार को दे रही है। इस आय को सरकारी लेखा के एमएच-4000.01.800 'अन्य प्राप्तियों' के अंतर्गत बुक किया जाता है जबकि सरकारी विनिवेश की बिक्री से संबंधित विनिवेश प्राप्तियों को एमएच - 4000.03.190

[55] *आरंभिक सार्वजनिक पेशकश पहली बार सब्स्क्रिप्शन हेतु पब्लिक को गैर-सूचीबद्ध सीपीएसई या सरकार द्वारा इसकी शेयरधारिता या दोनों के सहयोग द्वारा शेयरों के पेशकश से संदर्भित है। सरकार के शेयर की बिक्री के साथ नई इक्विटी जारी करने को पिगीबैक ट्राजेक्शन कहा जाता है।*

[56] *बिक्री की पेशकश का संबंध स्टॉक एक्सचेंज तंत्र के माध्यम से सरकार (प्रमोटर) द्वारा शेयरों की बिक्री से है। यह पद्धति स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराए गए मंच पर शेयरों की नीलामी की अनुमति देती है।*

[57] *नयी निधि पेशकश का संबंध एक्सचेंज ट्रेडिंग फंड (ईटीएफ) के माध्यम से विनिवेश से है जो एकल पेशकश के माध्यम से विविध क्षेत्रों में विभिन्न सीपीएसई में सरकारी शेयर की एक साथ बिक्री की अनुमति देता है। यह सरकार के लिए ईटीएफ बास्केट का भाग बनने वाले सीपीएसई में इसकी शेयर धारिता के मुद्रीकरण हेतु तंत्र प्रदान करता है।*

[58] *नीतिगत विनिवेश का संबंध प्रबंधन नियंत्रण सहित सीपीएसई की 50 प्रतिशत तक या इससे अधिक प्रतिशत की सरकारी शेयरधारिता जैसा सक्षम अधिकारी निर्णय ले, के प्रर्याप्त हिस्से की बिक्री से है।*

'सार्वजनिक क्षेत्र के एवं अन्य उपक्रमों में विनिवेश' के अंतर्गत बुक किया जाता है। डीआईपीएएम के वित्त लेखाओं की लेखापरीक्षा के दौरान लेखापरीक्षा में देखा गया कि 2017-18 के दौरान एसयूयूटीआई के निवेश के प्रबंधन से प्राप्त आय के रूप में ₹ 1,400 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी जिसे 4000.01.800 अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत बुक करने की बजाय गलती से एमएच - 4000.03.190 के अंतर्गत बुक किया गया था। इस प्रकार, 2017-18 के दौरान डीआईपीएएम ने विनिवेश राशि को ₹ 1,400.00 करोड़ तक बढ़ाकर बताया था। लेखाओं को प्रमाणित करते समय इसके बारे में बताया गया था।

डीआईपीएएम ने उत्तर दिया (जुलाई 2019) कि एसयूयूटीआई केवल निरंतर पुराने अभ्यास के अनुसार अपने निवेशो इत्यादि से अर्जित अतिरिक्त आय को प्रदान करती है। हालांकि मुख्य शीर्ष 4000- 'विविध पूंजीगत प्रतियां' के अंतर्गत शीर्ष 04 - सरकार कीइक्विटी धारिता के विनिवेश से प्राप्त प्रीमियम है।

डीआईपीएएस का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि ऐसी प्रप्तियां एमएच 4000.01.800- सरकारी लेखो की अन्य प्रप्तियां के अंतर्गत बुक किए जाते है। इसके अलावा प्रधान लेखा कार्यालय, वित्त मंत्रालय (एमओएफ) ने गलत वर्गीकरण से सहमति जताई (सितम्बर 2018) और सूचित किया कि परिशोधन किया जा चुका है। सीजीए ने इस संबंध मे एमओएफ द्वारा किए गए परिशोधन को स्वीकृत (जून 2019) किया था। इस प्रकार एसयूयूटीआई से ₹ 1,400 करोड़ की आय को विनिवेश से प्राप्तियाँ नहीं माना जा सकता।

डीआईपीएएम के साथ मामले को बार-बार उठाने के बाबजूद 2017-18 दौरान सरकार द्वारा किए गए विनिवेश में एलआईसी की भागीदारी की सूचना प्रस्तुत नहीं की। बाद में डीआईपीएएम ने 2017-18 के दौरान भारत सरकार के द्वारा किए गए विनिवेश में एलआईसी द्वारा ली गई हिस्सेदारी (तीन आईपीओ और एक ओएफएस) से संबंधित आंशिक सूचना प्रस्तुत की गई (जून 2019)। इसने 2018-19 मे जारी एक आईपीओ (मिघानी) से संबंधित सूचना भी प्रदान की। यह भी देखा गया कि आईपीओ (2017-18) में प्रस्तावित शेयरों मे से एचएएल के आईपीओ में 68.62 प्रतिशत शेयर एलआईसी द्वारा खरीदे गये जबकि भारत सरकार द्वारा आईपीओ (2018-19) मे प्रस्तावित शेयरो मे मिघानी के मामले में एलआईसी ने 33.56 प्रतिशत शेयर खरीदे।

पूर्ण सूचना के अभाव में लेखापरीक्षा में यह सत्यापित नहीं किया जा सका कि क्या सीपीएसई के जन स्वामित्त्व के प्रोत्साहन के उददेश्य 2017-18 के दौरान सफलतापूर्वक प्राप्त हुए थे।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

वर्ष 2017-18 के लिए लेखापरीक्षा जांच में निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा उपलब्ध कराई गई फाइलों/अभिलेखों के आधार पर विभिन्न तरीकों से सीपीएसई में विनिवेश प्रक्रिया के 36 मामलें शामिल है। लेखापरीक्षा जांच में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा एचपीसीएल - ओएनजीसी डील के विनिवेश प्रक्रिया से संबंधित अभिलेख जिस भी सीमा तक दिए गए, भी शामिल है।

8.4 आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ)

8.4.1 आईपीओ के माध्यम से विनिवेश से उद्ग्रहण

वर्ष 2017-18 के दौरान भारत सरकार ने आईपीओ/पिगीबैक के माध्यम से छः सीपीएसई अर्थात जनरल इन्श्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी), दि न्यू इंडिया एश्योरेंस क. लिमिटेड (एनआईएसीएल), भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल), हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल), कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) तथा हाऊसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) में अपनी शेयरधारिता विनिवेशित कर दी। इन छः मामलों में विनिवेश से उद्ग्रहीत प्राप्तियाँ तालिका 8.3 मे दी गई है।

तालिका 8.3: वर्ष 2017-18 के दौरान आईपीओ द्वारा विनिवेश से उदग्रहण का विवरण

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	भारत सरकार की विनिवेशित शेयर धारिता की प्रतिशतता	विनिवेश का तरीका	विनिवेश से प्राप्त राशि (₹ करोड़ में)	विनिवेश के पश्चात भारत सरकार की शेयरधारिता की प्रतिशतता
(i)	जीआईसी	12.5	आईपीओ (पिगीबैक)	9,704.16	85.78
(ii)	एनआईएसीएल	11.65	आईपीओ (पिगीबैक)	7,653.32	85.44
(iii)	बीडीएल	12	आईपीओ	950.35	88
(iv)	एचएएल	10	आईपीओ	4,054.66	90
(v)	सीएसएल	25	आईपीओ (पिगीबैक)	470.01	75
(vi)	हुडको	10.19	आईपीओ	1,207.35	89.81
			कुल	**24,039.85**	

8.4.2 व्यक्तिगत खुदरा निवेशकों से प्राप्त खराब प्रतिक्रया

'सार्वजनिक पेशकशों के माध्यम से विनिवेश पर हस्तपुस्तिका[59]' के पैरा 3.3(8) में निर्दिष्ट किया गया था कि विनिवेश नीति सीपीएसई के धन एवं समृद्धि में हिस्सेदारी के लिए देश के नागरिकों को सक्षम बनाने के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता के व्यापक प्रसार की परिकल्पना करती है। शेयरों के संवितरित स्वामित्व को खुदरा निवेशकों को शेयरों के प्रस्ताव देकर प्राप्त किया जा सकता है। सीपीएसई में अल्पांश हिस्से के विनिवेश की मौजूदा नीति को आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीईए) के निर्णय (5 नवम्बर 2009) द्वारा शासित किया जाता है। इस निर्णय के माध्यम से अन्य बातों के साथ-साथ सीसीईए ने अनुमोदित किया कि सीपीएसई, जिनकी धनात्मक निवल संपत्ति है, कोई संचित हानि नहीं है और जिन्होने लगातार पिछले तीन वर्षों में निवल लाभ अर्जित किया है, से 10 प्रतिशत सार्वजनिक धारिता के अनिवार्य सूचीकरण मानक को प्राप्त करना अपेक्षित है और ऐसी सभी गैर-सूचीबद्ध सीपीएसई से स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होना अपेक्षित है। 22 अगस्त 2014 को वित्त मंत्रालय (आर्थिक मामलों का विभाग) ने प्रतिभूति संविदा (विनियम) नियमावली, 1957 में संशोधन अधिसूचित किया था जिसके अनुसार प्रत्येक सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी जिसकी सार्वजनिक शेयरधारिता 25 प्रतिशत से कम है, अपनी सार्वजनिक शेयरधारिता को तीन वर्षों की अवधि में कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाएगी।

सीसीईए ने मामला दर मामला आधार पर 35 सीपीएसई में विनिवेश के निर्णय की आवश्यकता को वैकल्पिक तंत्र[60] को सौंप दिया था (जनवरी 2017) जिसे विनिवेश की मात्रा पर निर्णय लेना था, सीपीएसई के शेयरों की बिक्री हेतु कीमत बैंड / आधार मूल्य, विनिवेश की पद्धति / तरीके, शेयर के हिस्से की संख्या एवं आबंटित शेयरों की संख्या और खुदरा निवेशकों तथा सीपीएसई के पात्र कर्मचारियों को छूट का अनुमोदन करना था। 11 सीपीएसई में भारत सरकार की 25 प्रतिशत शेयरधारिता के विनिवेश हेतु डीआईपीएएम के प्रस्ताव के सीसीईए अनुमोदन (अप्रैल 2017) के अनुसार वैकल्पिक तंत्र

---

[59] *सार्वजनिक पेशकशों के माध्यम से विनिवेश पर हस्तपुस्तिका जून 2011 में तत्कालीन विनिवेश विभाग (अब डीआईपीएएम) द्वारा प्रकाशित की गई थी।*

[60] *वैकल्पिक तंत्र तत्कालीन मंत्रियों के सशक्त समूह (ईजीओम) के कार्य करता है और इसमें अध्यक्ष के रूप में वित्त मंत्री तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री तथा प्रशासनिक मंत्रालय / विभाग के मंत्री सदस्य के रूप में शामिल है।*

ने कई बार[61] पात्र संस्थागत बोलीदाताओं, खुदरा निवेशकों तथा असंस्थागत निवेशकों को क्रमशः 50:35:15 के अनुपात में आबंटन के साथ आईपीओ की प्रक्रिया के माध्यम से सीपीएसई के शेयरों का प्रस्ताव रखने का निर्णय लिया था। सेबी (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2009 के विनियम 43 (2) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रोसेस[62] के माध्यम से एक निर्गमन में जनता को निवल प्रस्ताव का आबंटन 35 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

छः सीपीएसई, जहां वर्ष 2017-18 के दौरान आईपीओ के माध्यम से विनिवेश किया गया था, से संबंधित निवेशकों की प्रत्येक श्रेणी से प्राप्त प्रतिक्रिया कितनी बार शेयर अभिदान किया गया, को नीचे तालिका 8.4 में दिया गया है:

तालिका 8.4: वर्ष 2017-18 के दौरान आईपीओ द्वारा विनिवेश पर निवेशकों की प्रतिक्रिया

क्र. सं.	विवरण	जीआईसी	एनआईएसीएल	बीडीएल	एचएएल	सीएसएल	हुडको
(i)	पात्र संस्थागत क्रेता (क्यूआईबी)	2.25x	2.34x	1.50x	1.73x	63.52x	55.54x
(ii)	गैर-संस्थागत निवेशक (एनआईआई)	0.22x	0.12x	0.50x	0.03x	288.87x	330.36x
(iii)	व्यक्तिगत खुदरा निवेशक (आरआईआई)	0.63x	0.11x	1.41x	0.39x	8.51x	10.79x
(iv)	कर्मचारियों हेतु आरक्षण	1.01x	0.21x	0.42x	0.21x	0.48x	0.74x
सभी श्रेणियों के निवेशक		1.38x	1.19x	1.30x	0.99x	76.19x	79.53x

(उपरोक्त तालिका में 'x' का संबंध उस संख्या से है जितने गुणा शेयर सब्स्क्राइब किए गए। अतः 2.25x बताता है कि आईपीओ के अंतर्गत प्रस्तावित शेयर 2.25 गुणा सब्स्क्राइब किए गए अर्थात प्रस्तावित 100 शेयरों के प्रति 225 शेयर सब्स्क्राइब किए गए थे)

जैसे उपरोक्त तालिका से देखा गया, एचएएल, जीआईसी तथा एनआईएसीएल के आईपीओ के मामले में व्यक्तिगत खुदरा निवेशकों की प्रतिक्रिया काफी खराब थी जो

---

[61] *अवसर - हुडको - अप्रैल 2017; सीएसएल - अगस्त 2017; जीआईसी - अक्टूबर 2017; एनआईएसीएल - नवम्बर 2017; बीडीएल और एचएएल - मार्च 2018*

[62] *बुक बिल्डिंग प्रोसेस मांग प्राप्त करने तथा प्रतिभूतियों की मात्रा या मूल्य निर्धारित करने के लिए कीमत निर्धारण हेतु अपनाई गई प्रक्रिया है।*

प्रस्तावित शेयरों से 0.11 गुणा से 0.63 गुणा के बीच थी। इस प्रकार, 2017-18 के दौरान लाए गये आईपीओ की 50 प्रतिशत संख्या में तीन सीपीएसई में व्यक्तिगत खुदरा निवेशक कोटा काफी कम सब्सक्राइब किया गया था और तत्पश्चात विनिवेश नीति में व्यक्तिगत खुदरा निवेशक के लिए परिकल्पित उद्देश्य को पूरा नहीं किया जा सका था।

डीआईपीएएम ने उत्तर (मार्च 2019 और जून 2019) दिया कि यद्यपि खुदरा निवेशक श्रेणी के अंतर्गत निगर्मन को पूर्णत: सब्स्क्राइब नहीं किया जा सका था, फिर भी समग्र निर्गम को गैर-खुदरा निवेशकों की भागीदारी के मद्देनजर पूर्णत: सब्स्क्राइब कर लिया गया था। डीआईपीएएम ने यह भी उत्तर दिया कि निवेशकों की प्रतिक्रिया सरकार के नियंत्रण में नहीं होती और यह व्यक्तिगत निवेशक की इच्छा और निवेश हेतु बाजार की स्थितियों पर निर्भर करती है।

यद्यपि यह सहमति है कि निवेशकों की प्रतिक्रिया सरकार के नियंत्रण में नहीं है, खुदरा शेयरधारकों से भिन्न प्रतिक्रिया, अर्थात तीन सीपीएसई में अधिक सब्स्क्रप्शन और अन्य तीन सीपीएसई में कम सब्स्क्रिप्शन, इस बात की सूचक है कि विभिन्न श्रेणियों में निवेश पद्धति को बेहतर तरीके से समझने के लिए विश्लेषण करने की आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त, टिप्पणी आईपीओ में खुदरा भागीदारी से संबंधित थी परन्तु डीपीआईएएम के उत्तर में ना तो निम्न खुदरा निवेश भागीदारी के लिए कारण और ना ही आइपीओ में खुदरा निवेशक भागीदारी को बढावा देने के उपचारात्मक कदम बताए गये थे।

8.5 बिक्री की पेशकश (ओएफएस)

8.5.1 ओएफएस के माध्यम से विनिवेशों से उद्ग्रहण

वर्ष 2017-18 के दौरान, डीआईपीएएम ने ओएफएस पद्धति के माध्यम से सात सीपीएसई में विनिवेश से ₹ 13,395.65 करोड़ की राशि उद्ग्रहीत की थी जिसके ब्यौरें तालिका 8.5 में दिए गए है:

तालिका 8.5: 2017-18 के दौरान ओएफएस के माध्यम से विनिवेश उदग्रहण

सीपीएसई का नाम	भारत सरकार की शेयरधारिता के विनिवेश की प्रतिशतता	सीसीईए के अनुमोदन की तिथि	विनिवेश से प्राप्तियां (₹ करोड़ में)	विनिवेश के पश्चात भारत सरकार की शेयरधारिता की प्रतिशतता
नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नालको)	9.21	19.02.2015	1,191.73	65.38
राष्ट्रीय केमीकल एंड फर्टीलाईजर्स (आरसीएफएल)	5	13.05.2015	205.15	75
नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल)	15	13.05.2015	530.72	74.71
हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	6.83	13.05.2015	404.71	76.05
एनटीपीसी लिमिटेड	6.63	18.01.2017	9,117.92	63.11
एनएलसी (इंडिया) लिमिटेड	5	18.01.2017	722.29	84.32
एनएमडीसी लिमिटेड	2.52	19.02.2015	1,223.13	72.42
जोड़			**13,395.65**	

8.5.2 ओएफएस हेतु कार्यान्वयन अनुसूची का अननुपालन

22 अगस्त 2014 को वित्त मंत्रालय (आर्थिक मामलों का विभाग) ने प्रतिभूति संविदा (विनियम) नियमावली, 1957 में संशोधन अधिसूचित किया था जिसके अनुसार प्रत्येक सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी जिसकी सार्वजनिक शेयरधारिता 25 प्रतिशत से कम है, अपनी सार्वजनिक शेयरधारिता को तीन वर्षों की अवधि में कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाएगी।

तदनुसार, सीसीईए ने ओएफएस के माध्यम से एमएमटीसी लिमिटेड (एमएमटीसी) तथा दि स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसटीसी) में सरकार की 15 प्रतिशत शेयरधारिता के विनिवेश का अनुमोदन किया (13 मई 2015)। भारत सरकार ने 5 मई 2015 को एमएमटीसी तथा एसटीसी में क्रमश: 89.93 प्रतिशत तथा 90 प्रतिशत शेयर धारित किए थे। कार्यान्वयन अनुसूची के अनुसार सीसीईए ने निर्णय किया कि निर्गमन

का समय बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा तथा प्रस्तावित विनिवेश को 21 अगस्त 2017 तक कार्यान्वित किया जाना था।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि डीआईपीएएम 21 अगस्त 2017 तक एमएमटीसी तथा एसटीसी में विनिवेश हेतु सीसीईए के निर्णय को कार्यान्वित नहीं कर सका था। इसके परिणामस्वरूप 21 अगस्त 2017 को व्यापक ट्रेडिंग कीमतों के आधार पर ₹ 974 करोड़ (एमएमटीसी ₹ 836.97 करोड़ और एसटीसी ₹ 137.03 करोड़) का अपेक्षित उद्ग्रहण इन दो सीपीएसई के विनिवेश के माध्यम से मूर्त रूप नहीं ले सका। इसके अलावा, निम्नलिखित तालिका से देखा जा सकता है कि दोनों सीपीएसई की शेयर ट्रेडिंग कीमत में 21 अगस्त 2017 के बाद गिरावट आई थी जिसके परिणामस्वरूप 30 सितम्बर 2018 तक ₹ 260.81 करोड़ (एमएमटीसी: ₹ 218.24 करोड़ तथा एसटीसी: ₹ 42.57 करोड़) तक संभावी हानि हुई।

एमएमटीसी तथा एसटीसी में सरकारी शेयरधारिता के ब्यौरे, शेयरों की संख्या तथा स्टॉक एक्सचेंज की ट्रेडिंग दरों सहित तालिका 8.6 में दिए गए है।

तालिका 8.6 : एमएमटीसी और एसटीसी में ओएफएस में देरी के कारण अनुमति हानि

सीपीएसई	तिथि	भारत सरकार द्वारा धारित शेयरों की संख्या	बेचे जाने वाले शेयरों की संख्या अर्थात भारत सरकार की धारिता का प्रतिशत 15	प्रति शेयर विनिमय दर (₹ में)	विनिवेश के माध्यम से अपेक्षित उद्ग्रहण (₹ करोड़ में) (घ)x(ड़)	विनिवेश में विलंब से अनुमानित हानि (₹ करोड़ में)
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
एमएमटीसी	21.08.2017	89,92,68,762	14,99,94,790	55.80	836.97	-
	31.03.2018	89,92,68,762	14,99,94,790	55.65	834.72	2.25
एमएमटीसी (बोनस जारी करने के बाद)	30.09.2018	134,89,03,143	22,49,92,184	27.50	618.73	218.24
एसटीसी	21.08.2017	5,40,00,000	90,00,000	152.25	137.03	-
	31.03.2018	5,40,00,000	90,00,000	135.85	122.27	14.76
	30.09.2018	5,40,00,000	90,00,000	104.95	94.46	42.57

**एमएमटीसी ने 3 मई 2018 को 1:2 बोनस शेयर जारी किये थे*

डीआईपीएएम ने उत्तर दिया (मार्च 2019) कि शेयर बाजार में कीमत संचलन सीपीएसई के प्रदर्शन, इसकी संभावित वृद्धि के बारे में निवेशकों के बोध तथा निवेशको की रूचि पर निर्भर करता है। विनिवेश का निर्णय मौजूदा निवेशकों की रूचि तथा बाजार की परिस्थितियों के आधार पर लिया जाता है। वि.व. 2017-18 की अवधि में एमएमटीसी के 25.5 लाख शेयर / दिन तथा एसटीसी के 3.6 लाख शेयर/ दिन शेयरो की दैनिक ट्रेडिंग मात्रा निवेशकों की कम रूचि दर्शाती है जबकि ओएफएस का अनुमोदन एमएमटीसी के मामले में 14.99 करोड़ शेयरों तथा एसटीसी के मामले में 90 लाख शेयरों के लिए था। निवेशकों की रूचि के अभाव में एमएमटीसी तथा एसटीसी के लिए ओएफएस करना उचित नहीं माना गया क्योंकि बाजार में भारत सरकार के प्रस्तावों की विफलता संभावित थी जो वांछित नहीं था।

डीआईपीएएम ने पूर्व उत्तर को दोहराते हुए, यह कहा (जून 2019) कि प्रत्येक संव्यवहार एक दूसरे से भ्न्नि है और विशेष रूप से एमएमटीसी/ एसटीसी में ट्रेड मात्रा कम होने की अवधि के दौरान बाजार मांग की कमी के कारण ओएफएस की विफलता हो सकती थी जिससे और अधिक जटिलताएं सृजित होती। अत: तदनुसार उस अवधि के दौरान एमएमटीसी के ओएफएस पर विचार नहीं किया गया।

डीआईपीएएम का उत्तर मान्य नहीं था और जिसे इस तथ्य के मद्देनजर देखा जाना था कि सात सीपीएसई, जिन्हें ओएफएस के माध्यम से विनिवेश किया था, के संबंध में विनिवेशित शेयर औसत दैनिक ट्रेडिंग मात्रा की अपेक्षा संख्या में काफी अधिक थे कि तालिका 8.7 में दिखाया गया है। जो इन पाँच सीपीएसई में, दैनिक औसत ट्रेडिंग मात्रा के प्रतिशत के रूप में विनिवेशित मात्रा दैनिक ट्रेडिंग मात्रा के प्रतिशत के रूप में प्रस्तावित मात्रा से अधिक थी। इसके अलावा, वैकल्पित तंत्र के अनुमोदन के अनुसार, 80 *प्रतिशत* ओएफएस को गैर-खुदरा श्रेणी में आवंटित किया गया था और इसलिए सीमित श्रेणीकरण के साथ, ओएफएस को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए प्रयास करना डीआईपीएएम का कर्तव्य है।

अत: एसटीसी तथा एमएमटीसी के संबंध में डीआईपीएएम द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण स्वीकार्य नहीं है।

तालिका 8.7 : ओएफएस के अंतर्गत दैनिक ट्रेड मा्त्रा की प्रतिशत के अनुसार प्रस्तावित मात्रा और विनिवेशित मात्रा

सीपीएसई	2017-18 के दौरान औसत दैनिक ट्रेडिड मात्रा (बीएसई+ एनएसई)	ओएफएस हेतु प्रस्तावित मात्रा	प्रस्तावित मात्रा तथा दैनिक ट्रेडिड मात्रा के बीच अंतर (ग)-(ख)	दैनिक ट्रेडिड मात्रा के % के रूप में प्रस्तावित मात्रा (ग)/(ख)*100	ओएफएस के माध्यम से विनिवेशित मात्रा	दैनिक ट्रेडिड मात्रा के % के रूप में विनिवेशित मात्रा
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ) =(च)/(ख)*100
एसटीसी	369815	9000000	8630185	2434	--	
एमएमटीसी	2553447	149994790	147441343	5874	--	
एनएमडीसी	3846680	47458357	43611677	1234	79554641	2068
एनएलसी	691589	45857053	45165464	6631	76428421	11051
नालको	6348910	96646444	90297534	1522	178069927	2804
हिंद कोपर	3005198	37008720	34003521	1231	63172849	2102
आरसीएफएल	4949451	27584405	22634954	557	27584405	557
एनएफएल	1400751	73586760	72186009	5253	73586760	5253
एनटीपीसी	6856984	412273220	405416236	6012	548049960	7992

इसके अतिरिक्त एमएमटीसी तथा एसटीसी की शेयर कीमत की प्रवृति को ***परिशिष्ट-XXVIII*** में दर्शाया गया है। यह भी देखा जा सकता है कि एसटीसी के शेयर की कीमत,09.01.2017 को ₹ 239.85 की अधिकतम शेयर कीमत के साथ 01.01.2017 से 25.01.2017 के दौरान ₹ 200 से ऊपर रही। हालांकि, डीआईपीएएम ने सबसे अच्छी कीमत पर शेयरों को बेचने के अवसर का उपयोग नहीं किया। इसके बाद गिरावट की प्रवृति देखी गई। तथापि, यह भी देखा जा सकता है कि सीसीईए द्वारा निर्धारित समयसीमा के अंतिम दिन अर्थात 21.08.2017 के बाद भी एसटीसी शेयर की बाजार कीमत ने 07.11.2017 को ₹ 280.70 की अधिकतम कीमत के साथ 02.11.2017 से 17.11.2017 के दौरान ₹ 200 प्रति शेयर से अधिक पर फिर से ट्रेड किया। इस बार भी डीआईपीएएम इस अवसर का लाभ नहीं उठा सका।

एमएमटीसी की शेयर कीमत में भी समान पद्धति देखी गई थी। एमएमटीसी शेयर ने 12.01.2017 को ₹ 71.45 की अधिकतम शेयर कीमत के साथ जनवरी 2017 से जून 2017 तक (अर्थात सीसीईए द्वारा अनुमोदित अंतिम तिथि 21.08.2017 से पूर्व) कई बार ₹ 60 से अधिक पर ट्रेड किया था। इसके अलावा, सितम्बर 2017 से जनवरी 2018 (अर्थात अंतिम तिथि 21.08.2017 के बाद) तक कई अवसरों पर एमएमटीसी शेयर ने 07.11.2017 को ₹ 95.75 की अधिकतम कीमत के साथ ₹ 60 से अधिक पर ट्रेड किया था। इस बार भी डीआईपीएएम अवसर का लाभ नहीं उठा सका।

एमएमटीसी/ एसटीसी के संबंध में शेयर की ट्रेड मात्रा के लेखापरीक्षा विश्लेषण और स्माल कैप, मिड कैप और लार्ज कैप सूचकांक की बाजार प्रवृति से पता चला कि अनेकों अवसर थे जब शेयर को बाजार में बेचा जा सकता था। हालांकि डीआईपीएएम ने शेयर को सर्वोचित मूल्य पर बेचने के अवसर का लाभ नहीं उठाया।

8.5.3 कर्मचारियों के ओएफएस के माध्यम से विनिवेश से उद्ग्रहण

वर्ष 2017-18 के दौरान पाँच सीपीएसई (छः बार) में कर्मचारियों के ओएफएस (ईओएफएस) के माध्यम से विनिवेश से ₹ 315.21 करोड़ उद्ग्रहीत किए थे जैसा कि तालिका 8.8 में दिया गया है।

तालिका 8.8: 2017-18 के दौरान ईओएफएस के माध्यम से विनिवेश उद्ग्रहण

सीपीएसई का नाम	भारत सरकार की शेयरधारिता के विनिवेश की प्रतिशतता	विनिवेश से प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में)	विनिवेश के बाद भारत सरकार की शेयर धारिता की प्रतिशतता
हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	0.07	3.73	82.88
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	0.25	79.51	67.94
एनटीपीसी लिमिटेड	0.12	151.14	62.99
हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड	0.0064	0.36	76.046
नेशनल अल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड	0.40	50.51	64.96
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड	0.21	29.96	74.29
	कुल	**315.21**	

8.5.4 कर्मचारियों के ओएफएस से अपेक्षित उद्ग्रहण की प्राप्ति न होना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा 18 जुलाई 2012 को ओएफएस पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए थे। इन दिशानिर्देशों के अनुसार, ओएफएस के संव्यवहार से 12 सप्ताह की शांत अवधि के बाद ईओएफएस किया जाना था। कर्मचारियों द्वारा अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ओएफएस की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने के लिए ओएफएस के बाद प्रमोटर द्वारा शेयरों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित मौजूदा प्रावधानों को सेबी द्वारा क्रमश: 27 जून 2017 और 18 अगस्त 2017 के इसके परिपत्रों द्वारा आशोधित किया गया था। अन्य बातों के साथ-साथ यह ऐसी कंपनियों के कर्मचारियों को ओएफएस संव्यवहार की तिथि से 2 सप्ताह की अवधि में शेयर बेचने के लिए प्रमोटरों को अनुमति देता है। कर्मचारियों के ओएफएस को ओएफएस संव्यवहार का भाग बनाया जाना था और सीपीएसई के सभी पात्र कर्मचारियों को शेयरों के आबंटन की अनुमति इस शर्त के अंतर्गत दी गई थी कि आबंटन आकार ओएफएस के निर्गमन आकार के अधिकतम 5 प्रतिशत तक होगा।

निम्नलिखित तीन मामलों में ईओएफएस को ओएफएस संव्यवहार की समाप्ति के पश्चात कार्यान्वित नहीं किया जा सका था। कर्मचारियों के ओएफएस के माध्यम से अपेक्षित उद्ग्रहण तालिका 8.9 में दिया गया है।

तालिका 8.9: ईओएफएस से अपेक्षित उद्ग्रहण

सीपीएसई का नाम	सीसीईए के अनुमोदन की तिथि	ओएफएस पूर्णता की तिथि	कर्मचारी श्रेणी को आबंटित शेयरों की संख्या	छूट कीमत / शेयर	अपेक्षित उद्ग्रहण (₹ करोड़ में)
एनएमडीसी	19/2/2015	9/10.01.2018	3977732	145.83	58.01
आरसीएफएल	13/5/2015	29/30.6.2017	68961	70.53	0.49
एनएफएल	13/5/2015	26/27.07.2017	551900	69.16	3.82
				कुल	**62.32**

आरसीएफएल और एनएफएल ईओएफएस को ओएफएस के दो सप्ताह के अंदर क्रियान्वित नहीं कर सके थे क्योंकि डीआईपीएएम सेबी से आग्रह कर रहा था कि

कर्मचारी ओएफएस को ओएफएस का भाग न माना जायें।परन्तु सेबी ने डीआईपीएएम के आग्रह को स्वीकार नहीं किया। इस प्रकार आरसीएफएल और एनएफएल ईओएफएस दो सप्ताह की अवधि में समय के अभाव के कारण पूर्ण नहीं हो सके थे और लंबित प्रार्थना सेबी के विचाराधीन थी।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि एनएमडीसी लिमिटेड के संबंध में, एनएमडीसी ने डीआईपीएएम को सूचना दी (15 जनवरी 2018) कि वह सुदूर क्षेत्रों में खनन प्रचालन कर रहे थे और इक्विटी शेयर प्राप्त करने हेतु पात्र अधिकतर कर्मचारी खदान क्षेत्रों में कार्यरत थे जिनकी इंटरनेट तक पहुँच सीमित थी। तद्नुसार, एनएमडीसी ने डीआईपीएएम को सूचना दी कि ईओएफएस का निर्गमन 25.01.2018 को या इसके पश्चात औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पूर्ण किया जाएगा तथा तत्पश्चात डीआईपीएएम को सूचना दी (जुलाई 2018) कि चूंकि कंपनी की शेयर कीमत में काफी गिरावट आ गई थी, अत: ईओएफएस के संव्यवहार कर्मचारियों के सर्वोत्तम हित में नहीं किए जा सके।

डीआईपीएएम ने उत्तर दिया (मार्च 2019) कि ईओएफएस में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को डीमेट खाता खोलना था और डीमेट खोलने में लिया गया समय 2 सप्ताह से ज्यादा था जबकि सेबी मानकों के अनुसार कर्मचारियों के ओएफएस का निर्धारित समय दो सप्ताह था। अत:, सीपीएसई के कर्मचारी निर्धारित समय में शेयर सब्स्क्राइब करने में समर्थ नहीं थे और इसी बीच, चूंकि कर्मचारियों को प्रस्तावित कीमत एनएमडीसी के शेयर के बाजार मूल्य से अधिक थी, अत: किसी भी कर्मचारी ने रूचि नहीं दिखाई।

डीआईपीएएम ने पूर्व उत्तर को दोहराते हुए बताया कि (जून 2019) कोल इंडिया लिमिटेड से संबंधित अन्य मामलें में सेबी ने कर्मचारी प्रस्ताव को 2 सप्ताह में पूर्ण करने के अनुबद्ध से छूट प्रदान करने के प्रस्ताव की स्वीकृति नहीं दी थी। इस कारण से एनएमडीसी कर्मचारी ओएफएस को डीआईपीएएम सचिव का अनुमोदन लेने के पश्चात बन्द किया था।

डीआईपीएएम का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि एनटीपीसी लि. के संबंध में (भारत सरकार के हिस्से के 5 प्रतिशत के विनिवेश हेतु) ओएफएस 29 अगस्त 2017 को शुरू किया गया था और 30 अगस्त 2017 को पूरा हुआ था। इसके अलावा, एनटीपीसी से

ईओएफएस को 11 सित्मबर, 2017 से 13 सित्म्बर, 2017 अर्थात ओएफएस के 2 सप्ताह तक खुला रखा गया था। डीआईपीएएम की प्रतिक्रिया मान्य नहीं थी क्योंकि उन कर्मचारियों, जिनके पास इस ओएफएस की तिथि को डीमेट खाता नहीं था, की प्रतिशतता की सूचना का अभाव था जबकि कर्मचारी जिनके पास डीमेट खाते थे कर्मचारी ओएफएस में भागीदारी का अवसर प्राप्त नहीं कर पायें।

कोल इंडिया लिमिटेड के मामले में सेबी की अस्वीकृति एनएमडीसी लिमिटेड के बारे में टिप्पणी से संबंधित की गई थीं। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी लिमिटेड के मामले में, कर्मचारी प्रस्ताव को 2 सप्ताह में पूर्ण करने के अनुबन्ध से छूट के प्रयास संबंधी सेबी से पत्राचार के कोई भी संकेत लेखापरीक्षा को उपलब्ध कराए गये अभिलेखों में नहीं थे।इस मामले में डीआईपीएएम ने एनएमडीसी कर्मचारी ओएफएस को बन्द कर दिया। इससे सूचित हुआ कि डीआईपीएएम की ओर से समयोचित कार्रवाई का अभाव था।

इस प्रकार उपरोक्त तीन सीपीएसई के संबंध में ईओएफएस न करने के कारण सेबी के दिशानिर्देशों का अननुपालन हुआ और भारत सरकार के ₹ 62.32 करोड़ के अपेक्षित उद्ग्रहण ने मूर्त रूप नहीं लिया।

8.6 शेयरों की वापसी खरीद

8.6.1 शेयरों की वापसी खरीद के माध्यम से विनिवेश से उद्ग्रहण

